निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, बुधवार, 29 अप्रैल 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 339 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




सीके अनिल को बिहार राज्य योजना परिषद की जिम्मेदारी

## ट्रिपल मर्डर से सनसनी: दो मासूम बच्चों सहित महिला की हत्या



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर**। जिले के कांटी थाना क्षेत्र अंतर्गत पानापुर करियात के शहबाजपुर गांव में मंगलवार को एक ही परिवार के तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या से सनसनी फैल गई। पुलिस ने एक कमरे से महिला और उसके दो मासूम बच्चों के शव बरामद किए हैं। मृतकों की पहचान रीता देवी (30), पुत्री वैष्णवी (2) और पुत्र कन्हैया (3) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मृतका का पति मिठाई लाल शाह, जो पेशे से कैटरिंग का काम करता है, सोमवार रात अपने भाई के साथ बारात में गया हुआ था। देर रात करीब साढ़े तीन बजे जब वह घर लौटा तो मुख्य दरवाजा बाहर से बंद मिला। किसी तरह अंदर पहुंचने पर उसने कमरे में पत्नी और दोनों बच्चों के शव बिस्तर पर पड़े देखे, जिससे उसके होश उड़ गए। मौके पर एक रस्सी भी बरामद हुई है। पति का आरोप है कि तीनों की गला घोंटकर हत्या की गई है। बताया गया कि दंपति के चार बच्चे हैं। घटना के समय दो छोटे बच्चे मां के साथ उसी कमरे में थे, जबकि अन्य दो बच्चे अपनी दादी उर्मिला देवी के साथ दूसरे कमरे में सो रहे थे, जिससे उनकी जान बच गई। परिजनों ने इस वारदात के पीछे जमीन विवाद को कारण बताया है। मृतका की सास उर्मिला देवी ने गांव के कुछ लोगों पर आरोप लगाते हुए कहा कि लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था और आरोपियों द्वारा परिवार को पहले भी धमकियां दी गई थीं।

घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी पश्चिमी सुचित्रा कुमारी मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू कराई। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# झारखंड में 1 मई से पहला चरण में होगी जनसंख्या गणना

### डिजिटल स्व-गणना से शुरू होगी जनगणना 2027:

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। झारखंड में प्रस्तावित जनगणना 2027 की तैयारियां तेज हो गई हैं। राज्य के जनगणना निदेशक प्रभात कुमार ने मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसकी विस्तृत रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि राज्य में जनगणना प्रक्रिया का पहला चरण 1 मई 2026 से शुरू होगा। इस चरण में 1 से 15 मई तक नागरिक स्वयं अपने मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से स्व-गणना कर सकेंगे। संयुक्त निदेशक सतेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस बार जनगणना प्रक्रिया को अधिक व्यवहारिक और तकनीकी रूप से उन्नत बनाया गया है। डिजिटल माध्यम से स्व-गणना की सुविधा देने का उद्देश्य है कि लोग अपनी जानकारी स्वयं भर सकें, जिससे आंकड़ों का संकलन तेज और सटीक हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी सूचनाएं पूरी तरह गोपनीय रखी जाएंगी।



पहले चरण में हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सर्वे किया जाएगा। 16 मई से 14 जून 2026 के बीच प्रगणक घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण करेंगे। इस दौरान 34 कॉलम में कुल 33 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिसमें सामाजिक श्रेणियों से जुड़ी जानकारी भी शामिल होगी। प्रभात कुमार ने राज्यवासियों से अधिक से अधिक स्व-गणना में भाग लेने की अपील करते हुए भरोसा दिलाया कि पोर्टल पर दी गई सभी जानकारियां सुरक्षित रहेंगी। उन्होंने बताया कि जनगणना कार्य को गति देने के लिए देशभर में तीन सर्वर स्थापित किए गए हैं। दूसरे चरण में 9 फरवरी से 27 फरवरी 2027 के बीच जनसंख्या गणना की जाएगी, जिसमें जातिगत आंकड़े भी शामिल होंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 1 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2027 तक प्रशासनिक सीमाएं स्थिर (फ्रीज) रहेंगी। देशभर में करीब 35 लाख कर्मी इस कार्य में लगाए गए हैं, जबकि झारखंड में इनकी संख्या 77 हजार से अधिक है। जनगणना निदेशालय ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और नागरिकों से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है, ताकि भविष्य की योजनाओं के लिए सटीक और व्यापक आंकड़े उपलब्ध हो सकें।

## जनता दरबार से राहत की रफ्तार: एक दिन में सैकड़ों मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। जिला प्रशासन की पहल पर साप्ताहिक जनता दरबार आम लोगों के लिए बड़ी राहत का जरिया बनता जा रहा है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर मंगलवार को जिला के विभिन्न अंचल और प्रखंड कार्यालयों में आयोजित जनता दरबार में सैकड़ों आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया। इस दौरान राजस्व और जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देते हुए मौके पर ही समाधान किया गया, जिससे दूर-दराज से पहुंचे लोगों को तत्काल राहत मिली। मांडर प्रखंड में सुल्तान अंसारी और सुचिता तिर्की को वृद्धा पेंशन की स्वीकृति दी गई, वहीं खादी उरांव को आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत किया गया।

सोनाहातु अंचल में संतोष लोहरा को पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र मिला, जबकि करमी देवी के पंजी-2 में सुधार कर लगान रसीद जारी की गई। अनगड़ा अंचल में भी भूमि से जुड़े कई मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें पंजी-2 सुधार और प्लॉट संख्या दर्ज करने जैसे कार्य शामिल रहे। मांडर अंचल में प्रवीण कुमार को म्यूटेशन संबंधी शुद्धि पत्र और अजय उरांव के खाता में सुधार किया गया। आंकड़ों पर नजर डालें तो बेड़ो अंचल में सबसे अधिक 253 आवेदन निष्पादित हुए, जबकि नगड़ी में 206, रातू में 126 और अनगड़ा में 120 मामलों का समाधान किया गया। इसके अलावा बुढ़मू, मांडर, चान्हो, सिल्ली, खलारी, हेहल, राहे और ईटकी अंचलों में भी बड़ी संख्या में मामलों का निष्पादन हुआ। इन आवेदनों में आवासीय, जाति, आय प्रमाण पत्र, दाखिल-खारिज, पेंशन, केसीसी सत्यापन और पंजी-2 सुधार जैसे महत्वपूर्ण मामलों को प्राथमिकता दी गई।

रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन करें, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े और प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हो।

## बिहार में पांच लाख करोड़ निवेश लाने का लक्ष्य: सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। राजधानी पटना से सटे बिहटा में मंगलवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय द्वारा स्थापित अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने इस टेक्नोलॉजी सेंटर को बिहार के औद्योगिक विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रहा है और राज्य को समृद्ध बनाने के लिए एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बिहार में लगभग 1 करोड़ 86 लाख लोग एमएसएमई से जुड़े हैं और यह क्षेत्र करीब एक लाख करोड़ रुपये के बाजार का निर्माण कर चुका है। उन्होंने कहा कि अब बिहार देश की अर्थव्यवस्था में एक बड़े उपभोक्ता राज्य के रूप में उभर रहा है और जीएसटी योगदान के माध्यम से अपनी मजबूत भागीदारी दर्ज करा रहा है। मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में आधारभूत संरचना के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि आगामी एक वर्ष में बिहार में 5 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया जाए, जिससे




रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सरकार के तीन प्रमुख फैसलों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी ऐसे प्रखंडों में, जहां डिग्री कॉलेज नहीं हैं, वहां जुलाई माह से कॉलेज खोलने की योजना है, ताकि छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े। इसके अलावा, 533 प्रखंडों में एक-एक मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सके। तीसरे निर्णय के तहत "सहयोग कार्यक्रम" की शुरुआत की जाएगी, जिसमें प्रत्येक माह दो कैंप आयोजित कर प्रखंड, अंचल और थाना स्तर की समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इन पहलों से बिहार के विकास को नई दिशा मिलेगी।

## बिहार में कार्यपालक अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**भागलपुर/नबिटा संवाददाता**। बिहार के भागलपुर जिले में मंगलवार को अपराधियों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए सुल्तानगंज नगर परिषद कार्यालय में दिनदहाड़े गोलीबारी कर दी। इस हमले में कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण प्रसाद की मौत हो गई, जबकि नगर परिषद के सभापति राज कुमार गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय सभापति और कार्यपालक पदाधिकारी अपने कक्ष में मौजूद थे तथा कार्यालय में अन्य कर्मचारी और स्टैंडिंग कमिटी के सदस्य भी उपस्थित थे। इसी दौरान बाइक सवार तीन से पांच अपराधी अचानक कार्यालय परिसर में घुस आए और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की आवाज से पूरे कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शी रंजीत कुमार ने बताया कि गोलीबारी के बाद दोनों अधिकारी गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। इसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भेजा गया, जहां रास्ते में ही कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण प्रसाद ने दम तोड़ दिया।




# उपायुक्त ने तैयारियों एवं पूर्व बैठक के अनुपालन समेत अन्य विषयों पर की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**खूंटी।** उपायुक्त श्री सौरभ कुमार भुवानिया द्वारा दिनांक-09.05.2026 को प्रस्तावित जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक, जिसकी अध्यक्षता माननीय सांसद खूंटी लोकसभा क्षेत्र श्री कालीचरण मुण्डा द्वारा की जाएगी, के सफल आयोजन हेतु सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बिंदुवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित इस बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा दिनांक-22.12.2025 को आयोजित पूर्व बैठक की कार्यवाही के अनुपालन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन की अद्यतन जानकारी ली गई। समीक्षा के क्रम में खरछढ़र, मुआवजा भुगतान, पेयजल एवं स्वच्छता, जल पथ प्रमंडल, लघु सिंचाई, सहकारिता, आपूर्ति, विद्युत, कृषि, शिक्षा, पंचायतीराज, स्वास्थ्य, एनएच, राजस्व, खेल, कल्याण, नगर पंचायत एवं परिवहन सहित अन्य विभागों से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई। जिन विभागों द्वारा अब तक निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है तथा कोई ठोस कारण प्रस्तुत नहीं किया गया है, उन विभागों के पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए अविलंब शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता एवं नगर पंचायत के सिटी मैनेजर को आपसी समन्वय के साथ जिले में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा खराब चापाकलों की समय मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजनों के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर को सक्रिय रखने एवं शिकायत प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा, ताकि गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। नगर पंचायत क्षेत्र में कचरा के नियमित उठाव एवं समुचित प्रबंधन को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सिटी मैनेजर को निर्देशित किया कि प्रत्येक घर से नियमित कचरा संग्रहण सुनिश्चित करते हुए कचरा प्रबंधन की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन से चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता की जानकारी ली गई। जिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की संख्या अधिक है, वहां अतिरिक्त चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति पर विचार किया गया। साथ ही विद्यालयों में बच्चों के स्वास्थ्य स्क्रीनिंग हेतु जिला शिक्षा अधीक्षक एवं सिविल सर्जन को प्रत्येक तीन माह में एक बार स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिले के स्कूलों एवं कॉलेजों के जर्जर भवनों की सूची एवं रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, जिससे उनके जीर्णोद्धार की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

बैठक में किसानों को समय पर बीज उपलब्ध कराने एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों तक समय पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए। कल्याण विभाग अंतर्गत स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीसीएलआर सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# फूड पॉइजनिंग कांड पर विधायक ने अस्पताल से गांव तक संभाली कमान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में हाल ही में हुई फूड पॉइजनिंग की घटना के बाद हालात का जायजा लेने गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन खुद मैदान में उतर गईं। उन्होंने पहले सदर अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों का हाल जाना और फिर प्रभावित गांव का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की सदर अस्पताल में विधायक ने एक एक मरीज से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

**■ मरीजों से मुलाकात, गांव पहुंचकर दिया भरोसा सरकार हर पीड़ित के साथ**



इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों से इलाज की पूरी स्थिति की समीक्षा करते हुए सख्त निर्देश दिया कि किसी भी मरीज के इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रभावित लोगों को बेहतर से बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाए विधायक कल्पना सोरेन ने स्पष्ट शब्दों में कहा, ह्लसभी प्रभावित लोगों का बेहतर इलाज सुनिश्चित किया जा रहा है, सरकार पूरी तरह से उनके साथ है अस्पताल निरीक्षण के बाद वे सीधे प्रभावित गांव पहुंचीं, जहां पीड़ित परिवारों से मिलकर उनका हाल जाना और उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने और प्रभावित लोगों तक हर जरूरी मदद तुरंत पहुंचाने के निर्देश दिए इस दौरान झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे फिलहाल प्रशासन की निगरानी में सभी मरीजों का इलाज जारी है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। विधायक के दौरे के बाद राहत कार्य में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनता दरबार में सुनी गईं आमजनों की समस्याएं, त्वरित समाधान के निर्देश

**गिरिडीह (नबिटासं)।** जिले में सुशासन और जनहित को प्राथमिकता देते हुए उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने जनता दरबार में आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान



जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ, पेयजल संकट, आवास, पेंशन, राशन कार्ड समेत कई मुद्दों को उठाया उप विकास आयुक्त ने प्रत्येक आवेदक की बात को संवेदनशीलता और धैर्यपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं का समयबद्ध निष्पादन प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करें तथा गंभीर मामलों में स्थल निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन करते हुए शीघ्र समाधान प्रस्तुत करें। साथ ही योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर बल देते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा इस अवसर पर जिला नजारत उप समाहर्ता आशुतोष ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

### अमृत सरोवर के नाम पर हुई करोड़ों की लूट की जांच हो : राजेश यादव

**गिरिडीह (नबिटासं)।** गांडेय पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक राजेश यादव ने अमृत सरोवर योजना के नाम पर करोड़ों रुपए की कथित लूट को गंभीर बताते हुए उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है गांडेय प्रखंड अंतर्गत पंडरी पंचायत के बुटवरिया के समीप बनाए गए अमृत सरोवर का जायजा लेने के बाद उन्होंने कहा कि यह योजना जमीनी स्तर पर अपनी मंशा से भटक गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि ह्लइस महत्वाकांक्षी योजना के नाम पर केवल लूट हुई है, जो स्थानीय किसानों और आम जनता के साथ बड़ा धोखा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि सरोवर में वर्तमान समय में पानी नहीं है और इसकी संरचना को देखकर स्पष्ट प्रतीत होता है कि निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं बरती गई हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसियों से लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों तक की मिलीभगत से इस योजना में गड़बड़ी हुई है राजेश यादव ने कहा कि इस मामले को लेकर संगठन की ओर से जिले के उपायुक्त समेत अन्य संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत दी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे इस तरह की कथित लूट और भ्रष्टाचार के खिलाफ संगठित होकर अपनी आवाज बुलंद करें, ताकि भविष्य में ऐसी योजनाओं का लाभ सही रूप में जनता तक पहुंच सके।

### गिरिडीह में भीषण गर्मी के बीच राहत : न्यायालय परिसर में पानी व ओआरएस का वितरण

**गिरिडीह (नबिटासं)।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए राहत कार्य चलाया जा रहा है प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मार्तंड प्रताप मिश्रा के निर्देश एवं सचिव श्री सफदर अली नैयर के नेतृत्व में व्यवहार न्यायालय परिसर में सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले पक्षकारों के लिए ठंडा पीने का पानी और ओआरएस घोल का वितरण किया गया सिर्फ न्यायालय परिसर ही नहीं, बल्कि जिले के विभिन्न स्थानों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों, रेहड़ी-पटरी वालों और मजदूरों के बीच भी पानी एवं ओआरएस का वितरण किया गया जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पारा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी ) द्वारा यह अभियान लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में चलाया जा रहा है, जिससे गर्मी से राहत पहुंचाई जा सके इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सिविल सर्जन गिरिडीह एवं पारा लीगल वॉलंटियर्स का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### झारखंड के माइका उद्योग को नई दिशा देने की पहल: कोडरमा गिरिडीह के मुद्दों पर अहम बैठक

**रांची (नबिटासं)।** कोडरमा सांसद सह केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड के माइका उद्योग से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी से महत्वपूर्ण मुलाकात की। इस दौरान संबंधित मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।बैठक में कोडरमा एवं गिरिडीह क्षेत्र में माइका उद्योग की वर्तमान स्थिति, उससे जुड़े श्रमिकों की समस्याएं, माइका एसोसिएशन और वर्कर एसोसिएशन की मांगों सहित उद्योग के समग्र विकास पर विस्तृत चर्चा की गई। दोनों मंत्रियों ने इस बात पर सहमति जताई कि माइका क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों उद्योग प्रतिनिधियों, श्रमिक संगठनों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ जल्द ही नई दिल्ली में एक व्यापक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें ठोस एवं स्थायी समाधान पर विचार किया जाएगा केंद्र सरकार माइका खनन को पारदर्शी, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही श्रमिकों के हितों की सुरक्षा, रोजगार के अवसरों में वृद्धि और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने पर विशेष जोर दिया जाएगा इस पहल को झारखंड के माइका बेल्ट, विशेषकर कोडरमा और गिरिडीह के लिए एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है, जिससे न केवल उद्योग को नई गति मिलेगी बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

# गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग, राष्ट्रपति को भेजा आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** गौमाता को ह्वराष्ट्रमाताह्व का दर्जा देने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक औपचारिक आवेदन भेजा गया है। इस आवेदन में देश की सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक परंपराओं का हवाला देते हुए गाय को राष्ट्रीय सम्मान देने की अपील की गई है आवेदन में कहा गया है कि भारत एक कृषि प्रधान और आध्यात्मिक देश है, जहां प्राचीन काल से गाय को माता के रूप में पूजा जाता रहा है। पत्र में शास्त्रों का उल्लेख करते हुए गाय को ह्वविश्व की माताह्व बताया गया है और इसे भारतीय संस्कृति व सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण आधार बताया गया है मांग के समर्थन में कई बिंदु रखे गए हैं। इसमें कहा गया है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था काफी हद तक गोवंश पर निर्भर है और गोबर व गोमूत्र से बनी जैविक खाद कृषि के लिए लाभकारी है। साथ




ही आयुर्वेद में पंचगव्य को औषधीय गुणों से भरपूर बताया गया है। पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से भी गोपालन और गोवंश संरक्षण को आवश्यक बताया गया है।आवेदन में यह भी कहा गया है कि गौमाता को ह्वराष्ट्रमाताह्व का दर्जा देने से न केवल सांस्कृतिक विरासत को मजबूती मिलेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों में जीव-जंतुओं के प्रति दया और संरक्षण की भावना भी विकसित होगी।यह आवेदन अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के विभाग अध्यक्ष रितेश पाण्डेय द्वारा भेजा गया है। उन्होंने राष्ट्रपति से इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की अपील की है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला अनुमोदन समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय खूंटी, अड़की, रनिया, मुरहू, कर्रा, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय तोरपा एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय खूँटी में छात्राओं के नामांकन से संबंधित जिला अनुमोदन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त श्री सौरभ कुमार भुवानिया ने की। बैठक में माननीय सांसद प्रतिनिधि, माननीय विधायक प्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, संबंधित विद्यालयों की वॉर्डन एवं समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान समिति द्वारा नामांकन के लिए प्राप्त आवेदनों की गहन समीक्षा की गई। विद्यालयों में रिक्त सीट की जानकारी लेते हुए आवेदन की समीक्षा उपरांत समिति ने सर्वसम्मति से योग्य छात्राओं के नामांकन हेतु आवेदनों को अनुमोदित किया। यह निर्णय विद्यालयों में समय पर शत-प्रतिशत योग्य छात्रों के नामांकन को सुनिश्चित करने तथा आगामी शैक्षणिक सत्र में पठन-पाठन को व्यवस्थित रूप से प्रारंभ कराने की दृष्टि से लिया गया। उपायुक्त ने कहा कि विद्यालयों में कोई भी सीट खाली ना रहे, सभी योग्य बच्चों का नामांकन हो, यह सुनिश्चित किया जाए। विद्यालयों की वार्डन एवं बीईओ को आपसी समन्वय के साथ अनुमोदित छात्राओं का नामांकन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने एवं जल्द सेशन चालू करते हुए विद्यालय में पठन-पाठन प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

# भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशासन अलर्ट, अग्निकांड रोकथाम के लिए जारी किए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए संभावित अग्निकांड की घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय हो गया है। उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देश पर अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

इस क्रम में अग्निशमन विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जिले के सभी अग्निशमन केंद्रों के संपर्क नंबरों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए, जिससे आमजन आपातकालीन स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें जारी किए गए प्रमुख संपर्क नंबर फायर



स्टेशन, गिरिडीह 9304953450 फायर स्टेशन, खोरीमहुआ 6201750882 नियंत्रण कक्ष, रांची - 112 उपायुक्त ने अग्निशमन पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी उपकरणों, वाहनों और संसाधनों की नियमित जांच कर उन्हें पूरी तरह कार्यशील रखा जाए। साथ ही अग्निशमन कर्मियों को हर समय सतर्क रहने को कहा गया है, ताकि किसी भी घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके प्रशासन ने आमजनों को भी जागरूक करते हुए अपील की है कि गैस सिलेंडर, बिजली के उपकरणों और ज्वलनशील पदार्थों के उपयोग में विशेष सावधानी बरतें। छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है उपायुक्त रामनिवास यादव ने नागरिकों से गर्मी के मौसम में अतिरिक्त सतर्कता बरतने और आग से संबंधित किसी भी घटना की सूचना तुरंत जारी संपर्क नंबरों पर देने की अपील की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अग्नि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी जिला प्रशासन ने दोहराया है कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और हर परिस्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है।

# फूड पॉइजनिंग पर सियासत तेज, जांच और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बजटों गांव में गुपचुप खाने से हुई फूड पॉयजनिंग की घटना को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रिया तेज हो गई है। माले नेता राजेश सिन्हा ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए सदर अस्पताल की व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं राजेश सिन्हा ने कहा कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग पर निशाना साधते हुए कहा कि सिर्फ ह्लरिल्सह्व बनाने से वास्तविक सुधार नहीं होगा, बल्कि अस्पतालों में डॉक्टर, स्टाफ और जांच सुविधाओं को बढ़ाने की जरूरत है।बताया गया कि सिन्हा बीती रात 12 बजे से 2



बजे तक सदर अस्पताल में मौजूद रहे और पीड़ित ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि अफरा-तफरी के समय वे गिरिडीह से बाहर थे, लेकिन लौटकर उन्होंने हर प्रभावित परिवार से बात की।

इस दौरान एक बच्चे की मौत पर दुख जताते हुए उन्होंने कहा कि यदि 108 एंबुलेंस में पर्याप्त सुविधाएं होतीं, तो शायद जान बचाई जा सकती थी उन्होंने यह भी बताया कि घटना के समय कई लोग बीमार थे, जिनमें दो बच्चों की हालत गंभीर थी। स्थिति को संभालने के लिए डॉक्टरों की टीम को दोबारा बुलाया गया और लगातार निगरानी रखी गई। वर्तमान में भी करीब 20-25 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि 8-10 लोगों को इलाज के बाद छुट्टी दी जा चुकी है सिन्हा ने राज्य सरकार से मांग की कि गिरिडीह सदर अस्पताल में सर्जन और फिजिशियन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और स्वास्थ्य मंत्री को स्वयं आकर स्थिति का जायजा लेना चाहिए। हालांकि उन्होंने जिला प्रशासन और उपायुक्त के नेतृत्व में किए गए प्रयासों की सराहना भी की खाद्य सुरक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि फूड इंस्पेक्टर को स्वतंत्र रूप से जांच करनी चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि गुपचुप में इस्तेमाल सामग्री संदिग्ध हो सकती है, जिसकी जांच जरूरी है अंत में उन्होंने आम लोगों से अपील की कि बाहर खाने-पीने में सावधानी बरतें। साथ ही बजटों गांव के पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में सभी सामाजिक और राजनीतिक संगठन उनके साथ खड़े हैं।

# बजटों गांव में फूड पॉयजनिंग से हड़कंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बजटों गांव में फूड पॉयजनिंग की एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां गोलगप्पा खाने के बाद कई बच्चे बीमार पड़ गए। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में एक बच्चे की मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है घटना के बाद सभी बीमार बच्चों को आनन फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

आज जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल पहुंचकर इलाजरत बच्चों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। हालांकि जिला प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है और इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने का दावा कर रहा है, लेकिन जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि मृतक के परिजनों को प्रावधान के तहत शीघ्र मुआवजा दिया जाए। साथ ही अस्पताल में भर्ती बच्चों के लिए बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष गिरिडीह महानगर रंजीत राय, सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, बार एसोसिएशन के सचिव चुन्नू कांत, प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा, जिला मंत्री सुरेश मंडल, बजटों के मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र वर्मा, पंचायत समिति सदस्य घनश्याम वर्मा, पूर्व मुखिया दिलचंद वर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। फिलहाल पूरे मामले ने प्रशासन की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, वहीं ग्रामीणों में भी भय और आक्रोश व्याप्त है।

# करोड़ों की मशीन देखकर चौंक गए महापौर अरविन्द कुमार राणा

## हजारीबाग नगर निगम की लापरवाही उजागर, करोड़ों की मशीनें बेकार, सफाई व्यवस्था चरमराई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** शहर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था को लेकर हजारीबाग नगर निगम एक बार फिर सवालों के घेरे में है। हजारीबाग महापौर अरविन्द कुमार राणा ने दो दिन पहले हजारीबाग उपायुक्त हेमंत बेस के साथ औपचारिक मुलाकात में सह बैठक में यह साफ तौर पर स्वीकार किया गया कि शहर की सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं है।

शहर के कई इलाकों में फैली गंदगी न केवल प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करती है, बल्कि नगर निगम की कार्यशैली पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। मंगलवार को हजारीबाग महापौर अरविन्द कुमार राणा ने नगर निगम परिसर स्थित यार्ड के निरीक्षण में स्थिति और भी





चिंताजनक पाई गई। करोड़ों रुपये की लागत से खरीदी गई आधुनिक सफाई मशीनें—जैसे स्वीपिंग मशीन, टॉयलेट टैंक सफाई वाहन, टिपर, जेसीबी और डंपर—लंबे समय से अनुपयोगी स्थिति में खड़ी हैं और धीरे-धीरे कबाड़ में तब्दील होती जा रही हैं। हैरानी की बात यह है कि इनमें से कई वाहन मामूली मरम्मत के बाद फिर से उपयोग में लाए जा सकते हैं, लेकिन उनकी देखरेख के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। इतना ही नहीं, हाल ही में खरीदे गए नए ट्रैक्टर भी बिना चालक के यार्ड में खड़े-खड़े जंग खा रहे हैं। यह सवाल उठना लाजिमी है कि जब चालक की व्यवस्था ही नहीं थी, तो इनकी खरीद क्यों की गई? निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि तीन फॉगिंग मशीनों में से दो मामूली खराबी के कारण बंद पड़ी हैं, जिससे मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम पर भी असर पड़ रहा है। इसके अलावा कचरा उठाव के लिए खरीदे गए सैकड़ों डस्टबिन और फाइबर ट्रॉली भी अनुपयोगी स्थिति में पड़े हैं। इस पूरी स्थिति से यह स्पष्ट है कि नगर निगम के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है, बल्कि कमी है तो इच्छाशक्ति, समन्वय और जवाबदेही की। पिछले एक दशक में सफाई कर्मियों (सफाई मित्रों) की नई नियुक्ति नहीं की गई है, जबकि शहर का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। बताया जा रहा है कि सफाई कर्मियों के वेतन के लिए निर्धारित राशि का उपयोग भी अन्य कार्यों में किया गया, जिससे व्यवस्था और कमजोर हो गई।हजारीबाग समाजसेवी और विशेषज्ञों का मानना है कि यदि उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग किया जाए और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, तो हजारीबाग को स्वच्छ शहरों की सूची में शामिल किया जा सकता है। फिलहाल स्थिति यह है कि संसाधन होते हुए भी उनका लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है। जिला प्रशासन ने अब इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जवाबदेही तय करने के संकेत दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि सभी खर्चों की जांच की जाएगी और लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाने का भी जरूरत है।

# उपायुक्त ने की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि वे अपना प्रशिक्षण पलामू जिले से प्राप्त किये हैं।ऐसे में वे जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था से भलीभांति अवगत है।उन्होंने कहा कि आप सभी डॉक्टर्स हैं,जरूरतमंदों का उपचार, उनकी दवाई, उनका फॉलोअप सबकुछ आपकी जिम्मेदारी है। आपका कार्य बेहद महत्वपूर्ण है,ऐसे में आप सभी लोगों की सेवा करने का काम पूरे तन-मन से करें।

उन्होंने कहा कि एमएमसीएच में बिचौलिए, दलाल प्रवृत्ति के लोगों, फ्रॉड डॉक्टर्स एवं कमीशनखोरी से पूर्ण रूप से बचें। उन्होंने कहा कि 24घंटे मेरी नजर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर रहेगी।वे मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक में बोल रहे थे।बैठक में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा प्रस्तुत पीपीटी के आधार पर मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, टीबी नियंत्रण, एनसीडी स्क्रीनिंग समेत अन्य योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गयी।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में एएनसी की स्थिति संतोषजनक है, जहां मार्च 2026 तक लगभग 98 प्रतिशत महिलाओं का पहला एएनसी पंजीकरण किया गया है।इसी तरह जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिला है।जिले में कुल प्रसव में 96 प्रतिशत संस्थागत प्रसव हुए हैं।इसपर डीसी ने कहा कि अगली समीक्षा बैठक में यह 96 से बढ़ा हुआ दिखना चाहिये। बैठक में टीकाकरण कार्यक्रम,टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, एनसीडी आदि की जानकारी ली गयी। बैठक में डीसी ने



सिविल सर्जन डॉ अनिल से जिले में कुल सीएचसी की जानकरी ली एवं उसके पैरामीटर से भी अवगत हुए।सिविल सर्जन ने बताया कि 1.5 लाख से अधिक जनसंख्या वाले स्थानों पर सीएचसी का प्रावधान है।इसपर डीसी ने सिविल सर्जन को जिले में नए सीएचसी के निर्माण हेतु संबंधित प्राधिकार को चिट्ठी लिखने एवं समन्वय बनाने की बात कही। आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड निर्माण की समीक्षा में पाया कि जिले में कुल 48 प्रतिशत लाभुकों का ही कार्ड बन पाया है, जिसे बढ़ाने के निर्देश दिए गए।मौके पर सिविल सर्जन, एमएमसीएच के प्रिंसिपल, विभिन्न प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, बीपीएम आदि उपस्थित रहे।

## डीईओ ने किया ईवीएम-वेयर हाउस का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मंगलवार को ईवीएम-वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने इवीएम-वेयरहाउस का भौतिक अवलोकन किया साथ ही सुरक्षा से संबंधित आवश्यक पहलुओं, सीसीटीवी एवं अन्य उपकरणों की स्थिति और रख रखाव आदि की जांच की गयी।

उन्होंने संपूर्ण परिसर का भ्रमण कर जायजा लिया तथा विद्युत व्यवस्था,बैलेट यूनिट हॉल, अग्निशमन व्यवस्था,कमरों की सीलिंग,डबल लॉक की स्थिति एवं निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अन्य मानदंडों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू मौजूद रहीं।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने किया गढ़वा एलआरडीसी कार्यालय का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गढ़वा (पलामू)। प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय आज भूमि सुधार उप समाहर्ता (एलआरडीसी) कार्यालय, गढ़वा का औचक निरीक्षण कर राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में संधारित विभिन्न पंजियों, अभिलेखों एवं लंबित मामलों की स्थिति का जायजा लिया तथा कई पंजियां अद्यतन नहीं पाए जाने पर नाराजगी जतायीं। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सभी पंजियों को समयबद्ध तरीके से अद्यतन करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने सहायक एवं एलडीसी के सेवा पुस्त की जांच की। साथ ही सूचना का अधिकार पंजी, आगत-निर्गत पंजी सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों का अवलोकन कर उनकी अद्यतन स्थिति की जानकारी लीं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यालयी अभिलेखों का संधारण व्यवस्थित, पारदर्शी एवं अद्यतन रहना चाहिए, ताकि आमजनों को समय पर सेवाएं उपलब्ध हो सके।

प्रमंडलीय आयुक्त ने लंबित अपीलीय मामलों की समीक्षा करते हुए ई-रेवेन्यू कोर्ट के मामलों, दाखिल-खारिज के लंबित अपीलीय मामलों सहित अन्य राजस्व मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने अंचल कार्यालय एवं हल्का स्तर के कार्यों की भी जानकारी ली। राजस्व वसूली की

### रिकॉर्ड दुरुस्त रखने का दिया निर्देश

प्रगति की समीक्षा करते हुए पिछले वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के अनुरूप हुई वसूली की जानकारी ली तथा चालू वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य को समय पर प्राप्त करने हेतु तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने राजस्व वसूली में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया। आयुक्त ने रेंट फिक्सेशन, दखल-दिहानी, सर्टिफिकेट केस, कैंप कोर्ट एवं भूदान भूमि की वर्तमान स्थिति की भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने इन मामलों में लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने तथा जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रमंडलीय आयुक्त ने राजस्व से जुड़े सभी कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही के साथ कार्य करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को जनहित के मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने तथा अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा, गढ़वा के उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा भी उपस्थित रहे। मौके पर गढ़वा के भूमि सुधार उपसमाहर्ता रविश राज सिंह उपस्थित थे।

# कमरे से मां और दो मासूम की लाश बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मुजफ्फरपुर। जिले के कांटी थाना क्षेत्र के बाझिला गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक घर के कमरे में मां और उसके दो मासूम बच्चों के शव संदिग्ध हालत में मिले हैं। तीनों के शव एक रस्सी से बंधे हुए पाए गए, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। शव मिलने के बाद परिजनों में चीत्कार मच गया और गांव में मातम का माहौल बन गया।

परिजनों ने इस घटना को हत्या बताते हुए पट्टीदारों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया जा रहा है कि परिवार के बीच पहले से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवाद में आरोपियों ने घर में घुसकर इस वारदात को अंजाम दिया। मृतका के पति संतोष कुमार साह उर्फ मिठाईलाल साह ने बताया कि वह कल अपने एक भाई के साथ शादी के कैटरिंग के काम से बाहर गए हुए थे और देर रात तक वहीं रहे। सुबह जब घर लौटे तो दरवाजा बाहर से बंद मिला, जिससे उन्हें शक हुआ। दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे तो देखा कि उनकी पत्नी और दो मासूम बच्चों की हत्या कर दी गई है और तीनों को एक रस्सी से बांधकर रखा गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना को उनके पट्टीदारों ने अंजाम दिया है, जिनसे उनका पहले से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि पहले भी उनके परिवार को परेशान किया जाता रहा है। मृतका की गोतनी ने बताया कि सुबह उठने से पहले उनका कमरा भी बाहर से बंद था। किसी तरह दरवाजा खुलने के बाद जब बाहर निकलीं तो देखा कि रीता, वैष्णवी और कन्हैया की फंदे से मारकर हत्या कर दी गई है। उन्होंने भी इस घटना के लिए पट्टीदारों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि आरोपी घर में घुसकर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

## तपन कुमार घोष हुए सम्मानित



**खूंटी।** फिल्म निर्माता, चित्रकार, साहित्यकार, लेखक मूर्तिकार तपन कुमार घोष को रांची में आड्रे जाउस में आयोजित समारोह में झारखंड श्री अवार्ड से सम्मानित किया गया हैं उन्हें ताम्र पत्र में अंकित प्रसस्ती पत्र स्मृति चिह्न और अंग वस्त्र भी दिया गया। इस समारोह में रांची के संसद सह केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, रांची विधायक सीपी सिंह, राज्य सभा संसद महुआ माजी उपस्थित थे। झारखंड सरकार से खूंटी के तपन कुमार घोष को यह सम्मान मिलने पर डॉ. धर्मेन्द्र नाथ तिवारी मार्शल बार ला, जिला परिषद के मंजू देवी पंकज पांडेय, बिरसा लोह रा, जितेन्द्र पांडेय सहित कई गणमण्य लोगों ने श्री घोष को बधाई के साथ शुभ कामनायें दी।

# झारखण्ड से आई बारात पर हमला, सात घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जिले के बाढ़ थाना अंतर्गत दयाचक मोहल्ला में झारखंड के बोकारो सेक्टर-9 से एक बारात आई थी। बारात निकल रही थी और लोग डीजे की धुन पर नाच रहे थे। इसी दौरान अचानक कुछ असामाजिक तत्व भीड़ में घुस आए। इसके बाद बारातियों के साथ बदसलूकी शुरू हुई और देखते ही देखते मामला हिंसक हो गया।

घटना के दौरान लाठी-डंडे चलने लगे, जिसमें सात बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद अफरातफरी का माहौल बन गया। घायल लोगों को आनन-फानन में बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज शुरू किया गया। हमले और खून-खराबे की घटना देखकर दूल्हे ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद माहौल और तनावपूर्ण हो गया। विवाह समारोह रुक गया और दोनों पक्षों के बीच लंबे समय तक बातचीत और मनाने का दौर शुरू हुआ। लड़की पक्ष के लोग अस्पताल पहुंच गए और मंडप की जगह अस्पताल परिसर में ही शादी कराने का दबाव बनाने लगे। कभी मंदिर में शादी कराने की चर्चा हुई तो कभी सड़क पर हंगामे जैसी स्थिति बनी रही। हालात को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और अस्पताल के डॉक्टरों ने स्थिति संभालने की कोशिश की। इसी दौरान दुल्हन भी दूल्हे को लगातार समझाती रही। दोनों पक्षों को काफी देर तक समझाया-बुझाया गया। माहौल को शांत कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी प्रयास किए गए, ताकि विवाह की रस्में पूरी कराई जा सकें।

आखिरकार भारी हंगामे के बीच पुलिस के सहयोग से दूल्हे को वापस मंडप लाया गया। इसके बाद जल्दबाजी में जयमाला और सिंदूरदान की रस्में पूरी की गईं। विवाह संपन्न होने के बाद परिवार के लोगों ने राहत की सांस ली।

## रक्तदान शिविर 5 मई को

**हुसैनाबाद (पलामू)।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में 5 मई को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। अस्पताल प्रशासन ने इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला मुख्यालय स्थित रक्त केंद्र में खून की कमी को देखते हुए उपायुक्त और सिविल सर्जन के निर्देश पर यह पहल की गई है, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। शिविर की शुरूआत सुबह 11 बजे से होगी, जिसमें कोई भी स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान कर सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय थाना, प्रखंड प्रशासन और शिक्षण संस्थानों को भी सूचित किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एसके रवि ने कहा की रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी की जान बचा सकता है। युवाओं से अपील है कि वे आगे आकर इस पुनीत कार्य में भाग लें।

# कोयला खदान सुरक्षा पर हाईकोर्ट सख्त




### सरकार की रिपोर्ट पर जताई नाराजगी

***नवबिहार टाइम्स संवाददाता***

***रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने कोयला खदानों में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और उनके अधिकारों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। सोमवार को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की खंडपीठ ने राज्य के चीफ इंस्पेक्टर ऑफ फैक्ट्रीज को अगली सुनवाई में उपस्थित होने का निर्देश दिया है।*

*उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल के वर्षों में खदान मजदूरों की सुरक्षा और उनके जीवन के अधिकार को लेकर अत्यंत सख्त निर्देश जारी किए थे। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि खदानों में काम करने वालों का जीवन और स्वास्थ्य सर्वोपरि है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।*

*इसी कड़ी में सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी राज्यों के हाईकोर्ट को इस मामले की निगरानी करने का आदेश दिया था, जिसके तहत झारखंड हाईकोर्ट ने यह सुनवाई शुरू की है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से प्रमुख कोयला खदानों और कारखानों के निरीक्षण एवं सुरक्षा मानकों की समीक्षा रिपोर्ट अदालत में पेश की गई।*

*हालांकि खंडपीठ ने इस रिपोर्ट पर गहरा असंतोष व्यक्त किया। अदालत का मानना है कि जमीनी तौर पर मजदूरों की स्थिति और सुरक्षा मानकों के पालन में अब भी भारी कमी है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि मजदूरों को खतरनाक काम के दौरान सुरक्षा देने और उनके स्वास्थ्य की देखभाल के लिए अब तक क्या ठोस कदम उठाए गए हैं।*

*कोर्ट ने साफ तौर पर कहा कि खदानों में सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन हो, मजदूरों को इलाज की अच्छी सुविधाएं मिलें और अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। कोर्ट ने कहा कि ठेका मजदूरों को पक्का करने (नियमितीकरण), उन्हें तय न्यूनतम मजदूरी देने और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में क्या प्रगति हुई है, इसकी भी पूरी जानकारी दी जाए।*

*कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चीफ इंस्पेक्टर ऑफ फैक्ट्रीज को अगली तिथि पर अदालत में उपस्थित होकर यह बताने को कहा है कि अब तक इन दिशा-निर्देशों के क्रियान्वयन के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं।*

# उपायुक्त से मिले झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि,किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मेदिनीनगर स्थित समाहरणालय में पलामू के उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान मोर्चा के सदस्यों ने उपायुक्त को बुके भेंट कर सम्मानित किया।

मुलाकात के दौरान उपायुक्त श्री शेखावत ने आंदोलनकारियों के योगदान की सराहना करते हुए उनका कुशल-क्षेम पूछा और उनके कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति समर्पित ऐसे प्रयास सदैव प्रेरणादायी होते हैं।

इस अवसर पर मोर्चा के केंद्रीय महासचिव बिकेश शुक्ला ने आगामी माह मई में आयोजित होने वाले प्रमंडलीय सम्मेलन की विस्तृत जानकारी उपायुक्त को दी और उसमें



प्रशासनिक सहयोग की अपेक्षा जताई।

कार्यक्रम में प्रमंडलीय अध्यक्ष भद्गुल भुइयां, जिला अध्यक्ष चनरधन सिंह, केंद्रीय सचिव मुरारी पांडेय, केंद्रीय मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिंह, पाटन प्रखंड अध्यक्ष गणेश कुमार, असलम अंसारी, सरयू राम सहित कई अन्य आंदोलनकारी उपस्थित रहे।

मुलाकात का माहौल सौहार्दपूर्ण रहा और दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक संवाद हुआ।

## अवैध स्टोन चिप्स लदा हाइवा जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पलामू। हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बीती रात संयुक्त क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध स्टोन चिप्स लदे एक हाइवा को हुसैनाबाद के जेपी चौक के समीप से पकड़ा।अधिकारियों ने जय प्रकाश चौक से जेएच03एबी4408 नंबर के हाइवा को रोककर थाना लाया। जांच के दौरान चालक से वाहन एवं खनिज परिवहन से संबंधित वैध कागजात की मांग की गई, लेकिन चालक कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका. इसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर अंचल अधिकारी हुसैनाबाद पंकज कुमार ने वाहन को अग्रतर कार्रवाई के लिए भेज दिया । प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन एवं परिवहन में लगे लोगों में हड़कंप मच गया है।

# टेंडर विवाद में ईओ की गोली मारकर हत्या

### तनाव का माहौल, प्रशासन सतर्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**भागलपुर।** जिले से बड़ी खबर सामने आई है, जहां सुल्तानगंज में टेंडर विवाद के दौरान हुई गोलीबारी में बिहार सरकार के एक कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या कर दी गई है।

घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया है और प्रशासन सतर्क हो गया है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, टेंडर को लेकर विवाद के बीच अंधाधुंध फायरिंग हुई, जिसमें कार्यपालक पदाधिकारी की मौत हो गई। गोलीबारी में किसी अन्य अधिकारी के भी घायल होने की सूचना है, हालांकि उनकी मौत की अब तक पुष्टि नहीं हुई है।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। मौके पर पुलिस और प्रशासनिक टीम पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी है। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

फिलहाल पुलिस हमलावरों की पहचान, गोलीबारी के कारण और घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। प्रशासन की ओर से आधिकारिक विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

# तीन करोड़ की ठगी कर सीएसपी संचालक फरार

### ग्राहकों की रकम अपने परिवार वालों के खाते में कर देता था ट्रांसफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** जिले के रौटा थाना क्षेत्र से बैंकिंग धोखाधड़ी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक सीएसपी संचालक पर लगभग 300 खाताधारकों के खून-पसीने की कमाई हड़पने का गंभीर आरोप लगा है। अनुमान है कि यह घोटाला करीब 3 करोड़ रुपये से अधिक का है। घटना के खुलासे के बाद से ही आरोपी संचालक अपने पूरे परिवार के साथ पिछले 15 दिनों से फरार है। गुस्साए ग्रामीणों ने बैंक शाखा के पास एनएच-99 को करीब दो घंटे तक जाम रखा। सड़क जाम होने से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। अधिकारियों ने पीड़ितों को उचित कार्रवाई और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देकर जाम हटवाया।

ग्रामीणों ने बताया कि जुबैर आलम बैंकिंग सेवाओं के नाम पर लोगों को झांसे में लेता था। जब भी कोई ग्रामीण पैसे निकालने या जमा करने आता, तो वह तकनीकी खराबी या सर्वर डाउन का बहाना बनाकर उनसे बार-बार बायोमैट्रिक (अंगूठा) लगवाता था। इसी दौरान वह मोबाइल और नेट बैंकिंग का अवैध इस्तेमाल कर चुपके से उनके खातों से पैसे उड़ा लेता था। आरोप है कि ठगी गई यह भारी-भरकम राशि जुबैर ने सीधे तौर पर अपने बेटे इंतेशार आलम, पत्नी रूमी नाज, दामाद परवेज आलम और अन्य करीबियों के बैंक खातों में ट्रांसफर की। इस सुनियोजित साजिश का पता तब चला जब खाताधारक अपनी पासबुक अपडेट कराने मुख्य बैंक शाखा पहुंचे।

## उग्र लोगों ने किया घंटों एनएच-99 जाम

इस ठगी का शिकार अधिकतर गरीब तबके के लोग हुए हैं। पीड़िता सुबांगी बेगम के खाते से 14 लाख 57 हजार रुपये गायब मिले, जिसे सुनकर वह बदहवास हैं। वहीं निकहत परवीन, मधु कुमारी, बीबी नाजमीन, सोहागी बेगम और मो. रज्जाक जैसे सैकड़ों लोगों की जमा पूंजी लूट ली गई है।

ग्रामीणों ने इस मामले में बैंक के बड़े अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका भी जताई है। न्याय की मांग को लेकर गुस्साए ग्रामीणों ने बैसा शाखा के पास एनएच-99 (बहादुरगंज-बायसी मार्ग) को करीब दो घंटे तक जाम रखा। सड़क जाम होने से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही एसडीओ अभिषेक रंजन, एसडीपीओ जितेंद्र पांडेय और रौटा थानाध्यक्ष भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने पीड़ितों को उचित कार्रवाई और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देकर जाम हटवाया।

रौटा थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फिलहाल ठगी की सटीक राशि का आकलन करने के लिए बैंक स्टेटमेंट खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार, फरार जुबैर आलम और उसके परिजनों की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापामारी की जा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच हो ताकि उनकी डूबी हुई रकम वापस मिल सके।

## ट्रक ने तीन को रौंदा

**मुंगेर।** जिले के जहां मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेलिया तलाब पेट्रोल पंप के पास एक वाहन ने सड़क किनारे मौजूद तीन लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। बताया जाता है कि तेलिया तलाब पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे एक गैरेज के निकट एक कंटेनर का चक्का मिस्त्री और उसका हेल्पर निकाल रहे थे।

# रोजगार सेवकों की समस्याओं का समाधान समय की मांग : गोपाल सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला कांग्रेस प्रवक्ता गोपाल सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से अनुरोध किया है कि राज्य के रोजगार सेवकों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक, गंभीरता से और संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ विचार करने की कृपा करें। उन्होंने कहा कि रोजगार सेवक लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं और उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल समय की मांग है। गोपाल सिंह ने कहा कि प्रखंड और पंचायत स्तर पर चलने वाली अनेक योजनाओं के संचालन में रोजगार सेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहती है।

गांवों में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने, लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा



प्रशासनिक कार्यों में सहयोग देने में उनका योगदान लगातार सराहनीय रहा है। ग्रामीण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है।

उन्होंने कहा कि रोजगार सेवक वर्षों से निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते आ रहे हैं, लेकिन बढ़ती महंगाई के दौर में सीमित मानदेय पर परिवार चलाना कठिन होता जा रहा है। रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, बच्चों की पढ़ाई और स्कूल फीस का खर्च काफी बढ़ चुका है, साथ ही दवाइयां और इलाज भी लगातार महंगा होता जा रहा है।

ऐसी परिस्थिति में उनके मानदेय में उचित वृद्धि और सेवा सुरक्षा पर सकारात्मक विचार होने से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि रोजगार सेवकों का पूरा भविष्य अब इसी कार्य से जुड़ा हुआ है। वर्षों तक सेवा देने के बाद उनके सामने कोई दूसरा विकल्प भी शेष नहीं बचा है। इसलिए उनकी मांगों को केवल प्रशासनिक विषय मानकर नहीं बल्कि हजारों परिवारों के भविष्य से जुड़ा विषय मानकर देखा जाना चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि चिलचिलाती धूप में लंबे समय से आंदोलन करना उनकी विवशता को दशार्ता है। कोई भी कर्मी बिना कारण सड़क पर बैठना नहीं चाहता। जो लोग सर्दी, गर्मी और बरसात हर मौसम में पूरे समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे हैं, उनकी भावनाओं और कठिनाइयों को समझना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसी ऐतिहासिक योजना कांग्रेस पार्टी की देन है, जिसका उद्देश्य गांव, गरीब और मजदूर वर्ग को सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराना था। आज उसी व्यवस्था को मजबूत करने वाले रोजगार सेवकों की समस्याओं का समाधान भी संवेदनशीलता के साथ होना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार रोजगार सेवकों के प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर संतुलित और न्यायपूर्ण समाधान की दिशा में आगे बढ़ेगी। इससे हजारों परिवारों को राहत मिलेगी और ग्रामीण विकास योजनाओं को भी पुनः गति प्राप्त होगी।

# शेरघाटी एवं टिकारी अनुमंडलों को रेलवे लाइन से जोड़ने मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गयाजी जिला अंतर्गत सूबे के सबसे बड़े अनुमंडल शेरघाटी तथा टिकारी को रेलवे लाइन से जोड़ने की वर्षो पुरानी मांग को जल्द पूरी करने हेतु कॉंग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से किया है।

मांग करने वालों में बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिद्धु, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, शेरघाटी प्रखंड कॉंग्रेस कमिटी अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद इमाम, अजित सिंह, उमेश सिंह, टिकारी प्रखंड कॉंग्रेस अध्यक्ष नाथून पासवान, बृज मोहन शर्मा, राजेन्द्र सिंह, जय प्रकाश यादव, विपिन बिहारी सिन्हा, विशाल कुमार, मुन्ना मांझी आदि ने कहा कि आज से 27 वर्ष पहले तत्कालीन केंद्रीय रेल मंत्री नीतीश कुमार ने शेरघाटी अनुमंडल के इमामगंज में महती सभा को संबोधित करते हुए गया डालटेनगंज भाया शेरघाटी , बांकेबाजार, इमामगंज , डुमरिया रेल्वे लाइन बिछाने की घोषणा किए थे, जिसे बाद में 2009 में तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव इसके लिए शेरघाटी के रंगलाल हाई स्कूल में इसका शिलान्यास भी किया तथा इसके लिए रेल बजट में 550 करोड़ की घोषणा भी की गई। परंतु आज 15 वार्षिक बीतने के बाद भी अभी तक इस दिशा में कोई प्रोग्रेस नहीं हुआ है।

दुसरी ओर सूबे के ऐतिहासिक, गौरवशाली टिकारी अनुमंडल जहां राज्य का पहला दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, ऐतिहासिक टिकारी किला, केशपा का प्रसिद्ध माता का मंदिर होने के कारण यहां के लोग वर्षो से गया, टिकारी,कोंच, कुरथा , अरवल, बिहटा, जहानाबाद, से रेल्वे लाइन से जोड़ने की मांग वर्षों से जारी है। नेताओं ने कहा कि दोनों अनुमंडल को रेलवे लाइन से जोड़ने से अति प्राचीन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपना स्थान रखने वाला गयाजी जिला का विकास और तेजी से होगा।

## मौलाना मजहरूल हक अरबी व फारसी विश्वविद्यालय का

# सहायक कुल सचिव चढ़ा निगरानी के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मौलाना मजहरूल हक अरबी व फारसी विश्वविद्यालय के सहायक कुल सचिव (असिस्टेंट रजिस्ट्रार) मो. सनाउल्लाह खान को निगरानी ब्यूरो ने मंगलवार को 2.5 लाख रुपये की रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया है।

सनाउल्लाह खान को उनके मीठापुर स्थित कार्यालय कक्ष से गिरफ्तार किया गया। आरोपित से फिलहाल पूछताछ हो रही है। इसके बाद इन्हें निगरानी की विशेष कोर्ट में पेश किया जाएगा।

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार रोसड़ा जिला समस्तीपुर के रहने वाले रामानंद महतो ने शिकायत दर्ज कराई थी कि समस्तीपुर स्थित केआरसी 402 व 403 में नामांकित सभी छात्रों का परीक्षा फल प्रकाशित होने के बाद दोनों छात्रों का प्रैक्टिल मार्क्स रिजल्ट में नहीं था।

प्रैक्टिकल मार्क्स चढ़ाने और लंबित परीक्षाफल प्रकाशित करने के लिए सहायक कुल सचिव रिश्वत मांग रहे थे। चूंकि मामला बड़े अधिकारी से जुड़ा था, लिहाजा इसका सत्यापन कराया गया। जिसमें आरोप सही पाए गए।

जिसके बाद निगरानी डीजी जितेंद्र सिंह गंगवार के निर्देश पर डीएसपी श्याम बाबू प्रसाद के नेतृत्व में एक धावा दल बनाया गया।

मंगलवार को सहायक कुल सचिव जिस सनाउल्ला खान जिस वक्त रिश्वत के ढ़ाई लाख रुपये ले रहे थे उसी वक्त उन्हें विवि कैंपस स्थित उनके कार्यालय कक्ष से गिरफ्तार कर लिया गया।



# मामूली विवाद में तीन ने एक को चाकू से गोदा

## ग्रामीणों ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** जिले के मनीगाछी थाना क्षेत्र के लहटा गांव में सोमवार की रात मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

घटना में तीन किशोरों ने मिलकर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले के दौरान चाकू का एक टुकड़ा टूटकर युवक की गर्दन में फंस गया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया।

हमले के बाद ग्रामीणों ने घायल युवक को तुरंत बेनीपुर अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया।

वहां डॉक्टरों ने स्थिति नाजुक बताते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया। युवक का इलाज जारी है और उसकी हालत पर चिकित्सकीय निगरानी रखी जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में तीन नाबालिग किशोरों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। गांव में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है और पुलिस बल की तैनाती की गई है।

डीएमसीएच में इलाजरत घायल रोशन कुमार ने बेंता थाना की पुलिस को बताया कि गांव के एक लड़के से उसका पहले विवाद हुआ था। विवाद के दौरान उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। रोशन कुमार के अनुसार सोमवार की देर शाम वह तालाब किनारे टहल रहा था, तभी उक्त लड़का अपने अन्य तीन दोस्तों के साथ वहां पहुंचा और मारपीट शुरू कर दी।

# पिकअप ने बाइक सवार भाई-बहन को रौंदा

## बहन की मौके पर मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर उदवंतनगर गांव के समीप सोमवार की रात एक बेलगाम पिकअप ने बाइक सवार सगे भाई-बहन को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक के पीछे बैठी बहन की मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा उनका भाई आंशिक रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, मृतका 42 वर्षीय चुन्नी देवी रोहतास जिले के गोडारी थाना क्षेत्र के पड़सर गांव निवासी सत्यनारायण सिंह की पत्नी थीं। हादसे का कारण वाहन का अनियंत्रित होना बताया जा रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम आरा सदर अस्पताल में कराया।

मृतका के पति सत्यनारायण सिंह ने बताया कि पत्नी के भाई श्रीराम की शादी तय थी और मंगलवार को बारात जानी थी। इसी को लेकर चुन्नी देवी कुछ दिन पहले बच्चों के साथ सिकरहटा थाना क्षेत्र के पनवारी गांव मायके आई थीं।

सोमवार की रात वह अपने भाई श्रीराम के साथ आरा से गहना खरीदकर बाइक से वापस लौट रही थीं। तभी रास्ते में पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इमरजेंसी वार्ड में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके बाद टाउन थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इधर, जिस घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, वहां इस घटना के बाद मातम पसर गया।नाच-गाने और शहनाई की गूंज के बीच अचानक चीख-पुकार मच गई। भाई के सिर पर सेहरा सजने से पहले ही बहन की अर्थी उठ गई। मृतका की दो पुत्रियां, जननी और नित्या हैं। सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कोल कर्मियों के लिए यूनिफार्म नीति जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** कोल इंडिया लिमिटेड ने अपने कर्मचारियों के लिए संशोधित यूनिफार्म नीति जारी की है, जिसे मई से लागू किया जाएगा। नए नियमों के तहत पुरुष और महिला कर्मियों के लिए निर्धारित ड्रेस कोड और रंग तय कर दिए गए हैं। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि सभी कर्मचारियों के लिए साल में कम से कम तीन सेट यूनिफार्म लेना अनिवार्य होगा।

पुरुष कर्मचारियों के लिए यूनिफार्म के रूप में ग्रे रंग की फॉर्मल शर्ट और ब्लैक फॉर्मल पैंट निर्धारित की गई है। वहीं महिला कर्मचारियों को अधिक लचीलापन देते हुए तीन विकल्प प्रदान किए गए हैं। वे अपनी सुविधा के अनुसार इनमें से किसी एक विकल्प या इनके संयोजन का चयन कर सकती हैं।

महिलाओं के लिए पहला विकल्प ग्रे या मरून रंग की फॉर्मल शर्ट के साथ ब्लैक फॉर्मल पैंट है। दूसरा विकल्प ग्रे या मरून रंग का कुर्ता या कमीज, जिसके साथ काला सलवार और दुपट्टा होगा। तीसरे विकल्प के रूप में ग्रे या मरून रंग की साड़ी के साथ काला ब्लाउज निर्धारित किया गया है।

कंपनी का मानना है कि इस नई यूनिफार्म नीति से कर्मचारियों में एकरूपता आएगी, पेशेवर माहौल मजबूत होगा और संस्थान की छवि भी बेहतर होगी।

कोल इंडिया लिमिटेड ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत इंटर्न नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। कुल 34 पदों पर यह इंटर्नशिप कोल इंडिया मुख्यालय कोलकाता और नार्थ ईस्टर्न कोलफील्ड्स एनईसी, मार्घेरिटा असम में होगी। सिर्फ आइटीआइ पास को आवेदन करने का मौका मिलेगा। चयनित अभ्यर्थियों को रेगुलर इंटर्नशिप के तहत व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा।

# शादी का कार्ड बांटने निकले दो लोगों की दुर्घटना में मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** बक्सर-पटना फोरलेन एनएच-922 पर स्थानीय थाना क्षेत्र के कुआंवन गांव के पास अनियंत्रित दौड़ते काल से दो सहोदर भाइयों की हुए मौत की घटना ने पल भर में दो परिवारों की खुशियां अचानक छीन ली।बहन की शादी से पहले दो भाइयों की निकली अर्थी से दो परिवारों पर विपत्ति का पहाड़ टूट गया। शादी के गाए जा रहे मंगल गीत अचानक मौत के करुण क्रंदन धुन में तब्दील हो गए।

बृज बिहारी पासवान के दो बेटे मुन्ना पासवान और गणेश पासवान जब मंगलवार की सुबह अपनी बहन की शादी का कार्ड नातेदारों और स्वजन में बांटने के लिए घर से निकले तो पूर घर में हंसी-खुशी का माहौल था।

परिवार में इस हादसे की सूचना मिलते ही कोहराम मच गया और दौड़े दौड़े घर की महिलाएं और पुरुष घटनास्थल पर पहुंचकर रोने-बिलखने लगे।

जिस घर में शादी तय हुई है, वहां से भी उनके होने वाले नए रिश्तेदार भी पहुंचे। आसपास के ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं। लोग एक-दूसरे को संभालते हुए धीरज बंधा रहे थे, लेकिन आंखों के आंसू सूखने का नाम नहीं ले रहे थे।

मृतक दोनों भाइयों की बहन नेहा कुमारी की शादी करनामेपुर थाना क्षेत्र के दिलमनपुर गांव में निर्मल पासवान के पुत्र उपेंद्र कुमार के साथ तय हुई थी। तीन मई को तिलक, छह को हल्दी और सात मई को विवाह का दिन रखा गया था।

दोनों ही परिवारों में शादी की तैयारी जोर-शोर से चल रही थी और मंगल गीत भी गए जा रहे थे, लेकिन नियति के संयोग से शादी की खुशियों पर दो परिवारों में विपत्ति का पहाड़ टूट गया।

आठ मई को नेहा की विदाई से पहले ही दो भाइयों की निकली अर्थी से जीवन भर की पीड़ा दे गया। मौके पर पहुंचे पिता वृद्ध बृज बिहारी पासवान रोते रोते बताते हैं कि दो बेटों की मौत का घाव कहते हुए फफकने लगते हैं। फिर चीत्कार निकलती है, सब कुछ बर्बाद हो गया। मेरा सब लुट गया।बृज बिहारी पासवान को पांच बेटे और दो बेटियां थीं, जिनमें दो बेटे अब नहीं रहे। इस घटना में मरने वाले मुन्ना पासवान की शादी लगभग दो वर्ष पहले हुई थी और उन्हें दो माह का बच्चा भी है।

पति की मौत के बाद अबोध बच्चे के साथ पत्नी पिंकी देवी की पहाड़ बनी जिंदगी पर भरी विपत्ति का बोझ टूट पड़ा। मुन्ना पुणे के एक निजी कंपनी में काम करते थे और शादी की तैयारी में घर आए थे।

# छह बीईओ पर कार्रवाई के आदेश से हड़कम्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर** । तिरहुत प्रमंडल में शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़, पारदर्शी व जवाबदेह बनाने के लिए प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने सख्त कदम उठाया है। निजी विद्यालयों द्वारा फीस में मनमानी पर रोक लगाने के उद्देश्य से आयुक्त ने सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

मालूम हो कि तिरहुत में मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, वैशाली और पूर्वी व पश्चिम चंपारण जिला शामिल है। आयुक्त ने पहले सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे निजी विद्यालयों द्वारा वसूले जा रहे विभिन्न शुल्कों की जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। इसमें प्रवेश शुल्क, री-नामांकन शुल्क, विकास शुल्क, मासिक ट्यूशन फीस, वार्षिक शुल्क के साथ-साथ किताबें, पोशाक और परिवहन शुल्क की समीक्षा शामिल थी। वित्तीय वर्ष 2025-26 और 2026-27 के शुल्कों का आकलन कर तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया था, लेकिन समय सीमा के भीतर किसी भी जिले से अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। इसे गंभीर लापरवाही व वरीय अधिकारियों के आदेश की अवहेलना मानते हुए आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाया है।

आयुक्त ने क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक, तिरहुत प्रमंडल को निर्देश दिया है कि सभी डीईओ के विरुद्ध प्रपत्र ह्यक गठित कर अनुशासनिक कार्रवाई शुरू की जाए। साथ ही भविष्य में इस तरह की लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता सुधार, विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक माहौल तैयार करना और निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

# ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार चौकीदार पुत्र सहित दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी** । सीतामढ़ी जिले के पुपरी-सुरसंड पथ पर शहर के मलंग स्थान व कदम चौक के समीप सोमवार की देर रात हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। जबकि तीसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

सूचना पाकर पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मृतकों की पहचान पुपरी निवासी विश्वनाथ पासवान का पुत्र पंकज पासवान (26) तथा बाजपट्टी के मुरलियाडीह निवासी राजेश पासवान के पुत्र मुकेश पासवान (45) के रूप में की गई। इन दोनों के साथ बाइक पर सवार नानपुर के गड़हौल निवासी शीतल पासवान के पुत्र वीरेंद्र पासवान (28) का इलाज सदर अस्पताल में हो रहा है। मृतक पंकज के पिता विश्वनाथ पासवान थाने के चौकीदार हैं।

जानकारी के अनुसार, पुपरी मोहल्ला निवासी पंकज पासवान अपने रिश्तेदार बाजपट्टी के मुकेश पासवान और विरेंद्र पासवान के साथ रात के करीब 11 बजे घर से पुपरी बाजार के लिए बुलेट बाइक से ट्रिपल लोडिंग निकले थे।

इस क्रम में मलंग स्थान के समीप सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की जबरदस्त टक्कर हो गई। इस घटना में पुपरी निवासी पंकज की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हल्ला होने पर लोगों की भीड़ जुट गई।

लोगों के सहयोग से घायल मुरलियाडीह निवासी मुकेश व गड़हौल शरीफ निवासी वीरेंद्र को गंभीर हालत में इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने दोनों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सीतामढ़ी रेफर कर दिया।

बताया गया कि सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मुकेश की भी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम करा स्वजन को सौंप दिया। वहीं, विरेंद्र पासवान का इलाज चल रहा है। पुलिस ने घटना स्थल से ट्रैक्टर व दुर्घटनाग्रस्त बाइक जब्त कर ली है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## घातक हथियार से युवक की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर** । चकमहेसी थाना के कुशियारी वार्ड 9 के एक युवक की हत्या घातक हथियार से गला और सर पर वारकर कर दी गई। हत्या से पहले उसने अपनी पत्नी को फोन कर स्वयं की हत्या किए जाने की बात कही। उसने पत्नी को केवल इतना कहा कि उसके साथ मारपीट की जा रही है। मुझे बचा लो।

इसके बाद फोन बंद हो गया।

सभी स्वजन उसकी खोजबीन में जुट गए। सूचना पर पुलिस भी सक्रिय हुई। इसी दौरान उसकी हत्या कर शव को नदी किनारे फेंक दिए जाने की जानकारी मिली। पुलिस और ग्रामीण देर रात करीब दो बजे नदी किनारे पहुंचे और शव को नदी से बाहर निकाला जा सका।

मृतक गांव निवासी निवासी स्व महेंद्र महतो का 38 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार है।

उसका शव कल्याणपुर थाना के बाघमारा गांव स्थित शांति नदी किनारे से बरामद किया गया। युवक जमीन की खरीद बिक्री का काम करता था। इस बीच पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके दो साथियों को हिरासत में ले लिया।

# गर्भवती की गला दबाकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** बौंसी थाना क्षेत्र अंतर्गत नंदनपुर पंचायत के वार्ड संख्या नौ में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक गर्भवती महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान नंदनपुर पंचायत निवासी रुबिसा खातून (24 वर्ष), पति सरवर के रूप में हुई है।घटना सोमवार रात की बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार, मृतका के पिता हासिम ने बताया कि वे बाहर रहते हैं और मंगलवार की सुबह नौ बजे सीमांचल ट्रेन से अररिया पहुंचे। इसके बाद उन्होंने अपनी बेटी को फोन किया, लेकिन मोबाइल लगातार व्यस्त मिला। रात 11 बजे दोबारा कॉल करने पर मोबाइल बंद हो गया। देर रात तक कई बार प्रयास करने के बावजूद फोन बंद ही मिला, जिससे अनहोनी की आशंका गहराने लगी।

इसी बीच, रात में ही ससुराल पक्ष के गांव से सूचना मिली कि उनकी बेटी को मारकर मक्के के खेत में फेंक दिया गया है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां रुबिसा खातून अधमरी हालत में पड़ी मिलीं।आनन-फानन में इलाज के लिए अररिया ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

मृतका के पिता ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बेटी को उसकी सौतन घास काटने के बहाने खेत में ले गई थी।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-28-31-26, दिनांक 25.04.2026।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी)/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा नीचे उल्लिखित अनुसार **रिवर बेड मैपिंग, बैलास्ट, स्कॉर प्रतिरोध** तथा **सैंड हंप कार्यों** के लिए **04 (चार) अदद** ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-28-26। कार्यों का विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में डीईएन/सेंट्रल/आद्रा के अधिकार क्षेत्र के अधीन मधुकुंडा-दामोदर खंड में पुल संख्या 520 का रिवर बेड मैपिंग (30.5x 22)। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,32,387.55। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-29-26। कार्यों का विवरण:** झंटीपहाड़ी डिपो में 50 मिमी. गेज के मशीन चूर्ण बैलास्ट की आपूर्ति तथा ढेर में डिलीवरी सहित किसी भी प्रकार के रेलवे वैगनों में उक्त की लदायी। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,48,03,257.61। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-30-26। कार्यों का विवरण:** आद्रा मंडल में सैंड हंप तथा डेड एन्ड आदि का मानकीकरण। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,91,58,621.45। **क्रम संख्या:** 4। **निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-31-26। कार्यों का विवरण:** बांकुड़ा-मसाग्राम खंड के बीच पुल संख्या 344 तथा खड़गपुर-बांकुड़ा खंड के बीच 284 (अप और डाउन) के पियर संख्या पी2, पी3, पी4, पी5, पी6 एवं पी7 के चारों तरफ स्कॉर प्रतिरोध कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,61,26,651.01। ई-निविदा बंद होने की तारीख और समय **25.05.2026 को अपराह्न 3.00 बजे** (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए) है। उपर्युक्त ई-निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। (PR-92)

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा की रद्दगी**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा पूर्व प्रकाशित **एनआईटी संख्या : ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-20-26, दिनांक: 20.04.2026,** जिसे 18.05.2026 को बंद किया जाना निर्धारित था। उपर्युक्त निविदा को कुछ प्रशासनिक कारणों के चलते एतदद्वारा **रद्द** कर दिया गया है। मूल निविदा सूचना के अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। (PR-97C)


# बुद्ध जयंती पर देश-विदेश से जुटेंगे हजारों श्रद्धालु

## शांति मार्च और प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** 570वीं बुद्ध जयंती के पावन अवसर पर महाबोधि महाविहार एक बार फिर वैश्विक बौद्ध आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है। भगवान गौतम बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण के इस त्रिविध पावन दिवस को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाने के लिए देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु बोधगया पहुंच रहे हैं। इस अवसर को लेकर पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक उत्साह का वातावरण है।

बिहार के बोधगया स्थित महाबोधि महाविहार में 2570वीं बुद्ध जयंती के आयोजन को लेकर व्यापक और भव्य तैयारियां की गई हैं। बुद्ध पूर्णिमा के इस विशेष अवसर पर करीब 10 हजार श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना जताई गई है। बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति (बीटीएमसी) द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं।

पूरे दिन चलने वाले धार्मिक आयोजन के दौरान शांति मार्च का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए पानी, जूस, चना और गुड़ जैसे पारंपरिक प्रसाद के स्टॉल लगाए गए हैं। आयोजन स्थल पर आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखा गया है।

मंदिर परिसर के सामने एक मेडिकल कैंप भी स्थापित किया गया है, जहां आपात स्थिति में तुरंत उपचार की व्यवस्था रहेगी। बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दी गई है, ताकि आयोजन के दौरान किसी भी स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए कालचक्र मैदान में बड़े जर्मन टेंट लगाए जा रहे हैं। इनमें पंखे और कूलर की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। खासकर महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालु यहां पहुंचने लगे हैं। उनके लिए शौचालय, स्नानघर और भोजन बनाने के लिए किचन की समुचित व्यवस्था भी की जा रही है।1 मई को आयोजित होने वाले संघदान कार्यक्रम के लिए अलग से पंडाल तैयार किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर भी विशेष तैयारियां जारी हैं, ताकि श्रद्धालु व्यवस्थित रूप से इसमें शामिल हो सकें और धार्मिक अनुष्ठानों का हिस्सा बन सकें।



बीटीएमसी के सचिव, भिक्षुओं और इंजीनियरों की टीम ने तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए। वहीं, बुद्ध पूर्णिमा के निमंत्रण का पहला कार्ड मंदिर के गर्भगृह में भगवान बुद्ध को अर्पित किया गया, जहां भिक्षुओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और बौद्ध प्रार्थनाएं की गईं।

# स्कूल परिसर में शिक्षकों का चिकन पार्टी का वीडियो वायरल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मोतिहारी। जिले से शिक्षा व्यवस्था को लेकर एक चिंताजनक मामला सामने आया है। आदापुर प्रखंड के वटर उचीडीह विद्यालय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें शिक्षक स्कूल परिसर के अंदर कथित रूप से चिकन पार्टी करते नजर आ रहे हैं।

वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ शिक्षक क्लासरूम के अंदर ही खाना बनाते और आपस में बातचीत करते नजर आ रहे हैं। आरोप है कि इस दौरान शराब को लेकर भी चर्चा हो रही थी, जिससे राज्य में लागू शराबबंदी कानून के उल्लंघन का मामला भी सामने आ रहा है।

इस घटना के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि जहां बच्चों को शिक्षा और नैतिक मूल्यों की सीख दी जाती है, वहां इस तरह की गतिविधियां बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण हैं। इससे शिक्षा के स्तर और अनुशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

वहीं, जब इस मामले में विद्यालय के प्रधानाध्यापक से सवाल किया गया, तो उन्होंने ऐसी किसी घटना की जानकारी होने से इनकार कर दिया।

हालांकि वीडियो सामने आने के बाद मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। अब इस पूरे मामले में शिक्षा विभाग की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं। देखना होगा कि जांच के बाद दोषी पाए जाने पर संबंधित शिक्षकों के खिलाफ क्या कदम उठाए जाते हैं।

# एमएसपी पर गेहूं खरीद को रफ्तार, नया लक्ष्य 1.80 लाख मीट्रिक टन

## पैक्सों और व्यापार मंडलों के जरिए 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने केंद्र की अनुमति के बाद गेहूं खरीद का लक्ष्य बढ़ा दिया है। इसी कड़ी में गेहूं की खरीद में तेजी लाने के लिए सभी जिलों में क्रियाशील समितियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके लिए सभी जिलों के जिला सहकारिता पदाधिकारियों को सहकारिता विभाग ने निर्देश दिया है। राज्य में अब तक 12,474 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। अब जबकि गेहूं खरीद का लक्ष्य बढ़ा दिया गया है, ऐसे में और अधिक समितियों को क्रियाशील करने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारियों को दिया गया है। सहकारिता विभाग ने लक्ष्य के मुताबिक शत-प्रतिशत गेहूं की खरीद के लिए अधिक से अधिक समितियों को चयनित एवं क्रियाशील करने का निर्देश सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया है। साथ ही समितियों को पर्याप्त कैश-क्रेडिट ऋण की उपलब्धता और आवश्यक अतिरिक्त भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए भी निर्देश दिया गया है। बिहार के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य बढ़ाकर 1 लाख 80 हजार मीट्रिक टन कर दिया गया है जो पहले 18 हजार मीट्रिक टन निर्धारित था। इस संशोधित लक्ष्य के अनुसार अब कुल खरीद में से 1 लाख 30 हजार मीट्रिक टन गेहूं पैक्स एवं व्यापार मंडलों के माध्यम से तथा 50 हजार मीट्रिक टन भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से खरीदा जाएगा। राज्य में गेहूं खरीद का कार्य बीते 1 अप्रैल से प्रारंभ है, जो 15 जून तक चलेगा। रबी विपणन मौसम 2026-27 में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने कृषि विभाग से प्राप्त जिलावार उत्पादन अनुमान के आधार पर पैक्स एवं व्यापार मंडलों के माध्यम से गेहूं खरीद के लिए जिलावार लक्ष्य का पुनर्निर्धारण कर दिया है। सभी जिला पदाधिकारियों को संशोधित लक्ष्य के अनुरूप अधिप्राप्ति कार्य को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करने का निर्देश दिया गया है।

# 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह दहेज प्रथा रोकने की दिशा में सराहनीय पहल : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** ग्रामीण विकास एवं परिवहन विभाग के पूर्व मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने मंगलवार को बांका जिले के रजौन प्रखंड स्थित ग्राम सोहानी में आयोजित 21 जोड़ा वर-वधू के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भाग लिया। यह आयोजन महात्मा भोली बाबा व कन्हैया मंडली के बैनर तले संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री कुमार ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों पर रोक लगाना तथा गरीब परिवारों पर शादी के आर्थिक बोझ को कम करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के साहसिक कदम समाज में नई रोशनी पैदा करते हैं और दहेज जैसी बुराइयों को मिटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पूर्व में की गई पहल को आगे बढ़ाने में ऐसे कार्यक्रम सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर ही मुख्यमंत्री के सपनों को साकार किया जा सकता है। श्रवण कुमार ने संस्था द्वारा किए जा रहे इस सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन के लिए जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम है। उन्होंने आश्वस्त किया कि उनकी राजनीतिक पार्टी और बिहार की वर्तमान सरकार भी ऐसे आयोजनों में पूरा सहयोग करेगी।

उन्होंने संस्था के सभी सदस्यों एवं सामूहिक विवाह के आयोजक कन्हाई जी को हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम में भागलपुर के सांसद अजय कुमार मंडल, कहलगांव के विधायक सुभानंद मुकेश, जमालपुर के विधायक डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. बिरेन्द्र कुमार, अनुपम गर्ग, जदयू जिलाध्यक्ष विवेकानन्द गुप्ता, ई. सत्येन्द्र कुमार, सुहुसाई जी, निप्पुद पांडेय, अजय रामजी, मुखिया संघ अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, बंटी साह, शेखर पांडेय, अमन कुमार, प्रमोद मंडल, विनय कुमार, अनिल दास, नीतीश कुमार, संजय कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विज्ञान केवल एक विषय नहीं, जीवन जीने की समग्र दृष्टि : विजय प्रकाश


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को विज्ञान उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्पण के साथ हुआ जो ज्ञान, जिज्ञासा और नवाचार का प्रतीक बना। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने अपने संबोधन में विज्ञान के बहुआयामी महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन जीने की वैज्ञानिक दृष्टि है। उन्होंने प्राचीन काल से आधुनिक युग तक विज्ञान की विकास यात्रा को रेखांकित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तर्कशीलता और नवाचार की भावना विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि वैज्ञानिक सोच के अभाव में समाज अंधविश्वास और रूढ़िवादिता में जकड़ा रहता है जबकि वैज्ञानिक दृष्टिकोण समाज को तार्किक और प्रगतिशील दिशा देता है। अतिथियों का स्वागत सहायक प्रोफ़ेसर मंजरी चौधरी ने किया। प्रशिक्षुओं ने स्वागत गीत और बिहार विद्यापीठ गीत की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को ऊर्जावान बनाया। इस दौरान मंजरी चौधरी ने विज्ञान विषय पर स्वरचित कविता प्रस्तुत की, जिसने उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। वहीं सहायक प्रोफ़ेसर चन्द्रकांत आर्य ने गौहर रज़ा की पुस्तक मिथकों से विज्ञान तक के अंशों का वाचन कर वैज्ञानिक तथ्यों को सरल शैली में प्रस्तुत किया। विज्ञान उत्सव का मुख्य आकर्षण प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार 18 कार्यशील मॉडलों की प्रदर्शनी रही। इनमें स्मार्ट डस्टबिन, डिजास्टर मैनेजमेंट, हाइड्रोलिक पंप, वाटर साइकिल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, स्मार्ट सिटी के लिए पास्कल लॉ, ओम लॉ, ड्रोन, वाटर प्यूरीफायर और चंद्रयान जैसे मॉडल शामिल रहे। इन मॉडलों के माध्यम से दैनिक जीवन में विज्ञान के प्रयोग को सरल और व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सहायक प्रोफ़ेसर विकाश कुमार ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया जबकि मंच संचालन डी.एल.एड. प्रशिक्षु गायत्री सिंह ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर राणा अवधेश, नीरज सिंहा, मृदुला प्रकाश, पूनम वर्मा, अवधेश कुमार नारायण, श्यामानंद चौधरी, प्रमोद कर्ण तथा विवेक रंजन सहित कई गणमान्य लोग, शिक्षक, प्रशिक्षु एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डॉ. प्रेम कुमार ने दी दानवीर भामाशाह को श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने दानवीर भामाशाह की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भामाशाह भारतीय इतिहास में अतुल्य दानशीलता, त्याग और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि भामाशाह ने मेवाड़ के महान शासक महाराणा प्रताप के संघर्षपूर्ण जीवन में निर्णायक भूमिका निभाई। उनका निष्ठापूर्ण आर्थिक सहयोग मेवाड़ की अस्मिता की रक्षा और महाराणा प्रताप के पुनर्ज़ागरण में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। भामाशाह की सहायता से ही महाराणा प्रताप ने पुनः अपनी सैन्य शक्ति को संगठित किया और मुगल शासकों के विरुद्ध संघर्ष को नई ऊर्ज़ा प्रदान की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भामाशाह का जीवन राष्ट्र, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए पूर्णतः समर्पित था। उनका नाम मातृभूमि के प्रति प्रेम, त्याग, बलिदान और दानवीरता के लिए इतिहास में सदैव अमर रहेगा। उन्होंने लोगों से भामाशाह के आदर्शों को अपनाने और समाज तथा राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का आहवान किया।

# राजद नेता संजय कुमार की सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर राजद परिवार ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉक्टर मीशा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, पूर्व विधायक रेखा पासवान एवं प्रदेश महासचिव मदन शर्मा ने पटना जिला के धनरावा प्रखंड राजद के अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ राकेश की सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की और कहा कि यह पार्टी के प्रति समर्पित कर्मठ एवं संघर्षशील कार्यकर्ता के साथ-साथ पार्टी के कार्यक्रमों में पूरी सक्रियता के साथ भाग लेते थे। इनके निधन से राजद को अपूरणीय क्षति हुई है। नेताओं ने संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में राजद परिवार उनके परिवार के साथ खड़ा है और ईश्वर से प्रार्थना की है कि सहनशक्ति करे। पटना जिला राजद के अध्यक्ष दीनानाथ सिंह यादव, पटना जिला प्रधान महासचिव अफरोज आलम युवा राजद के प्रदेश महासचिव गणेश कुमार यादव ने भी संवेदना प्रकट की।

# सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में सांख्यिकीय उपकरणों के उपयोग पर कार्यशाला का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** ए.एन. कॉलेज, पटना के कार्मिक प्रबंधन एवं औद्योगिक संबंध विभाग द्वारा आयोजित 'सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में सांख्यिकीय उपकरणों के उपयोग' विषयक द्वि-दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर शिक्षाविदों, प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ औपचारिक उद्घाटन के साथ हुआ जिसके पश्चात डॉ. अनिल नाथ, अध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, ए.एन. कॉलेज, पटना ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में सांख्यिकीय उपकरणों की बढ़ती उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला की विषय-वस्तु प्रस्तुत करते हुए डॉ. श्वेता, अध्यक्ष, पीएमआइआर विभाग ने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए सांख्यिकीय उपकरणों का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला प्रतिभागियों को शोध में उपयोगी सांख्यिकीय तकनीकों एवं डेटा विश्लेषण की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करेगी। अध्यक्षीय संबोधन प्रो. कालानाथ मिश्रा, अध्यक्ष, हिन्दी विभाग द्वारा दिया गया। उन्होंने अंतर्विषयक अध्ययन, शोध पद्धति तथा उच्च शिक्षा में अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने हेतु ऐसे कार्यक्रमों की महत्ता पर बल दिया। इस अवसर पर प्रो. प्रीति कश्यप, पीजी अध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, पाटलिपुत्र विश्विद्यालय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने प्रतिभागियों को आधुनिक सांख्यिकीय विधियों एवं शोध उपकरणों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में विशिष्ट संसाधन व्यक्तियों के रूप में डॉ. नीतू चौधरी, एडजंक्ट फैकल्टी, सेंटर फॉर ग्लोबल हेल्थ, एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए तथा डॉ. रोहित कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, एमिटी यूनिवर्सिटी, पटना ने विशेषज्ञ व्याख्यान दिए। उन्होंने सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में सांख्यिकीय उपकरणों, शोध पद्धति एवं डेटा विश्लेषण पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

# स्कूलनेट की नई व्यवस्था से केवाईपी छात्रों पर संकट, परीक्षा से पहले मची अफरातफरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/वैशाली।** बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत संचालित कुशल युवा कार्यक्रम के प्रथम बैच की परीक्षा 29 अप्रैल 2026 को पूरे बिहार में आयोजित की जानी है। लेकिन परीक्षा से ठीक पहले लागू की गई नई व्यवस्था ने छात्रों और केंद्र संचालकों के बीच भारी असमंजस और परेशानी पैदा कर दी है। जानकारी के अनुसार स्कूलनेट द्वारा संचालित इस बैच में अचानक लागू किए गए नियमों के कारण राज्यभर के केवाईपी केंद्रों पर पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो गई है। बिना पर्याप्त समय और पूर्व सूचना के किए गए बदलावों से छात्रों की लर्निंग प्रक्रिया बाधित हो गई जिससे बड़ी संख्या में छात्र परीक्षा देने के लिए योग्य नहीं हो पाए हैं। केंद्र संचालकों का आरोप है कि बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन के निर्देश पर स्कूलनेट ने एक साथ नई व्यवस्था लागू कर दी जिससे उपस्थिति, रिपोर्टिंग और बैच संचालन में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो गईं। इसका सीधा असर छात्रों की एलिजिबिलिटी पर पड़ा है। शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो हजारों छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है और ड्रॉपआउट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। केंद्र संचालकों ने मांग की है कि परीक्षा को फिलहाल स्थगित किया जाए और सभी छात्रों को उचित अवसर देते हुए तकनीकी एवं प्रशासनिक खामियों को तत्काल दूर किया जाए। साथ ही स्कूलनेट और बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता बताई गई है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स अनुपम कंस्ट्रक्शन के अंतर्गत नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड पंजीकृत बीमित व्यक्ति स्व. सुमन कुमार सिंह जो सोनवर्षा, सहरसा में मानव बल के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी-आशा देवी, सुपुत्र- चंदन कुमार सिंह एवं सुपुत्र- सोनू कुमार सिंह को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. सुमन कुमार सिंह की मृत्यु 21-10-2022 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई0एस0आई0सी0 द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 276 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.8280/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 3,47,760/- रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को इएसआइ कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई0 एस0 आई0 योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

# भूजल प्रबंधन सीखेंगे बिहार के अभियंता, रायपुर में प्रशिक्षण शुरु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लघु जल संसाधन विभाग के अभियंता भूजल प्रबंधन के गुण सीखेंगे। इसके लिए विभाग के 20 अभियंताओं का प्रशिक्षण सोमवार से रायपुर में प्रारंभ हो गया। यह प्रशिक्षण 27 अप्रैल से लेकर 1 मई तक चलेगा। बताया जाता है कि छत्तिसगढ़ के रायपुर में राजीव गांधी नेशनल ग्राउंड वाटर ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीच्यूट में भूजल प्रबंधन विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इसमें प्रशिक्षण लेने के लिए लघु जल संसाधन विभाग के 20 अभियंताओं को भेजा गया है जिसमें कार्यपालक अभियंता बक्सर, सुपौल, सहायक अभियंता सारण, किशनगंज, नालंदा, शिवहर, समस्तीपुर, पटना, बेगूसराय, नवादा, कनीय अभियंता खगड़िया, मुंगेर सहित अन्य अभियंता शामिल है। एक सप्ताह तक चलने वाले प्रशिक्षण में अभियंताओं को भूजल व्यवस्था की जानकारी, भूजल अन्वेषण के उपकरणों और तरीकों की जानकारी, जलभृत मानचित्रण, एमएआर और डीपीआर तैयार करने के तरीके और भूजल प्रणाली की गणितीय मॉडलिंग की बुनियादी व्यवस्था आदि के बारे में वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के पहले दिन पंजीकरण और प्री-प्रोग्राम मूल्यांकन, उद्घाटन सत्र, हाइड्रोजियोलॉजी - सिद्धांत, प्रक्रियाएं, चुनौतियां और संकट पर चर्चा होगी।

# पटना की डॉ. अमृता स्वराज बनीं मिस इंडिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राजधानी पटना की रहने वाली डॉ. अमृता स्वराज को एब्रेले मिस इंडिया 2026 का प्रतिष्ठित ताज जीत लिया है। गोवा के प्रसिद्ध बागा बीच पर आयोजित एब्रेले मिस इंडिया 2026 सीजन 6 का ग्रैंड फिनाले बेहद भव्य, आकर्षक और यादगार माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समुद्र किनारे बने इस शानदार ओपन-एयर मंच ने पूरे आयोजन को एक इंटरनेशनल लेवल का ग्लैमर और अनुभव प्रदान किया। यह पूरा आयोजन नरुलाज एंड कंपनी द्वारा किया गया जिसने इस इवेंट को एक राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित ब्यूटी और टैलेंट प्लेटफॉर्म बना दिया। आयोजन का उद्देश्य सिर्फ सौंदर्य प्रतियोगिता नहीं, बल्कि प्रतिभा, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी को एक मंच देना भी रहा। देशभर से आई प्रतिभा ने बढ़ाई शो की शान इस प्रतियोगिता में भारत के अलग-अलग राज्यों से चयनित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी कंटेस्टेंट्स ने अपने-अपने स्तर पर रैंप वॉक, टैलेंट राउंड, सवाल जवाब सेशन और पर्सनैलिटी प्रेजेंटेशन में हिस्सा लिया। पूरे शो के दौरान माहौल बेहद एनर्जेटिक रहा। हर राउंड के साथ दर्शकों की उत्सुकता बढ़ती गई और मंच पर मौजूद प्रतिभागियों ने अपने आत्मविश्वास और ग्रेस से सभी का ध्यान आकर्षित किया। जजिंग पैनल ने भी सभी प्रतिभागियों के परफॉर्मेंस को काफी सराहा और इसे एक हाई-लेवल प्रतियोगिता बताया।

# अंबेडकर आवासीय विद्यालयों में 30 हजार आवेदन, छात्राओं की संख्या ज्यादा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के 46 डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालयों में कक्षा 11वीं में नामांकन के लिए जारी सूचना के आलोक में 30 हजार 363 आवेदन प्राप्त हुए है। विभाग की ओर से प्राप्त आवेदनों का संकलन कर नियमानुसार उनकी जांच की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संकायवार प्राप्त आवेदनों में कला संकाय के लिए 18 हजार 718 आवेदन, विज्ञान संकाय (भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान) के लिए 5 हजार 872 आवेदन, विज्ञान संकाय (भौतिकी, रसायन और गणित) के लिए 5 हजार 383 आवेदन तथा वाणिज्य संकाय के लिए 388 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों में छात्राओं की संख्या 17 हजार 73 और छात्रों की संख्या 13 हजार 288 है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर विभाग की ओर से आगे की कार्रवाई निर्धारित समय-सारणी के अनुसार संपादित की जाएगी। नामांकन सूची/प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 11 मई को किया जाएगा। चयनित एवं प्रतीक्षारत छात्र-छात्राओं का नामांकन 15 मई से 25 मई तक होगा। वर्गों का नियमित संचालन 15 जून से प्रारंभ होगा। विदित हो कि विभाग की ओर से संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा, शैक्षणिक मार्गदर्शन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

# एमएसएमई मंत्रालय के टेक्नोलॉजी सेंटर पर मेडिवर्सल हेल्थकेयर की उल्लेखनीय उपस्थिति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना/बिहटा।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा बिहटा में स्थापित टेक्नोलॉजी सेंटर के उद्घाटन समारोह में मेडिवर्सल हेल्थकेयर को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं केंद्रीय एमएसएमइ मंत्री जीतन राम मांझी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मेडिवर्सल हेल्थकेयर ने अपने स्टॉल पर अपनी विकास यात्रा, उपलब्धियों और बिहार में सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की अपनी दृष्टि को प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने मेडिवर्सल के प्रयासों की सराहना की, बेगूसराय में आधुनिक अस्पताल स्थापित करने के लिए बधाई दी तथा राज्य के जिला स्तर तक तेजी से विस्तार करने की कामना व्यक्त की।

मेडिवर्सल हेल्थकेयर, बिहार में पंजीकृत पहली स्वास्थ्य सेवा संस्था है जिसने हाल ही में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्राइवेट इक्विटी निवेशकों से निवेश आकर्षित किया है। मेडिवर्सल हेल्थकेयर के सह-संस्थापक एवं सीइओ भानु प्रताप ने कहा हम भारत सरकार और बिहार सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हैं जिनकी नीतियों और प्रोत्साहन से ऐसे निवेश संभव हो पाए हैं। एसआरआइ फंड जैसी पहलें देश के उद्यमों को सशक्त बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम बिहार और पूर्वी भारत में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को हर नागरिक तक सुलभ बनाएं। कंपनी के सह-संस्थापक एवं सीओओ जयंत गांधी ने कहा मेडिवर्सल का उद्देश्य केवल अस्पताल स्थापित करना नहीं, बल्कि एक सशक्त, तकनीक आधारित और मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवा मॉडल विकसित करना है। हम आने वाले वर्षों में बिहार के प्रमुख शहरों-पूर्णिया, गया, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी और भागलपुर-में विस्तार की योजना पर कार्य कर रहे हैं।

# जलवायु अनुकूल खेती से सुधर रहा मिट्टी का स्वास्थ्य, पोषक तत्वों में बढ़ोतरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 2019-20 से राज्य में शुरू हुई जलवायु अनुकूल खेती के बेहतर परिणाम दिखने लगे हैं। आंकड़े बताते हैं कि पांच वर्षों के दौरान मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा 20 फीसदी बढ़ी है। साथ ही नाइट्रोजन में भी 20 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई है। फॉस्फोरस और पोटाश की मात्रा में 10-10 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। बिहार सरकार का कृषि विभाग जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रमों पर तेजी से काम कर रहा है। विभाग का मानना है कि इससे न सिर्फ जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने में मदद मिलेगी बल्कि कृषि क्षेत्र को टिकाऊ और लाभकारी भी बनाया जा सकता है। जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के शुरुआती समय में मिट्टी का पीएच मान 6.25 से 8.48 मापा गया था, वहीं पांच वर्ष बाद इसमें सुधार आया और यह 5 प्रतिशत की कमी के साथ पीएच मान 6.02 से 8.29 दर्ज किया गया है। शून्य जुताई तकनीक एवं फसल अवशेष प्रबंधन का सम्मिलित परिणाम मृदा नाइट्रोजन पर देखा गया है। उपलब्ध नाइट्रोजन की मात्रा में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। फॉस्फोरस में 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ उपलब्ध फॉस्फोरस की मात्रा 17.89 से 45.26 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर पाई गई है।

CMYK

# संपादकीय

## भाजपा को दागी और गद्दार पसंद हैं

शुक्रवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की वाशिंग मशीन के सामने एक बार फिर दागी धुलने को तैयार हो गये। यही वही दागी हैं जिन पर इसी महीने की 15 तारीख को ईडी ने छापेमारी की थी। आम आदमी पार्टी के दस सांसदों में सात ने लगभग भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का ऐलान कर दिया है, बस औपचारिकताएं ही बाकी हैं। दिलचस्प तो यह है कि इनमें वह अशोक मित्तल भी शामिल हैं जिन पर पार्टी ने सबसे अधिक भरोसा किया। यह मित्तल वही हैं जिन्हें पार्टी ने राघव चड्ढा की जगह राज्यसभा में उपनेता बनाया था, यही नहीं मित्तल के घर पर ही पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल सरकारी बंगला खाली करने के बाद रह रहे थे और शुक्रवार सुबह ही उनका आवास खाली करके अपने नये सरकारी आवास पर गये थे।

इसी महीने की 15 अप्रैल को ईडी ने आप के राज्यसभा सांसद और लवली प्रोफ़ेशनल यूनिवर्सिटी के मालिक अशोक मित्तल और उनके बेटे के ठिकानों पर पंजाब और गुरुग्राम में छापेमारी की। यह कार्रवाई कथित मनी लॉन्ड्रिंग और पीएमएलए (विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम) के तहत वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में की गई है। अशोक मित्तल के अलावा, पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के परिसरों पर भी क्क ने छापा मारा है, जिससे उनकी मुश्किलें बढ़ गई थी । तभी आप ने आरोप लगाया था कि बीजेपी इन एजेंसियों के दम पर विपक्ष को डरा रही है। यही नहीं, बीते दिनों जब भाजपा सरकार ने राघव चड्ढा को सुरक्षा घेरा प्रदान किया था तभी से यह उम्मीद हो गयी थी कि देर-सबेर राघव भारतीय जनता पार्टी में जाकर कमल थाम सकते हैं। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि भारतीय जनता पार्टी को ऐसे नेता खूब सुहाते हैं जो जांच एजेंसियों से डर जाते हैं। क्योंकि जांच के घेरे में तो आप सांसद संजय सिंह भी हैं लेकिन वह नहीं गये और न ही जायेंगे, क्योंकि वह डरपोक नहीं हैं। और भाजपा को तो डरपोक नेता चाहिए। यह कहा जा सकता है कि भाजपा को दागी और डरपोक लोग पसंद हैं।

वैसे यह पहला मौका नहीं है भारतीय जनता पार्टी ने इससे पहले विपक्षी दलों के तमाम ऐसे सांसदों, विधायकों और नेताओं को दूसरे दलों से अपने यहां लिया है जिन पर ईडी, सीबीआई और पुलिस जांच में पहले घेरा गया और बाद में उनको अपने यहां शामिल करा कर साफ-सुथरा करार कर दिया गया।

राघव चड्ढा को तो मानिये नाराजगी के चलते पार्टी छोड़नी पड़ी लेकिन रास में उपनेता के पद से हटाने के बाद मीडिया से कहा था कि हारा नहीं हूं और उन्हों ने पूरी आप पार्टी को तोड़कर बदला ले लिया। उनके साथ स्वाति मालीवाल और हरभजन सिह भी हैं। इतना ही नहीं, बलबीर सिह सीचेवाल और विक्रमजीत सिह साहनी भी आप छोड़ रहे हैं। ये सभी पंजाब से सांसद हैं और ऐसे में माना जा रहा है कि इन नेताओं के पार्टी छोड़ने से पंजाब की राजनीति में भूचाल आ सकता है। आने वाले पंजाब विधान सभा चुनाव में इसका असर पड़ना तय माना जा रहा है।

उधर संदीप पाठक ने कहा कि वह मां भारती की सेवा करने के लिए भाजपा में आये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सेवा ही देश की सेवा है। दरअसल केजरीवाल और राघव चड्ढा में दूरियां उसी दिन से नजर आने लगी थी जब केजरीवाल जेल में थे और राघव अपनी पत्नी परिनीति के साथ लंदन में घूमते व मस्ती की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे थे। राघव को लोकसभा चुनाव में भी पंजाब से दूर रखा गया। औपचारिक तौर पर वे श्री आनंदपुर साहब सीट पर नजर आए थे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पिछले कुछ समय से राघव चड्ढा पार्टी के अहम मुद्दों पर अपेक्षाकृत शांत नजर आ रहे थे। विपक्ष जहां इसे आप के अंदरूनी मतभेद का संकेत बता रहा है। वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिह और नए उपनेता डॉ. अशोक कुमार मित्तल ने इसे एक सामान्य संगठनात्मक प्रक्रिया करार दिया है।

**पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल ऐसे राज्य हैं जहां भाजपा अब तक सत्ता से दूर रही है, लेकिन इस बार वह पूरी ताकत के साथ अपनी राजनीतिक उपस्थिति को विस्तार देने की कोशिश कर रही है। इन राज्यों में भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती क्षेत्रीय दल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच एक और बड़े मुकाबले की तैयारी शुरू हो चुकी है, जबकि वामपंथ अपने आखिरी किले को बचाने की जंग लड़ने की स्थिति में दिखाई दे रहा है। असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में होने जा रहे विधानसभा चुनाव केवल राज्यों की सत्ता का सवाल नहीं हैं, बल्कि यह राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने वाले निर्णायक राजनीतिक संघर्ष के रूप में उभर रहे हैं।**

## कौन जीतेगा चुनावी महाभारत? क्या बंगाल में होगा बदलाव?

**(नीरज कुमार दुबे )**

इन चुनावों में भारतीय जनता पार्टी अपने विस्तार की रणनीति के साथ मैदान में है, जबकि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल इसे भाजपा के बढ़ते प्रभाव को रोकने की आखिरी बड़ी परीक्षा के रूप में देख रहे हैं।

देखा जाये तो लोकसभा चुनाव 2024 के बाद हुए कई विधानसभा चुनावों ने यह संकेत दिया कि भाजपा अभी भी राष्ट्रीय राजनीति की सबसे मजबूत ताकत बनी हुई है। विपक्ष को उम्मीद थी कि लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन के बाद उसका मनोबल बढ़ेगा, लेकिन बाद के चुनावों में भाजपा ने अपनी पकड़ बनाए रखी। अब पांच राज्यों में हो चुका चुनावी शंखनाद का दौर यह तय करेगा कि क्या भाजपा उन राज्यों में भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत कर सकती है जहां अब तक उसे सत्ता नहीं मिली है।

देखा जाये तो इन चुनावों की घोषणा ऐसे समय हुई है जब विपक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत रूप से तथा एनडीए सरकार पर कई मुद्दों को लेकर लगातार हमला कर रहा है। अमेरिका के साथ व्यापार समझौता, पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता और मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण जैसे मुद्दों को लेकर सरकार पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ऐसे माहौल में इन चुनावों को जनता के वास्तविक राजनीतिक मूड की परीक्षा के रूप में भी देखा जा रहा है।

भाजपा इस चुनावी दौर में असम में सबसे अधिक आत्मविश्वास के साथ उतर रही है। 2016 से राज्य की सत्ता में मौजूद भाजपा मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में खुद को मजबूत स्थिति में मान रही है। पार्टी ने बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ और स्थानीय पहचान के मुद्दों को चुनावी बहस के केंद्र में ला दिया है, जिससे चुनावी वातावरण और अधिक तीखा हो गया है।

दूसरी ओर पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल ऐसे राज्य हैं जहां भाजपा अब तक सत्ता से दूर रही है, लेकिन इस बार वह पूरी ताकत के साथ अपनी राजनीतिक उपस्थिति को विस्तार देने की कोशिश कर रही है। इन राज्यों में भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती क्षेत्रीय दल हैं। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तमिलनाडु में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भाजपा के सबसे मुखर विरोधियों में शामिल हैं और दोनों ही नेता इस चुनावी मुकाबले में सीधे भाजपा के निशाने पर हैं।

हम आपको बता दें कि चारों राज्यों में भाजपा केवल असम में सत्ता में है, जबकि केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में वह सत्तारुढ़ गठबंधन का हिस्सा है। असम के बाद पार्टी की सबसे बड़ी राजनीतिक महत्वाकांक्षा पश्चिम बंगाल में दिखाई देती है, जहां वह तृणमूल कांग्रेस को सीधी चुनौती दे रही है। वहीं तमिलनाडु में




भाजपा ने अन्नाद्रमुक के नेतृत्व में एक व्यापक गठबंधन तैयार कर द्रमुक के नेतृत्व वाले मोर्चे को घेरने की रणनीति बनाई है।

केरल का चुनाव अलग मायने रखता है क्योंकि यहां परंपरागत रूप से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा ही मुख्य मुकाबले में रहे हैं। लेकिन पिछले चुनावों में भाजपा को करीब 17 प्रतिशत मत मिलने के बाद उसे यहां एक प्रभावशाली कारक के रूप में देखा जाने लगा है। ऐसे में यह चुनाव वामपंथ के लिए अपने आखिरी मजबूत किले को बचाने की चुनौती भी बन गया है।

हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी अभियान की कमान संभालते हुए इन सभी राज्यों में लगातार दौरे और रैलियां की हैं। विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के साथ राजनीतिक संदेश देने की रणनीति अपनाते हुए उन्होंने खास तौर पर पश्चिम बंगाल में अपने हमलों को और अधिक तीखा किया। कोलकाता में आयोजित रैली में उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सीधा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उनकी राजनीति राज्य में तुष्टिकरण की नीति को बढ़ावा देती है।

भाजपा का दावा है कि पश्चिम बंगाल में घुसपैठ और धार्मिक पहचान से जुड़े मुद्दों ने व्यापक राजनीतिक बहस को जन्म दिया है। पार्टी का मानना है कि इन मुद्दों ने राज्य में राजनीतिक ध्रुवीकरण को मजबूत किया है और इससे उसे चुनाव में फायदा मिल सकता है।

ममता बनर्जी 2011 से लगातार सत्ता में हैं और उन्होंने कई बार भाजपा की चुनौती को रोकने में सफलता हासिल की है। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 18 सीटें जीतकर बड़ा राजनीतिक संदेश दिया था। इसके बाद हुए चुनावों में भाजपा का मत प्रतिशत लगभग 38 से 39 प्रतिशत के बीच स्थिर रहा है, जिससे पार्टी को उम्मीद है कि इस बार वह ममता बनर्जी के किले में बड़ी सेंध लगा सकती है।

कांग्रेस के लिए भी यह चुनाव किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं हैं। 2014 के बाद से राष्ट्रीय राजनीति में लगातार कमजोर होती जा रही कांग्रेस अब इन चुनावों के जरिये अपने राजनीतिक अस्तित्व को फिर से मजबूत करने की कोशिश कर रही है। पार्टी को उम्मीद है कि केरल में जीत उसके लिए नई राजनीतिक ऊर्जा लेकर आ सकती है।

असम में कांग्रेस ने गौरव गोगोई जैसे अपेक्षाकृत युवा चेहरे को आगे कर नई रणनीति अपनाई है। पार्टी का लक्ष्य कम से कम इतना प्रदर्शन करना है कि यह धारणा टूट सके कि असम पूरी तरह भाजपा का गढ़ बन चुका है। तमिलनाडु में कांग्रेस द्रमुक के साथ गठबंधन में है, हालांकि सीटों के बंटवारे को लेकर शुरुआती मतभेद भी सामने आए। वहीं अभिनेता विजय की नई पार्टी के उभार ने चुनावी समीकरण को और जटिल बना दिया है, जिससे तीन कोणीय मुकाबले की संभावना बन रही है।

पश्चिम बंगाल में कांग्रेस ने इस बार अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

## लव जेहाद और धर्मांतरण का क्राइम सिंडिकेट

**मनोज कुमार अग्रवाल**

हाल ही में देश के तीन अलग-अलग शहरों में धर्मांतरण और लव जिहाद के मामले सामने आ रहे हैं. नासिक, अमरावती और सूरत से पुलिस एक्शन मोड में है। इन मामलों में पुलिस कार्रवाई कर रही है। धर्मांतरण और लव जिहाद मामलों में पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ा जा रहा है। इनके नेटवर्क तक पहुंचने का प्रयास हो रहा है। क्या विदेशी कनेक्शन भी है? इसको भी जांच हो रही है।

महाराष्ट्र के अमरावती जिले से बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, 180 नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और उनके अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आने के बाद अब इस पर सियासत भी गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी ने इसे केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश बताया है। भाजपा नेताओं ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसआईटी जांच की मांग की है।

अमरावती पुलिस ने मोहम्मद अयाज नामक एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि अयाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, खासकर वॉट्सएप और स्नैपचैट के जरिए नाबालिग लड़कियों को अपने जाल में फंसाया। जांच में पता चला है कि आरोपी ने कम से कम 180 लड़कियों का यौन शोषण किया और उनके 350 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड किए। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर लिया है, जिसमें भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री मिली है। आरोपी फिलहाल सात दिनों की पुलिस हिरासत में है।अमरावती के अलावा नागपुर और परतवाड़ा जैसी जगहों की लड़कियों को भी निशाना बनाया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस पूरे मामले की गहराई से जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाने की अपील की है। वहीं, भाजपा विधायक देवयानी फरांदे ने कहा कि आईटी कंपनियों में महिलाओं के साथ अत्याचार और उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने की खबरें आ रही हैं, जो चिंताजनक है।

उधर महाराष्ट्र के नासिक में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के नासिक यूनिट में सामने आए यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के मामले ने उद्योग जगत को झकझोर कर रख दिया है। मामले की मुख्य आरोपी निदा खान को सत्र न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया है। वहीं, नासिक पुलिस ने उसकी धरपकड़ के लिए जाल बिछा दिया है। पुलिस के अनुसार, इस पूरे मामले में निदा खान की भूमिका बेहद संदेहास्पद है। उस पर कर्मचारियों के जबरन धर्मांतरण में शामिल होने का गंभीर आरोप है। दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक, आरोपी दानिश शेख ने पीड़िता का परिचय तौसीफ और निदा से कराया था। आरोप है कि ये लोग हिंदू देवी-देवताओं और धार्मिक प्रतीकों, विशेषकर शिवलिंग, भगवान कृष्ण और द्रौपदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करते थे, जिससे पीड़िता को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर धर्मांतरण के लिए उकसाया जा सके।फरार निदा खान ने अपनी दो महीने की गर्भावस्था का हवाला देते हुए गिरफ्तारी से सुरक्षा मांगी थी। हालांकि, सोमवार को कोर्ट ने उसे कोई राहत नहीं दी और अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अदालत का कोई स्टे ऑर्डर नहीं है, इसलिए उसे तलाशने के लिए तीन टीमें अलग-अलग ठिकानों पर भेजी गई। जांच में सामने आया है कि इस शोषण का शिकार होने वाली अधिकांश युवतियां मध्यमवर्गीय परिवारों से हैं, जिनकी उम्र 21 से 30 वर्ष के बीच है और वेतन लगभग 20,000 रुपये प्रतिमाह है। दूसरी ओर, टीसीएस ने स्पष्ट किया है कि कंपनी ने उत्पीड़न के आरोपों में शामिल कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। हालांकि, कंपनी का यह भी कहना है कि उन्हें आंतरिक चैनलों के माध्यम से ऐसी कोई शिकायत पहले प्राप्त नहीं हुई थी। फिलहाल, नासिक पुलिस की एसआईटी कुल नौ एफआईआर की जांच कर रही है, जिसमें छेड़छाड़, मानसिक प्रताड़ना और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसे गंभीर मामले शामिल हैं।

गुजरात में सूरत के इच्छापोर इलाके में एक नाबालिग हिंदू लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। लव जिहाद जैसे इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें मुख्य आरोपी मुस्लिम युवक है और उसकी मदद करने वालों में तीन मुस्लिम और एक हिंदू युवक शामिल है। सोशल मीडिया के जरिए नाबालिक हिंदू युवती को फंसाया गया था और फिर होटल में ले जाकर मुख्य आरोपी ने उससे दुष्कर्म किया था।

इच्छापोर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले इच्छापुर गांव में रहने वाले एक श्रमिक परिवार की कक्षा 12 में पढ़ने वाली नाबालिग बेटी को आरोपी मोहम्मद साजिद उर्फ अहद मोहम्मद जावेद पठान ने सोशल मीडिया के जरिए संपर्क कर अपने प्रेम जाल में फंसाया था। प्रेम का नाटक कर वह उसे बहला फुसलाकर एक होटल में ले गया। यहा उसने उसके साथ बार-बार शारीरिक संबंध बनाए। जब इस बात की जानकारी लड़की के परिवार को हुई, तो वे तुरंत इच्छापोर पुलिस स्टेशन पहुंचे और मामला दर्ज कराया। उधर आरोपी पुलिस द्वारा पकड़े जाने की भनक लगते ही अपने पैतृक स्थान बिहार भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पहचान छिपाने के लिए मुख्य आरोपी मोहम्मद साजिद ने अपने मित्र अभय कुमार शर्मा की मदद ली थी। अभय ने मोबाइल एडिटिंग ऐप के जरिए साजिद के आधार कार्ड में नाम बदलकर अभिषेक गुप्ता (एक हिंदू नाम) कर दिया था।

## मोदी की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाने और कूटनीति को विफल बताने वालों को यह रिपोर्ट देखनी चाहिए

**देखा जाये तो पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को झकझोर दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से भारत पहले अपनी कच्चे तेल की आपूर्ति का लगभग चालीस से पैंतालीस प्रतिशत हिस्सा प्राप्त करता है उस पर दबाव बढ़ने से कई तरह की अटकलें लगाई गईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाने वाले और मोदी की विदेश नीति को विफल बताने वाले विपक्षी नेताओं को यह देखना चाहिए कि जब भारत के सामने ऊर्जा संकट मंडराया तो दुनिया के वही देश मदद के लिए खड़े हो गए जिनके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्षों तक भरोसे का रिश्ता बनाया था।**

**(नीरज कुमार दुबे )**

खासकर अफ्रीकी देशों से बढ़ते आयात ने यह साबित कर दिया है कि भारत ने समय रहते अपने ऊर्जा स्रोतों को विविध बनाया था। आज वही रिश्ते और रणनीतिक फैसले भारत की ढाल बनकर खड़े हैं और यही असली कूटनीति की ताकत है।देखा जाये तो पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को झकझोर दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से भारत पहले अपनी कच्चे तेल की आपूर्ति का लगभग चालीस से पैंतालीस प्रतिशत हिस्सा प्राप्त करता है उस पर दबाव बढ़ने से कई तरह की अटकलें लगाई गईं। लेकिन भारत न तो घबराया और न ही संकट में फंसा। इसका कारण है मोदी सरकार की दूरदर्शी ऊर्जा नीति और समय रहते उठाए गए रणनीतिक कदम।

आज स्थिति यह है कि भारत में कच्चे तेल, एलपीजी और एलएनजी की उपलब्धता एक महीने पहले की तुलना में काफी बेहतर हो चुकी है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में किसी प्रकार की ऊर्जा की कमी नहीं है और पेट्रोल, डीजल तथा रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह सुचारु बनी हुई है। यह कोई संयोग नहीं बल्कि सुनियोजित रणनीति का परिणाम है।

देखा जाये तो सबसे बड़ा बदलाव आया है ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण में। एक दशक पहले तक भारत केवल 27 देशों से कच्चा तेल लेता था, लेकिन



आज यह संख्या बढ़कर 41 हो चुकी है। इसका सीधा मतलब है कि भारत अब किसी एक क्षेत्र पर निर्भर नहीं है। अमेरिका, रूस, कनाडा, नार्वे से लेकर अफ्रीकी देशों जैसे नाइजीरिया, अल्जीरिया और अंगोला तक भारत ने अपने ऊर्जा संबंधों का विस्तार किया है। एलएनजी के लिए कैमरून, इक्वेटोरियल गिनी और मोजाम्बिक जैसे नए साझेदार जुड़े हैं।

यही नहीं, रणनीतिक भंडारण की दिशा में भी भारत ने ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। पिछले 11 वर्षों में 5.3 मिलियन टन का रणनीतिक तेल भंडार तैयार किया गया है और अतिरिक्त क्षमता पर तेजी से काम चल रहा है। इसका मतलब यह है कि वैश्विक संकट के बावजूद भारत के पास आपूर्ति बनाए रखने के लिए पर्याप्त भंडार मौजूद है।

मोदी सरकार ने केवल आपूर्ति बढ़ाने पर ही ध्यान नहीं दिया बल्कि प्रबंधन को भी मजबूत किया। चौबीसों घंटे निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया और एक अंतर मंत्रालयी समूह रोज बैठक कर हालात का आकलन कर रहा है। जमाखोरी रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए गए और राज्यों को आवश्यक वस्तुओं की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया।

यहां सबसे महत्वपूर्ण पहलू है कूटनीतिक सक्रियता। प्रधानमंत्री मोदी ने सऊदी अरब, यूएई, कतर, ईरान और अमेरिका जैसे देशों के नेताओं से लगातार संपर्क बनाए रखा। इसका सीधा फायदा यह हुआ कि भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हुई और आपूर्ति बाधित नहीं हुई। यह वही देश हैं जिनसे भारत ने संकट के समय पहले भी सहयोग किया था और आज वही रिश्ते काम आए।

सामरिक दृष्टि से देखें तो यह पूरी स्थिति भारत की ऊर्जा सुरक्षा नीति की बड़ी परीक्षा थी। पश्चिम एशिया जैसे संवेदनशील क्षेत्र में तनाव का सीधा असर भारत पर पड़ सकता था, लेकिन भारत ने अपनी निर्भरता घटाकर इस खतरे को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया। अब होर्मुज मार्ग पर निर्भरता घटकर लगभग तीस प्रतिशत रह गई है।

इसके रणनीतिक निहितार्थ और भी गहरे हैं। भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं बल्कि वैश्विक ऊर्जा कूटनीति का सक्रिय खिलाड़ी बन चुका है। अफ्रीका और अन्य क्षेत्रों में बढ़ती मौजूदगी भारत को दीर्घकालिक सुरक्षा देती है। साथ ही पाइप्ड नेचुरल गैस जैसे विकल्पों को बढ़ावा देकर एलपीजी पर निर्भरता कम करने की दिशा में भी काम हो रहा है।

आम जनता पर इसका सकारात्मक असर साफ दिख रहा है। रसोई गैस की आपूर्ति जारी है, भले ही घबराहट में बुकिंग बढ़ने से डिलीवरी में चार से पांच दिन का समय लग रहा हो, लेकिन कहीं भी गैस खत्म होने की खबर नहीं है। किसानों के लिए उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है और पेट्रोल, डीजल की कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए उत्पाद शुल्क में कटौती की गई है।

यह पूरा घटनाक्रम एक बात साफ करता है कि मोदी सरकार ने ऊर्जा सुरक्षा को केवल नीतिगत मुद्दा नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम हिस्सा माना है। आज जब दुनिया के कई देश ऊर्जा संकट से जूझ रहे हैं तब भारत मजबूती से खड़ा है।

बहरहाल, विपक्ष को यह समझना होगा कि विदेश यात्राएं केवल फोटो खिंचवाने के लिए नहीं होतीं, बल्कि संकट के समय काम आने वाले रिश्ते बनाने के लिए होती हैं। और जब संकट आया, तो वही रिश्ते भारत के लिए कवच बन गए। यही है नई भारत की आक्रामक, आत्मविश्वासी और दूरदर्शी कूटनीति।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### बिना किसी ठोस मास्टर प्लान के कार्य होने से पूरा शहर हो गया है अस्त- व्यस्त : सुनील

**कटिहार (नबिटासं)।** कटिहार शहर में करोड़ों की लागत से स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम का काम लंबे समय से किया जा रहा हैं। परंतु परियोजना की धीमी रफ्तार आम लोगों के लिए सर दर्द बन गई है। सालों से चल रहे इस अधूरे काम के कारण लोगों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसी क्रम में सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने कांग्रेस नेताओं के साथ मिलकर शहर के बिनोदपुर,राजहाता,दुगार्पुर सहित अन्य जगहों पर जहां स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम का कार्य जारी है। उस स्थल पर पहुंचकर कार्य का जायजा लिया और काफी धीमी गति से हो रहे कार्य के प्रति नाराजगी जताई। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने कहा कि परियोजना की धीमी रफ्तार आम लोगों के लिए सिर दर्द बन गई है। लंबे समय से चल रहे इस अधूरे काम के कारण जिले वासियों को गंभीर जल जमाव-जाम और अन्य कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुनील कुमार यादव ने कहा कि बुडको द्वारा काम इतना धीमी गति से किया जा रहा है कि उम्मीद है कि इस बार भी मानसून में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से कालीबाड़ी रोड, सदर अस्पताल रोड,पटेल चौक, तीनगछिया, बिनोदपुर, दुगार्पुर सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। सड़कों के किनारे खोदे गए बड़े-बड़े गड्ढे में गंदा पानी भर गया है। जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है और काफी बदबू भी लोगों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहा है। सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने कहा कि बिना किसी ठोस मास्टर प्लान के काम हो रहा है जिससे पूरा शहर अस्त-व्यस्त हो गया हैं। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द तीव्र गति से कार्य हो दो शिफ्ट में काम करवाया जाए और अच्छी फिनिशिंग के साथ हो हम सभी यही चाहते हैं। मौके पर मो. जहांगीर, अरुण यादव, चंदन यादव, मो. इम्तियाजुल, राजा, सउद आलम आदि मौजूद रहे।



### लूट कांड के आरोपी को भेजा जेल

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** मनसाही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मनसाही थाना कांड संख्या 49/26 के लुट कांड के एक आरोपी अर्जुन कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।गिरफ्तार आरोपी मनिहारी थाना क्षेत्र के कारीकोसी बांध मोती ढाला का रहने वाला हैं। इस मामले में पूर्व में भी एक आरोपी मनीष कुमार सहनी को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी हैं।

### आधा दर्जन मृत चौकीदारों के आश्रितों को मिला नियुक्ति पत्र

**कटिहार (नबिटासं)।** जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने बारसोई अनुमंडल अन्तर्गत बारसोई , आजमनगर तथा बलरामपुर अंचल के 06 मृतकों के आश्रितों को जिला अनुकंपा समिति द्वारा लिए गये निर्णय के आलोक में नियुक्ति-पत्र प्रदान किया। 23 मार्च को आयोजित जिला अनुकंपा समिति की बैठक में बारसोई अंचल के 03, आजमनगर अंचल के 02 तथा बलरामपुर अंचल के 01 को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है।

### अस्पताल में 124 दिव्यांगों की जांच

**बारसोई/कटिहार (नबिटासं)।** अनुमंडलीय अस्पताल बारसोई में मंगलवार को बारसोई प्रखंड के 124 दिव्यांगों के दिव्यांगता की जांच की गई। कटिहार से आये चार चिकित्सकों ने सभी दिव्यांगों की जांच की। उक्त जांच के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें सिर्फ बारसोई प्रखंड के दिव्यांगजन ही शामिल हुए। वहीं शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ अमरेंद्र कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ दीपक कुमार, मानसिक रोग विशेषज्ञ एसपी विन्कर एवं नाक कान गला रोग विशेषज्ञ विपिन कुमार इन चारों चिकित्सकों ने शिविर में आये दिव्यांगों की जांच की। इस संबंध में अस्पतालकर्मी रंजन कुमार ने बताया कि कल 124 दिव्यांग जनों का रजिस्ट्रेशन किया गया है। जल्द ही इन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र यूडीआईडी कार्ड दे दिया जाएगा।

### चोरी की बाइक और मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

**कोढ़ा/कटिहार (नबिटासं)।** कोढा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम महीनाथपुर वार्ड नं -01 से सोनू कुमार (22) पिता ओम प्रकाश पासवान महीनाथपुर, नंद किशोर कुमार (22) पिता अरविंद शर्मा शिशिया वार्ड नं - 08, दोनों थाना- कोढ़ा, जिला - कटिहार निवासी को चोरी एक के अपाची मोटरसाइकिल एवं 2 मोबाइल के साथ विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन कराया।

### आरपीएफ ने चोरी की रेलवे सामग्री के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**कटिहार (नबिटासं)।** आरपीएफ ईस्ट पोस्ट कमांडर विक्रम कुमार के नेतृत्व आरपीएफ सीनियर कमांडेंट के निदेर्शानुसार आरपीएफ की टीम द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ की टीम ने कटिहार स्टेशन यार्ड क्षेत्र में घेराबंदी कर कटिहार जिला निवासी 25 वर्षीय मोनू पोद्दार उर्फ मनीष को पकड़ लिया। जिसके पास से रेलवे की चोरी की कई सामग्री बरामद की गई। जिसमें 14 पीस कॉपर पाइप, एक कटर, 2 नग नट-बोल्ट एवं 17 नग टीवीएस नट शामिल हैं। उसके द्वारा ये सभी सामान लाल और पीले रंग की साड़ी में छिपाकर रखा गया था। आरपीएफ द्वारा उक्त आरोपी के खिलाफ आरपीएफ पोस्ट में स्पेशल रेलवे एक्ट तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपी को रेलवे न्यायालय कटिहार में प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे रेलवे मजिस्ट्रेट कुमार गौरव द्वारा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसके पूर्व भी आरपीएफ द्वारा रेल की चोरी के मामले में लोगों को समान सहित रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। जिससे उनके बीच हड़कंप मच गया है।

### गोरखनाथ धाम मंदिर का पर्यटन विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

**आलमारी /कटिहार (नबिटासं)।** बाबा गोरखनाथ धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। बिहार सरकार पर्यटन विभाग की ओर से 14 करोड़ 25 लाख 71 हजार की राशि से बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर का सौंदर्यीकरण हो रहा है। मंगलवार को पर्यटन विभाग के कार्यपालक अभियंता विकास कुमार, सहायक अभियंता विशाल कुमार, आर्किटेक्ट इंजिनियर माधव भारद्वाज के द्वारा बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर पहुंच कर निर्माण कार्य का निरीक्षण कर संवेदक को आवश्यक निर्देश देते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पुर्ण करने की सलाह दी गयी। कमेटी के सचिव पिंटू यादव ने बताया कि बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने के लिए बिहार सरकार द्वारा विकास कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में निर्माण कार्य का निरीक्षण विभाग के अभियंता की टीम द्वारा किया गया। विशेष रूप से मंदिर परिसर में स्थित शिव गंगा तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य श्रावण पूर्णिमा से पहले पूर्ण करने कि बात कांवरियों को असुविधा नहीं हो। इस अवसर पर मंदिर न्यास समिति के सचिव पिंटू यादव, प्रदीप शर्मा,चन्दन यादव, देवनारायण नुनिया, पंचा यादव, सनी यादव, फनी सिंह, श्यामनगर यादव सहित अन्य कमेटी सदस्य उपस्थित रहे ।

### छापेमारी में नाश्ता दुकान से 11 लीटर देशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**कुरसेला /कटिहार (नबिटासं)।** कुरसेला पुलिस ने मंगलवार को कुरसेला चौक स्थित एक नाश्ता दुकान में छापेमारी कर 11 लीटर देशी शराब बरामद की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त नाश्ता दुकान में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस बल के साथ छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान दुकान से 11 लीटर देशी शराब बरामद हुई। छापेमारी के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी थी।

# कोलकाता से बारसोई आ रहे मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई/कटिहार।** बहन की शादी के लिए कोलकाता से अपने गांव लौट रहे बारसोई के एक प्रवासी मजूदर मोहम्मद जाकिर (22) की सोमवार की रात वर्धमान जंक्शन के समीप ट्रेन से कटकर दर्दनाक मृत्यु हो गई। मृतक जाकिर बारसोई प्रखंड के बेलवा पंचायत स्थित लगूवा ग्राम निवासी मोहम्मद मुस्लिम का पुत्र है। सोमवार की देर रात जैसे ही जाकिर की मौत की खबर उसके परिवार वालों को मिली। वैसे ही घर में मानों कोहराम ही मच गया।



मृतक के परिवार वाले सभी लोग छाती पीट-पीट कर रोने लगे। घर में होने वाली शादी की खुशियाँ पूरी तरह से मातम में तब्दील हो गईं। मृतक की शादी भी अब से डेढ़ वर्ष पूर्व ही हुईं हैं। पत्नी अभी गर्भ से है। पति की अकाल मृत्यु की खबर सुनकर पत्नी बिलकुल ही बेसुध हो गई। इस संबंध में बड़े ही दुखी मन से मंगलवार को मृतक के पिता ने बताया कि उनका बेटा जाकिर कोलकाता में एक होटल में बावर्ची का काम किया करता था। वह अपनी छोटी बहन की शादी में शरीक होने के लिए कोलकाता से बारसोई आ रहा था। पिता नें जानकारी दी कि मृतक सोमवार की रात कोलकाता से कंचनजंघा एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से घर आ रहा था। मृतक के परिवार वालों ने अंदेशा जाहिर करते हुए कहा कि शायद किसी ने मृतक को धक्का दे दिया। जिसके चलते वह दूसरी पटरी पर गिर पड़ा। दुर्भाग्य से उस दौरान मृतक दूसरी पटरी पर तेज गति से आ रहीं अन्य ट्रेन के चपेट में आ गया। बुरी तरह कट जाने से उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पिता ने रोते हुए बताया कि रेलवे प्रशासन के द्वारा उन्हें सुचना दी गई हैं। परिवार के सदस्य जाकिर के शव को लाने के लिए निकल चुके हैं। घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पंचायत की मुखिया सलमा खातून, पैक्स अध्यक्ष मोहम्मद तैयब तथा जिप सदस्य प्रत्याशी फरीद आलम, मोहम्मद इम्दादूल्लाह, हाफिज सनाउल्लाह ने प्रशासन से मृतक के आश्रितों को अविलम्ब उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# सतर्कता, समय पर इलाज और बचाव ही मलेरिया उन्मूलन का सबसे बड़ा हथियार : डॉ. शशि भूषण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** रामदयालु सिंह महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग एवं आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में "विश्व मलेरिया दिवस" के अवसर पर लेक्चर एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन का आयोजन सेमिनार सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ शशि भूषण कुमार ने कहा कि सतर्कता, समय पर इलाज और बचाव ही मलेरिया जैसी बीमारी से मुक्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि 2024 में दुनिया भर में करीब 282 मिलियन मलेरिया के मामले और 6.1 लाख मौतें दर्ज की गई है, जिससे यह स्पष्ट है कि यह बीमारी अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई है।



इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने मलेरिया बीमारी से उन्मूलन को केंद्र में रखकर पोस्टर प्रेजेंटेशन भी किया। पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशबू कुमारी, द्वितीय स्थान प्रियांशु कुमार और तृतीय स्थान रश्मि भारती ने प्राप्त किया। इन्हें प्राचार्य ने मेडल देकर सम्मानित किया। स्वर्णिका राज और अंचल कुमारी ने अपने वक्तव्य के माध्यम से मलेरिया से बचाव के तरीकों पर प्रकाश डाला। विषय प्रवेश कराते हुए जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ आशुतोष मिश्रा ने कहा कि विश्व मलेरिया दिवस 2026 का थीम है : अब मलेरिया खत्म करने का समय है और इसके लिए तुरंत कदम उठाने होंगे। आगे उन्होंने बताया कि मलेरिया का मुख्य रोगजनक प्लाज्मोडियम नामक एक कोशिकीय प्रोटोजोवा परजीवी है। यह परजीवी यकृत और लाल रक्त कोशिका को संक्रमित करता है। यह बीमारी अभी भी पूरे विश्व में बड़ी चुनौती बनी हुई। सही निवेश, जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी से मलेरिया को खत्म किया जा सकता है।

वक्ता के रूप में डॉ नीलिमा झा, डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, डॉ संजय कुमार सुमन एवं डॉ एम एन रजवी ने मलेरिया से बचाव के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ रजनीकांत पांडे एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ नीरज कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में डॉ भगवान कुमार, डॉ आशीष कांता, डॉ सुमन लता, डॉ आयशा जमाल, डॉ श्रुति मिश्रा, डॉ कृतिका वर्मा, डॉ नेयाज अहमद, डॉ अंजनी शुक्ला, डॉ पंकज तिवारी, डॉ ललित किशोर, डॉ विकास कुमार, डॉ प्रबाल चटर्जी, श्रीमती डेजी कुमारी समेत सभी विभागों के शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# जिला समन्वय समिति की बैठक में स्वगणना सहित अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** एनआईसी सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को 01 मई तक स्वगणना कार्य को जिम्मेवारीपूर्वक पूरा करा लेने का निर्देश दिया।उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को घर-घर जाकर लोगों को स्वगणना के लिए प्रोत्साहित करने की बात कहे।ताकि 02 मई से होने वाले मकान सूचीकरण कार्य में कोई बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जीविका के पदाधिकारियों को निदेश दिया कि अपने अधीनस्थ कर्मियों की स्वगणना कराकर जिला मुख्यालय को रिपोर्ट प्रेषित करने का निर्देश दिया। जबकि पीएचईडी विभाग को चापाकलों की मरम्मत करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गेहूं अधिप्राप्ति सुनिश्चित करने को कहा गया,तो जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी को पांडुलिपियों को संग्रहित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पीपीटी के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जाने वाली गतिविधियों एवं योजनाओं की समीक्षा के दौरान शिक्षा,पर्यटन, कला-संस्कृति एवं युवा, खेल, परिवहन,मद्य निषेध, नगर निगम, श्रम संसाधन, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण पथ विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग जैसे अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा कर जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय बढ़ा कर जनकल्याणकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिया।



## पलटनिया चौक पर तीन शराबी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** रौतारा थाना क्षेत्र के पलटनिया चौक पर पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए शराब के नशे में हंगामा कर रहे तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रौतारा थाना कांड संख्या 90/26 के प्राथमिक अभियुक्तों के रूप में हुई है।गिरफ्तार अभियुक्तों में रौतारा स्कूल टोला निवासी सुमन कुमार,भैंसना चापी निवासी रामचंद्र चौहान एवं ओम प्रकाश चौहान शामिल हैं। तीनों रौतारा थाना क्षेत्र के निवासी हैं।पुलिस द्वारा विधिवत गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। इसके उपरांत आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय, कटिहार में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया।

# मुजफ्फरपुर में ट्रिपल मर्डर, लगाया आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में ट्रिपल मर्डर का मामला सामने आया है। घर में घुसकर महिला और उसके दो बच्चों की हत्या की गई है। मंगलवार सुबह कमरे में बेड पर तीनों के शव मिले हैं। घटना कांटी थाना क्षेत्र के मधुबन जगदीश की है। मृतकों की पहचान मिठाई लाल की पत्नी रीता देवी (30), बेटी वैष्णवी (2 साल) और बेटा कन्हैया (3 महीना) के तौर पर हुई है। पति ने बताया, मैं बारात में गया था, सुबह लौटा तो देखा घर का दरवाजा बाहर से बंद था, गेट खोला तो बेड पर लाश थी। पास ही एक रस्सी पड़ी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए ऊढ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी, ग्रामीण रढ राजेश सिंह प्रभाकर मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। महिला के पति मिठाई लाल शाह कैटरिंग का काम करते हैं। मिठाई लाल ने बताया, सोमवार की रात एक कैटरिंग ऑर्डर को पूरा करने के लिए मैं अपने भाई के साथ बारात में गया था। मंगलवार सुबह करीब 3.30 बजे घर पहुंचा। घर के सभी दरवाजे बाहर से बंद थे। तभी मुझे शक हुआ। मैंने और भाई ने जैसे-तैसे घर का दरवाजा खोला और अंदर गए। मिठाई लाल का कहना है, कमरे में गए तो देखा, बेड पर मेरी पत्नी और दोनों बच्चों की लाश पड़ी थी। एक ही रस्सी से तीनों की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। मेरा परिवार उजड़ गया। मिठाई लाल की शादी 2019 में हुई थी।

# स्व-गणना की रफ़्तार परखने खुद वार्डों में पहुंचे डीएम और नगर आयुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** नगर निगम कटिहार क्षेत्र के अंतर्गत स्व-गणना कार्य को गति देने और इसकी सटीकता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी कड़ी में मंगलवार को जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं नगर आयुक्त संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से वार्ड नंबर 6 में आयोजित संध्या चौपाल' का औचक निरीक्षण किया। लोकेशन भरने में कर्मियों को मदद के निर्देश दिये ।निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्व-गणना की प्रक्रिया का बारीकी से जायजा लिया।



उन्होंने मौके पर मौजूद नागरिकों से संवाद किया और नगर निगम द्वारा प्रतिनियुक्त कर्मियों को कड़े निर्देश दिए कि नागरिकों को स्थान' का विवरण सही-सही भरने में हर संभव तकनीकी सहायता प्रदान करें। डीएम श्री द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि गणना का डेटा पूरी तरह सटीक होना चाहिए। ताकि भविष्य की योजनाओं का लाभ सही तरीके से मिल सके।वार्ड सभा और चौपाल से जागरूकता आती है। नगर निगम प्रशासन द्वारा स्व-गणना अभियान को सफल बनाने के लिए एक विशेष रणनीति के तहत काम किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रातः काल में सभी वार्डों में कर्मियों और सुपरवाइजरों के माध्यम से वार्ड सभा का आयोजन किया जा रहा है।संध्या काल में कामकाजी लोगों और आम जनता की सुविधा के लिए संध्या चौपाल लगाई जा रही है।नगर निगम के कर्मी घर-घर जाकर लोगों को इस प्रक्रिया से जोड़ रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी नागरिक इस महत्वपूर्ण स्व-गणना से वंचित न रहे और दी गई जानकारी त्रुटिहीन हो। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी, संबंधित वार्ड के सुपरवाइजर और भारी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। प्रशासन की इस सक्रियता से क्षेत्र में स्व-गणना के कार्य में काफी तेजी देखी जा रही है। मौके पर नोडल पदाधिकारी निगम नुर आलम सहित अन्य मौजूद रहे।

# डीएम के निर्देश पर जांच के लिए श्रम अधीक्षक पहुंचे सदर अस्पताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार जिला 102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ के मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य समिति कटिहार के अध्यक्ष सह जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी से मिलकर 102 एम्बुलेंस के चालक एवं ईएमटी कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं को लेकर मांग पत्र दिया था। श्री सिंह ने बताया कि जैन प्लस एजेंसी के द्वारा कर्मचारियों को लगभग चार माह से वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों को भविष्य निधि, कर्मचारी राज बीमा निगम, श्रम संसाधन विभाग के द्वारा घोषित न्यूनतम मजदूरी, दुर्घटना बीमा, नियुक्ति पत्र,एजेंसी के पदाधिकारी के द्वारा कर्मचारियों के साथ हिटलरशाही रवैया अपनाने बेवजह अवैध राशि वसूलने सहित दर्जनों मांगों को लेकर जिला पदाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्यवाई की मांग किया था।



जिला पदाधिकारी ने सभी बातों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए श्रम अधीक्षक पीटर मिंज को जांच करने का आदेश दिया। जिला पदाधिकारी के निर्देश के साथ ही श्रम अधीक्षक पीटर मिंज सदर अस्पताल पहुंचे। स्वास्थ्य समिति कटिहार के सचिव सह सिविल सर्जन जितेंद्र नाथ सिंह, जैन प्लस एजेंसी के सीएल कुंवर सिंह, पवन कुमार सहित वरीय पदाधिकारी से दूरभाष पर बात कर अविलंब कर्मचारियों के बकाया लगभग चार माह का वेतन, श्रम अधिनियम को शत प्रतिशत लागू करने सहित अन्य सभी मांगों को पूरा करने का निर्देश दिये। श्रम अधीक्षक ने कहा कि अगर जल्द कर्मचारियों की सभी मांगे पूरी नहीं हुई तो ह बड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही उन्होंने सदर अस्पताल के प्रांगण में लगभग डेढ़ दर्जन चालक एवं ईएमटी कर्मचारियों से बारी-बारी से बयान लिया। मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने बताया कि जिला पदाधिकारी के निर्देश पर श्रम अधीक्षक के सदर अस्पताल प्रांगण पहुंच कर सभी समस्याओं से अवगत होने एवं कार्रवाई के भरोसे से संघ में एक उम्मीद की किरण जगी है।

# प्रमुख चौक-चौराहों पर सघन वाहन चेकिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त निर्देश पर जिले भर के प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में कोलासी बाजार में कोलासी पुलिस शिविर की टीम ने मंगलवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक सघन वाहन जांच अभियान संचालित किया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने बाजार से गुजरने वाले दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को रोककर उनके आवश्यक कागजातों की गहन जांच की। वाहन चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस,वाहन निबंधन प्रमाण पत्र, बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र की जांच की गई। साथ ही मोटरसाइकिल चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया।विशेष रूप से बिना हेलमेट वाहन चला रहे बाइक सवारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उनका चालान काटा गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा।कोलासी पुलिस ने आम लोगों से अपील की कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करें तथा सभी आवश्यक कागजात अपने साथ रखें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरारी में साप्ताहिक बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बराबरी (कटिहार)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरारी में साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता डॉ. मुसर्रफ हुसैन ने की।इस मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक एखलाक आलम मौजूद रहे। इस दौरान सभी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र के एएनएम उपस्थित हुए, इस दौरान सरकार द्वारा चलाये गए योजनाओं की समीक्षा की गई।



जिसमें 14 से 15 वर्ष के बच्चों को गाडाशील टिका ज्यादा से ज्यादा करने के निर्देश दिया गया। साथ ही जिस स्कूल एचपीवी का पहला डोज दिया गया है। उस स्कूल में दूसरा डोज दिया जाना है। जागरूकता के कारण स्कूलों में डोज कम पड़ रहा है। इसके अलावा आरसीएच अनमोल, एमसीडी के बारे में भी समीक्षा की गई। जिस स्वास्थ्य उपकेंद्र का तीनो आरसीएच अनमोल, एमसीडी में परफॉर्मेंस कम है। उन्हें स्पष्टीकरण मांगा गया है। मौके पर बीसीएम मरगूब आलम, सीएअचो, एनएम आदि मौजूद रहे ।

# गैरकी विद्यालय में इंटर व मैट्रिक टॉपर को मिले मेडल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** इंटरमीडिएट व मैट्रिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले मध्य सह उच्च विद्यालय गैरकी के छात्र-छात्राओं को मंगलवार को आयोजित समारोह में मेडल देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गैरकी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नूर आलम मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सज्जाद आलम ने की, जबकि संचालन उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक एजाज अहमद ने किया। कार्यक्रम का प्रबंधन शिक्षक राजीव यादव ने संभाला। इंटरमीडिएट में विद्यालय के टॉपर इश्तियाक ने 441 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। फरहत 420 अंकों के साथ दूसरे व शीरत 413 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं मैट्रिक परीक्षा में साहेब ने 459 अंक लाकर पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि रिया कुमारी 418 अंकों के साथ दूसरे व जीशान 390 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सभी सफल छात्र-छात्राओं को अतिथियों व शिक्षकों ने मेडल देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि नूर आलम ने कहा कि गैरकी विद्यालय के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। हर वर्ष यहां के छात्र बेहतर परिणाम लाकर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। इसके लिए शिक्षक बधाई के पात्र हैं। वहीं छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय प्रधानाध्यापक व शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। प्रधानाध्यापक एजाज अहमद, सज्जाद आलम व शिक्षक राजीव यादव ने कहा कि छात्रों की सफलता से विद्यालय और पंचायत दोनों गौरवान्वित हुए हैं। कॉन्सेप्ट क्लासेज के छात्रों ने भी बेहतर परिणाम देकर प्रखंड स्तर पर पहचान बनाई। आर्ट्स संकाय में सल्तनत ने 460 अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीदा नूरी (459) दूसरे व अब्दुल गफ्फार (456) तीसरे स्थान पर रहे। रुकय्या (439), सानिया (437), अफरीन (432) व सुमैया (432) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी को डायरेक्टर एहतिशाम आलम ने सम्मानित किया। शिक्षा प्लस संस्थान में भी मैट्रिक परीक्षा में छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। तराना ने 460 अंक लाकर टॉप किया। अरमान आलम (458) दूसरे स्थान पर रहे, जबकि इरफान आलम व राहिल ने 456-456 अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। अलकमा तहसीन (455), नासिक (454), हलीमा व मो. अमन (451-451) तथा ताहेरा नाज व मासुक रब्बानी (450-450) ने टॉप-10 में जगह बनाई।



# 8वां वेतन आयोग: पोस्टमैन की बेसिक सैलरी 1.12 लाख होगी अगर सुन ली गई डिमांड, बंपर इंक्रीमेंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 8वें वेतन आयोग की देश में खूब चर्चा है। केंद्रीय कर्मचारियों की यूनियनें अपनी-अपनी सिफारिशें सौंप रही हैं। फेडरेशन ऑफ नेशनल पोस्टल ऑर्गेनाइजेशंस ने भी ऐसा ही किया है। उसकी कुछ प्रमुख मांगों में पोस्टमैन की बेसिक सैलरी 1.12 लाख रुपये करना, फिटमेंट फैक्टर 3.83 रखना, 8वें वेतन आयोग में ग्रामीण डाक सेवक को शामिल करना और 6% की सालाना बढ़ोतरी शामिल हैं। एफएनपीओ ने 20 अप्रैल, 2026 को 8वें वेतन आयोग को सौंपे गए मेमोरेंडम में ये मांगें उठाई हैं। डाक कर्मचारियों के इस संगठन ने अपना मेमोरेंडम तब सौंपा, जब 8वां वेतन आयोग 28-30 अप्रैल को नई दिल्ली में यूनियनों और संगठनों से मिलने वाला है। एफएनपीओ के मेमोरेंडम में डाक सहायकों, सॉर्टिंग सहायकों, डाकियों, मेल गार्डों, सिविल विंग, प्रशासनिक कार्यालयों, लेखा, मार्केटिंग अधिकारियों, सिस्टम प्रशासकों, विकास अधिकारियों और अन्य से जुड़े मुद्दे शामिल थे। 8वें वेतन आयोग से की मुख्य मांगें यहां दी गई हैं। प्रस्ताव है कि मॉडिफाइड एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन स्कीम के





तहत, सभी डाक कर्मचारियों को उनकी सेवा के दौरान कम से कम पांच प्रमोशन मिलने चाहिए। डाक कर्मचारी संगठन का तर्क है कि वेतन में ठहराव की समस्या को दूर करने और बहु-कुशल अधिकारियों के अनुरूप सार्थक करियर उन्नति देने के लिए ऐसे सुधार की जरूरत है। एनऊएनपीओ ने श्रेणी के शहरों के लिए बेसिक सैलरी का 30%, वाय-श्रेणी के शहरों के लिए 35% और एक्स-श्रेणी के शहरों के लिए 40% हाउस रेंट अलाउंस का प्रस्ताव दिया है। हर छह महीने में होने वाले संशोधन के साथ कभी उसी अनुपात में बढ़ना चाहिए। हर 1% की वृद्धि की खातिर हर श्रेणी के लिए प्रतिशत में एक संबंधित फैक्टर (0.1%-0.2%) की बढ़ोतरी होनी चाहिए।

### एंट्री लेवल कर्मचारी को 69,000 रुपये न्यूनतम सैलरी

एफएनपीओ ने लेवल 1 (शुरुआती स्तर) के कर्मचारी के लिए न्यूनतम मूल वेतन 69,000 रुपये का प्रस्ताव दिया है। डाक कर्मचारियों के इस संगठन ने मल्टी-टास्किंग स्टाफ कर्मचारी के लिए इस वेतन का प्रस्ताव दिया है। 7वें वेतन आयोग के तहत शुरुआती स्तर के कर्मचारी का मूल वेतन 18,000 रुपये है। डाकिया या मेल गार्ड, जो लेवल 5 का कर्मचारी है, के लिए ने मूल वेतन 25,500 रुपये से बढ़ाकर 1,12,000 रुपये करने का प्रस्ताव दिया है। डाक संगठन ने लेवल 2 और 3 के साथ लेवल 8, 9 और 10 को आपस में मिलाने का सुझाव भी दिया है।

### 3.83 का फिटमेंट फैक्टर

एफएनपीओ ने सभी कैडर के सभी डाक कर्मचारियों के लिए 3.83 के फिटमेंट फैक्टर का प्रस्ताव दिया है। 7वें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 2.57 था। फिटमेंट फैक्टर वेतन और पेंशन में संशोधन के लिए मल्टीप्लायर होता है। 3.83 के फिटमेंट फैक्टर का मतलब है कि एक नए वेतन आयोग में किसी कर्मचारी की बेसिक सैलरी या किसी पेंशनर की बेसिक पेंशन को 3.83 से गुणा किया जाएगा।

### 6% की सालाना वेतन बढ़ोतरी

डाक कर्मचारी संगठन ने 6% की सालाना वेतन वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। 7वें वेतन आयोग के तहत कर्मचारियों को उनकी बेसिक सैलरी पर 3% की सालाना वेतन वृद्धि मिलती है। एफएनओपी का तर्क है कि 6वें सीपीसी के बाद से सालाना वेतन वृद्धि बेसिक सैलरी के 3% पर ही अटकी हुई है। जोड़ लेते हैं, तब भी यह दर असल आय को खास तरीके से नहीं बढ़ा पाती। खासकर इसलिए क्योंकि शहरी आवास, खास स्वास्थ्य सेवा और उच्च शिक्षा की लागत इंडेक्सिंग तरीकों की तुलना में ज्यादा तेजी से बढ़ रही है।

## डीजल में अल्कोहल, कमर्शियल एलपीजी में डीएमई मिलाने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया तनाव के बीच ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम



करने के लिए सरकार ने ब्लेंडेड डीजल और कमर्शियल की शुरुआत की दिशा में अहम कदम उठाए हैं। भारतीय मानक ब्यूरो इन ईंधनों के लिए गुणवत्ता मानकों को अंतिम रूप देने में जुटा है। उन मानकों को अंतिम रूप दे रहा है, जिनके तहत डीजल में 10% आइसोब्यूटाइल अल्कोहल मिलाया जाएगा। एक ज्वलनशील लिक्विड है, जो आमतौर पर अनाजों से बनता है। रिफाइनरियों और ट्रांसपोर्ट इंडस्ट्रीज से मिले सुझावों के आधार पर ये मानक तैयार किए जा रहे हैं। 15 जून 2026 तक यह मानक जारी होने की उम्मीद है। टीम स्टेक होल्डर्स के साथ लगातार बैठकें कर रही है। आयातित क्रूड पर निर्भरता घटेगी और किसानों व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया बाजार मिल सकता है। सरकार ने कमर्शियल उपयोग के लिए (डाइमिथाइल ईथर) मिले मानकों को भी अंतिम रूप दे दिया है। प्राकृतिक गैस, कोयला और बायोमास से बनाया जा सकता है। इसके नोटिफिकेशन की संभावित तिथि 15 मई 2026 है। इस दिन संशोधित मानक जारी करने की संभावना है। घरेलू सिलेंडरों में अभी मिश्रण नहीं किया जाएगा। यह केवल होटल, रेस्टोरेंट, उद्योगों जैसे कमर्शियल यूजर के लिए होगा। अधिकारियों के अनुसार, मिश्रण घरेलू खाना पकाने के लिए फिलहाल उपयुक्त नहीं है। ब्लेंडेड डीजल के मसौदा मानक को भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के डॉ. भारत नेवलकर की अगुवाई वाले वर्किंग ग्रुप ने तैयार किया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने फ्यूल कैरेक्टराइजेशन स्टडी किए, जिसके बाद और सैंपल टेस्ट किए गए। अंतिम अधिसूचना से पहले मानकों का ड्राफ्ट सार्वजनिक सुझावों के लिए जारी किया जाएगा। बता दें ऑटोमोटिव को छोड़कर घरेलू, कमर्शियल, इंडस्ट्रियल इस्तेमाल के लिए भारत के पास पहले से मिश्रण के लिए एक मानक मौजूद है, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया था। अब सरकार ने इसे केवल कमर्शियल इस्तेमाल के लिए प्राथमिकता देते हुए संशोधन का फैसला किया है।

## आने वाले महीनों में महंगी हो सकती है कार, ऑटो इंडस्ट्रीज पर बढ़ती लागत का बड़ा संकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेटल्स, पॉलिमर और कीमती धातुओं की बढ़ती कीमतें कार निर्माताओं के मुनाफे को निचोड़ रही हैं। कमजोर रुपये ने समस्या और बढ़ा दी है, जिससे कंपनियों को अपने मार्जिन बचाने के लिए गाड़ियों के दाम बढ़ाने होंगे। ऑटोमोबाइल कंपनियों के सामने लागत का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। मार्च 2026 से स्टील, मेटल और प्लास्टिक जैसे जरूरी कच्चे माल की कीमतों में तेज उछाल आया है। इससे कंपनियों के मुनाफे पर असर पड़ेगा और गाड़ियों की मांग भी घट सकती है। यह जानकारी सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के ताजा आंकड़ों में सामने आई है। टाइम्स ऑफ इंडिया की खबर के मुताबिक पश्चिम एशिया में जंग के चलते स्टील के दाम बढ़े हैं। मार्च 2026 में स्टील का भाव करीब 10 प्रतिशत बढ़कर 60,000 रुपये प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, स्टेनलेस स्टील 16 प्रतिशत महंगा होकर 2 लाख रुपये प्रति टन से ऊपर निकल गया, जिससे गाड़ियों के बॉडी और दूसरे पुर्जों की लागत बढ़ गई। स्टील बनाने में इस्तेमाल होने वाले कोकिंग कोल की कीमत में 31 प्रतिशत का उछाल देखा गया। एल्युमीनियम (27 प्रतिशत) और कॉपर (28 प्रतिशत) के दाम लगभग एक-तिहाई बढ़ चुके हैं। गाड़ियों के इंटीरियर और पुर्जों में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के दाम और भी तेजी से बढ़े हैं। पॉलीप्रोपाइलीन जैसे थर्मोप्लास्टिक 34 प्रतिशत महंगा होकर 136.2 रुपये प्रति किलो (पिछले साल 102 रुपये था) हो गया है, पॉलीकार्बोनेट 9 प्रतिशत बढ़कर 227 रुपये प्रति किलो पहुंच गया।

## मुकेश अंबानी ने लगाया 1.6 लाख करोड़ का दांव, आंध्र प्रदेश में लगेगा भारत का सबसे बड़ा एआई डेटा सेंटर

**मुंबई, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में भारत का सबसे बड़ा डेटा सेंटर क्लस्टर स्थापित करने जा रही है। मुकेश अंबानी की यह कंपनी इस परियोजना में 1.6 लाख करोड़ रुपये (17 अरब डॉलर से ज्यादा) का निवेश करेगी। अंबानी के अलावा




गौतम अडानी भी इस सेक्टर में कूद चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, यह परियोजना 1.5 गीगावॉट क्षमता वाली होगी, जो भारत में अब तक की सबसे बड़ी डेटा सेंटर परियोजना मानी जा रही है। यह गूगल के 1 गीगावॉट प्रोजेक्ट से भी बड़ी होगी, जो इसी क्षेत्र में बन रहा है। इकनॉमिक टाइम्स के अनुसार यह प्रोजेक्ट भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा स्टोरेज और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को नई ताकत देगा। साथ ही हजारों रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। कुल 1.6 लाख करोड़ रुपये में से 1.08 लाख करोड़ रुपये डेटा सेंटर क्लस्टर पर और 51,300 करोड़ रुपये इसके साथ जुड़े रिन्यूएबल एनर्जी (सौर ऊर्जा) प्रोजेक्ट पर खर्च किए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट को चलाने के लिए रिलायंस अपना खुद का सोलर बैटरी स्टोरेज सिस्टम और 9,000 मेगावाट क्षमता का सोलर प्रोजेक्ट भी लगाएगी।

**विशाखापत्तनम बना डेटा सेंटर हब:** आंध्र प्रदेश के आईटी मंत्री नारा लोकेश ने राज्य के लिए 6 गीगावाट होस्टिंग क्षमता का लक्ष्य रखा है। रिलायंस के इस निवेश के साथ राज्य अब तक 5.6 गीगावाट क्षमता के एमओयू साइन कर चुका है। विशाखापत्तनम में अन्य बड़े खिलाड़ी इस प्रकार हैं: कैपिटल गुड्स पर 100% स्टेट जीएसटी रिइम्बर्समेंट। मशीनरी पर 10% कैपिटल सब्सिडी। सीधे बिजली खरीद के लिए डीम्ड डिस्ट्रीब्यूशन लाइसेंस।

**विस्तार और बुनियादी ढांचा:** रिलायंस ने इस क्लस्टर के लिए 935 एकड़ जमीन की मांग की है। इसके अलावा, एक समुद्री जल विलवणीकरण संयंत्र के लिए 80 एकड़ और केबल लैंडिंग स्टेशन के लिए 1 एकड़ जमीन मांगी गई है। यह पूरा क्लस्टर विशाखापत्तनम के नए भोगापुरम एयरपोर्ट के पास स्थित होगा। डेटा सेंटर सेक्टर में सिर्फ अंबानी ही नहीं, अडानी भी उतर चुके हैं। दो महीने पहले फरवरी में अडानी ग्रुप ने दुनिया के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड एनर्जी-कंप्यूट प्रोजेक्ट में 100 अरब डॉलर का सीधा निवेश करने का ऐलान किया था। इस पैसे से साल 2035 तक ऐसे डेटा सेंटर बनाए जाएंगे जो पूरी तरह से रिन्यूएबल एनर्जी से चलेंगे और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के लिए तैयार होंगे। इनकी क्षमता (गीगावाट) से ज्यादा होगी। ये डेटा सेंटर चेन्नई, नोएडा, मुंबई, हैदराबाद आदि में बनाए जाएंगे।

## दिल्ली में गर्मी का लॉकडाउन, ग्राहक ना होने से सन्नाटे में डूबे बाजार, रोजाना 250 करोड़ का नुकसान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर भारत में पड़ रही भीषण गर्मी से देश की राजधानी दिल्ली का भी बुरा हाल है। गर्मी ने राजधानी में कारोबार पर भी गहरा असर डालना शुरू कर दिया है। दोपहर के समय शहर के कई प्रमुख बाजारों में सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है। जहां पहले ग्राहकों की भीड़ रहती थी, वहां अब खाली सड़कें नजर आ रही हैं। कारोबारियों का दावा है कि एनसीआर से आने वाले ग्राहकों की संख्या में करीब 50 फीसदी की गिरावट देखने को मिल रही है। कनॉट प्लेस, सदर बाजार , चांदनी चौक , करोल बाग, खारी बावली, कश्मीरी गेट, सरोजिनी नगर मार्केट और साउथ एक्सटेंशन समेत दिल्ली के बाजारों में ग्राहकों की संख्या अब घट गई है। सदर बाजार के कारोबारी देवराज बवेजा ने बताया कि सबसे ज्यादा असर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक देखने को मिल रहा है। इस दौरान तेज धूप और लू के कारण लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं।

### सूना पड़ा सदर बाजार

कारोबारी परमजीत सिंह पम्मा ने बताया कि सदर बाजार की सबसे ज्यादा जाम रहने वाली कुतुब रोड सूनी पड़ी है। आम दिनों में यहा पैदल चलना मुश्किल होता है। चांदनी चौक के कपड़ा कारोबारी अभिषेक गनेड़ीवाला का कहना है कि शादी का सीजन चल रहा है। बावजूद इसके सेल में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। धूप की वजह से आसपास के इलाकों से आने वाले ग्राहकों की संख्या में कमी आई है। इससे अब रोजगार भी प्रभावित हो रहा है। व्यापारी संगठन सीटीआई ने बताया कि हर रोज दिल्ली के रिटेल बाजारों में करीब 500 करोड़ रुपये का कारोबार होता है। बीते कुछ दिनों से भीषण गर्मी और लू ने कारोबार को प्रभावित कर दिया है। हालात ऐसे है कि यहा सामान की बिक्री आधी हो गई है। बताया कि कारोबारियो को शादियों के सीजन का इंतजार रहता है लेकिन इस अप्रैल में इतनी भीषण गर्मी पड़ने से कारोबार मंदा हो गया है।

## गहने छोड़ अब गोल्ड ईटीएफ और सिक्कों की ओर भागे भारतीय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में सोने को निवेश के तौर पर खरीदने का रुझान तेजी से बढ़ा है। साल 2025 में सोने की कुल खपत का लगभग 40% हिस्सा निवेश के रूप में खरीदा गया, जो पिछले कई सालों में सबसे ज्यादा है। इसमें गोल्ड का बड़ा हाथ रहा, जिसमें अकेले 37.5 टन सोना निवेश किया गया। यह पिछले 10 सालों में हुए कुल निवेश से भी ज्यादा है। दुनिया भर में जारी तनाव और सोने की रेकॉर्ड कीमतों की वजह से लोग अब गहनों के बजाय निवेश की ओर ज्यादा मुड़ रहे हैं। केयरएज रेटिंग्स की एक ताजा रिपोर्ट से ये जानकारी सामने आई है। रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि साल 2027 तक भी निवेश की यह मांग 35-40% के ऊंचे स्तर पर बनी रहेगी। इसकी वजह यह है कि लोग अपने निवेश को सुरक्षित रखने के लिए सोने को चुन रहे हैं। साथ ही केंद्रीय बैंक भी लगातार सोना खरीद रहे हैं। उम्मीद है कि साल 2026 तक सोने की कीमतें ऊंचे स्तर पर ही बनी रहेंगी, हालांकि बीच-बीच में इनमें उतार-चढ़ाव आ सकता है। साल 2025 में जहां गहनों की मांग में गिरावट आई है, वहीं सुरक्षित




निवेश के रूप में गोल्ड ईटीएफ और सिक्कों-बिस्कुटों के प्रति निवेशकों का रुझान रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक स्तर पर गोल्ड होल्डिंग्स में 801 मीट्रिक टन की वृद्धि हुई है। सोने की कुल खपत की हिस्सेदारी 2024 में लगभग शून्य थी, जो 2025 में बढ़कर 16% हो गई है। ज्वेलरी की मांग में गिरावट आई है। वैश्विक स्तर पर गहनों की हिस्सेदारी सालाना आधार पर 19% गिरकर 33% रह गई है। भारत में भी ज्वेलरी की खपत 70% के औसत से गिरकर 60% से नीचे आ गई है। साल 2025 में वैश्विक निवेश मांग 2,175 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जिसने 2020 के 1,805 रूक्ष के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। भारत में सोने की कुल खपत में निवेश की हिस्सेदारी साल 2024 के 29% से बढ़कर 2025 में 42% हो गई है। अकेले 2025 में भारतीयों ने में 37.5 टन सोना जोड़ा, जो पिछले 10 वर्षों के कुल निवेश से भी अधिक है। सोने की खपत का पैटर्न बदल रहा है। भू-राजनीतिक अनिश्चितता और पोर्टफोलियो विविधीकरण की वजह से निवेश की मांग बढ़ती रहेगी। वित्त वर्ष 2027 तक कुल सोने की खपत में निवेश की हिस्सेदारी 35 से 40% रहने का अनुमान है। सोने की बढ़ती कीमतों के कारण उपभोक्ताओं के व्यवहार में बदलाव आया है।

# हेल्थ इंश्योरेंस का प्रीमियम घटाने के स्मार्ट तरीके, विशेषज्ञ से समझें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के चीफ चेक्निकल ऑफिसर अमरनाथ सक्सेना का कहना है कि हेल्थ इंश्योरेंस के प्रति यह सोच नहीं रखनी चाहिए कि यह सिर्फ एकबारगी की खरीद है और इसमें कभी बदलाव नहीं होगा। इसे एक सुरक्षित आर्थिक फैसला समझना चाहिए। इसमें आपकी जिंदगी में आने वाले पड़ाव, स्थिति और बढ़ते मेडिकल खर्च के अनुसार बदलाव होते हैं। जिस तरह से दिनों-दिन महंगाई बढ़ रही है, उसी तरह से बीमारी के इलाज का खर्च भी बढ़ रहा है। आज हम यहां बता रहे हैं हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदने के कुछ स्मार्ट तरीके, जिससे आपके हेल्थ इंश्योरेंस का प्रीमियम कम हो सके। भारत में एक व्यवस्थित तरीके से हेल्थ इंश्योरेंस की प्रीमियम में संशोधन किया जाता है। आमतौर पर इंश्योरेंस कंपनियां लंबी अवधि में प्रीमियम में समीक्षा और संशोधन का काम करती हैं। वे अक्सर ऐसा तीन साल में एक बार करती हैं। कीमत में संशोधन की मुख्य वजह है मेडिकल महंगाई में लगातार हो रही वृद्धि। ट्रेंड बताते हैं कि भारत में मेडिकल महंगाई प्रति वर्ष 12 से 15% है। इस बढ़त के पीछे मुख्य वजह है अस्पताल में भर्ती होने के बढ़ते खर्च,




मेडिकल टेक्नोलॉजी में हो रही उन्नति और स्वास्थ्य सेवाओं में दिनों-दिन बढ़ती कीमतें। इसलिए जब आप हेल्थ इंश्योरेंस की पॉलिसी लेते हैं तो स्मार्ट तरीका अपनाएं। अगर आप डिडक्टिबल या स्वैच्छिक रूप से को-पेमेंट का विकल्प चुनते हैं, तो आपकी प्रीमियम काफी हद तक कम हो सकती है। इसका अर्थ यह है कि आप क्लेम राशि के एक हिस्से का भुगतान करने की सहमति देते हैं, जिससे कि इंश्योरेंस कंपनी पर भुगतान का बोझ कम हो जाता है। यही वजह है कि इससे आपकी प्रीमियम कम हो जाती है। यह चीज उन लोगों के लिए उपयुक्त हैं जो कि अपने छोटे-मोटे मेडिकल बिलों का भुगतान खुद करते हैं और अस्पताल में भर्ती होने के दौरान बड़े खर्चों से सुरक्षा पाना चाहते हैं। बाद,सुपर टॉप-अप प्लानआपको बेहद कम कीमत पर अतिरिक्त कवरेज प्रदान करता है। इससे न केवल कवरेज बढ़ाने में मदद मिलती है, बल्कि प्रीमियम में भी कोई तेज वृद्धि नहीं होती। युवा दंपतियों के लिए फ्लोटर प्लान इंडिविजुअल प्लान की तुलना में बेहद कारगर साबित होता है। इसमें इंश्योरेंस की राशि सभी सदस्यों के बीच साझा हो जाती है। यही वजह है कि हर व्यक्ति के लिए अलग से कवर लेने के बजाय इसका प्रीमियम आमतौर पर कम होता है। इसकी एक और वजह यह है कि इसमें जोखिम का स्तर औसत होता है। हालांकि ऐड-ऑन से आपका कवरेज तो बेहतर हो जाता है, लेकिन हरेक व्यक्ति के लिए सभी चीजें जरूरी नहीं होती हैं। इसलिए कमरे के किराए में छूट, मैटरनिटी कवर या ओपीडी लाभ जैसे राइडर का चुनाव सोच-समझकर करें।

# कंगाली की राह पर पाकिस्तान सेंट्रल बैंक ने 100 बेसिस प्वाइंट बढ़ाई ब्याज दर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार में महंगाई अपने चरम पर है। ग्लोबल टेंशन के बीच हालात बेकाबू होने लगे हैं और इसका खतरा पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पर बढ़ने की आशंका है। इस बीच, पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने एक बड़ा झटका दे दिया है। दरअसल, पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक- स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने सोमवार को बड़ा फैसला लेते हुए अपनी प्रमुख नीति ब्याज दर में 100 बेसिस प्वाइंट (1 प्रतिशत) की बढ़ोतरी कर दी। इस बढ़ोतरी के साथ पाकिस्तान में ब्याज दर 10.5 प्रतिशत से बढ़कर 11.5 प्रतिशत हो गई है। लगभग तीन साल में पहली बार है जब पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर में इजाफा किया है।

स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान की मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी ने

### 3.45 अरब डॉलर का कर्ज चुकाया


अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच तनाव को इस बढ़ोतरी का कारण बताया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि ग्लोबल तेल कीमतों, माल



ढुलाई खर्च और बीमा प्रीमियम में तेजी आई है। इसका असर पाकिस्तान जैसी आयात-निर्भर अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। कमेटी को डर है कि युद्ध अगर लंबा खिंच गया तो पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पर खतरा बढ़ जाएगा। केंद्रीय बैंक के मुताबिक ऊर्जा कीमतों में उछाल और सप्लाई चेन में रुकावटों के कारण आने वाले महीनों में महंगाई बढ़ने की आशंका है।

स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के मुताबिक मार्च 2026 में पाकिस्तान की महंगाई दर बढ़कर 7.3 प्रतिशत हो गई। बैंक को डर है कि आने वाले महीनों में महंगाई दहाई अंक यानी 10% से ऊपर तक जा सकती है। वित्त वर्ष 2027 के अधिकतर समय तक महंगाई 5 से 7 प्रतिशत के टारगेट से ऊपर रह सकती है। बता दें कि पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक को सरकार की ओर से महंगाई को इस दायरे में रखने को टारगेट मिला है। वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में पाकिस्तान की ग्रोथ 3.8 प्रतिशत रही जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 1.9 प्रतिशत थी। वहीं,24 अप्रैल तक पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार करीब 15.8 अरब डॉलर रहे।

पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात का कुल 3.45 अरब डॉलर का कर्ज चुका दिया है। देश के सेंट्रल बैंक ने हाल ही में यह जानकारी दी।



## साउथ के इस मशहूर एक्टर के साथ नजर आएंगे अक्षय कुमार?



बॉलीवुड के एक्टर अक्षय कुमार 'भूत बंगला' की कामयाबी से खुश हैं। खबरें हैं कि वह जल्द ही एक बड़े बजट की हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में काम करने वाले हैं। उनके साथ साउथ के कलाकार राणा दग्गुबाती होंगे। इस प्रोजेक्ट को लेकर अभी से काफी चर्चा हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म के निर्देशक चंदू मोंडेती होंगे।

### मेकर्स देंगे सरप्राइज

123 तेलुगु के मुताबिक राणा दग्गुबाती एक महत्वाकांक्षी हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में लीड रोल निभाएंगे। इसकी कहानी उज्जैन के रहस्यमयी बैकग्राउंड पर आधारित होगी। इस फिल्म की कास्ट में अक्षय कुमार भी शामिल हो गए हैं। मेकर्स ने एक बड़ा सरप्राइज भी छिपाकर रखा है। ऐसी अफवाहें हैं कि कोई टॉप हीरो इस फिल्म में कैमियो कर सकता है। हालांकि प्रोजेक्ट को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक एलान नहीं हुआ है।

### धर्मा प्रोडक्शंस कर रहा सपोर्ट

इस बड़े प्रोजेक्ट को करण जौहर का धर्मा प्रोडक्शंस सपोर्ट कर रहा है। इससे लगता है कि यह प्रोजेक्ट पैन-इंडिया लेवल का होगा। इस फिल्म को चंदू मोंडेती डायरेक्ट करेंगे। चंदू को 'कार्तिकेय 2' को निर्देशित करने के लिए जाना जाता है। वह पुरानी पहेलियों और रहस्यों पर आधारित कहानियां बुनने के लिए जाने जाते हैं।

### अक्षय कुमार का वर्क फ्रंट

अक्षय कुमार फिलहाल हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में तब्बू और वामिका गब्बी भी अहम किरदारों में हैं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वह जल्द ही फिल्म 'हैवान' का भी हिस्सा होंगे।

### राणा दग्गुबाती का वर्क फ्रंट

खबरें हैं कि राणा दग्गुबाती फिल्म 'जय हनुमान' की कास्ट में शामिल हो गए हैं। हालांकि अभी तक इस बारे में कोई ऑफिशियल कन्फर्मेशन नहीं आई है। यह फिल्म, 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'हनुमान' का सीक्वल है।



# शरवरी ने ये प्रेम मोल लिया को बताया खास

**2022 की फिल्म 'ऊंचाई' के लिए बेस्ट डायरेक्टर का राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने के बाद, सूरज बड़जात्या वापस आ रहे हैं। उनकी नई फिल्म का नाम है 'ये प्रेम मोल लिया'। यह एक अच्छी पारिवारिक मनोरंजन फिल्म है। इस फिल्म को लेकर शरवरी वाघ बेहद खुश हैं और उन्होंने फिल्म के निर्देशक सूरज बड़जात्या के लिए कुछ खास लिखा है।**

### कैसी होगी फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया'

मेकर्स ने आज 21 अप्रैल को फिल्म का नाम 'ये प्रेम मोल लिया' और रिलीज डेट बताई है। फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' 27 नवंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें राजश्री के प्यारे किरदार 'प्रेम' को 12 साल बाद बड़े पर्दे पर लाया जा रहा है। आयुष्मान खुराना पहली बार प्रेम का रोल निभा रहे हैं। उनके साथ मुख्य अभिनेत्री शरवरी वाघ हैं। यह फिल्म राजश्री प्रोडक्शंस और महावीर जैन फिल्म्स ने मिलकर बनाई है।

### शरवरी का खास पोस्ट

शरवरी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, ' 'ये प्रेम मोल लिया' मेरे लिए एक बहुत खास फिल्म है। सूरज बड़जात्या के साथ काम करना मेरा सबसे बड़ा सपना सच होने जैसा लग रहा है। आयुष्मान के साथ यह सफर और भी खूबसूरत बन गया है।' शरवरी ने आगे लिखा, '27 नवंबर 2026 को सब लोग सिनेमाघर में फिल्म देखने जरूर आएं।'

### फिल्म का संगीत होगा खास

इस फिल्म में 12 साल बाद सूरज बड़जात्या और हिमेश रेशमिया फिर साथ काम कर रहे हैं। पिछली बार 2014 में सलमान खान की फिल्म 'प्रेम रतन धन पायो' में दोनों ने साथ काम किया था। उस वक्त कई हिट गाने आए थे। अब भी दमदार संगीत आने की उम्मीद है।

# आयुष्मान खुराना ने केरल में शुरू की थ्रिलर फिल्म की शूटिंग?



कॉमेडी फिल्मों के बाद अब आयुष्मान खुराना गंभीर भूमिका में वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन 'काला पानी' फेम समीर सक्सेना कर रहे हैं। फिल्म यश राज फिल्म्स और पोशम पा पिक्चर्स द्वारा बनाई जा रही है। आयुष्मान की इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल की शुरुआत में चुपचाप शुरू हो गई थी। पूरी शूटिंग मई के अंत तक खत्म होने की उम्मीद है। अभी फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है। कहानी को गुप्त रखा गया है, लेकिन कथित तौर पर इस फिल्म में आयुष्मान एक आम आदमी की भूमिका निभा रहे हैं, जो अचानक एक खतरनाक और मुश्किल स्थिति में फंस जाता है। इस फिल्म में ज्यादातर सहायक कलाकार नए या कम जाने-माने हैं, जिससे कहानी ज्यादा यथार्थवादी लगेगी।



# 'टोस्टर' में काम करना मेरे लिए मजेदार अनुभव रहा

'दंगल', 'बधाई हो' और 'जवान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों की एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा पिछले दिनों अपनी भावनात्मक फिल्म 'मिसेज के जीते अवॉर्ड्स' को लेकर खबरों में थीं, वहीं अब वह चर्चा में हैं अपनी कॉमिडी फिल्म 'टोस्टर' को लेकर। सान्या का कहना है कि अपनी कई फिल्मों में इमोशनल भूमिकाएं करने के बाद असल में वह ऐसे 'फील गुड किरदार' की तलाश में थीं। बकौल सान्या, 'इस फिल्म में काम करना मेरे लिए बहुत मजेदार अनुभव रहा, क्योंकि बतौर ऐक्टर मैं एक ऐसे किरदार के तलाश में थी जिससे मुझे फील गुड वाला अहसास कराए। मैंने इतनी कॉमिडी की भी नहीं है। मैंने ड्रामा वाली फिल्में ज्यादा की हैं और उसमें भी कुछ बहुत इमोशनल वाली भी रही हैं, ऐसे में कॉमिडी करना अच्छा ब्रेक था।' सान्या आगे बताती हैं, 'मुझे ऐसी मजेदार फिल्में देखना भी बहुत पसंद है। उस पर अगर आपको एक ऐसी टीम के साथ काम करने को मिले जहां आपको पता है कि आप सेट पर खुशी-खुशी जाओगे और खुशी-खुशी वापस आओगे। इसके अलावा, फिल्म में जो मेरे को-ऐक्टर्स हैं, उनकी कॉमिक टाइमिंग इतनी कमाल है कि उन्हें ऐक्टिंग करते देखना भी बहुत मजेदार होता है। जैसे, जब आप राज (राजकुमार राव) और अभिषेक (बनर्जी) को कुछ इंप्रोवाइज करते हुए देखते हैं तो बड़ा मजा आता है।'

### 'खुद कंजूस रही हूं, पर पति कंजूस नहीं चलेगा'

फिल्म में सान्या का पति महाकंजूस होता है, क्या असल जिंदगी में कंजूस पति चलेगा? इस सवाल पर वह कहती हैं, 'भगवान न करे कि कंजूस पति मिले। पता चला लंच के लिए लंगर पर लेकर चला जाए (हंसती हैं)। हालांकि, मैं खुद कंजूस रह चुकी हूं। मैं काफी सोच-समझकर खर्च करने वाली रही हूं और हर चीज खरीदने से पहले काफी सोचती थी, मगर पति तो कंजूस बिल्कुल नहीं चलेगा।'






# भूत बंगला के बाद अगली कॉमेडी फिल्म की तैयारी में लगे प्रियदर्शन, पंकज त्रिपाठी के साथ करेंगे काम

फिल्ममेकर प्रियदर्शन, जिन्होंने हाल ही में हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' दी है। इस फिल्म के साथ उनकी और अक्षय कुमार की जोड़ी करीब 16 साल बाद साथ लौटी है। इसके बाद डायरेक्टर अब एक नई कॉमेडी फिल्म बनाने की तैयारी में हैं।

### क्या होगी फिल्म की कहानी

प्रियदर्शन अब एक नई कॉमेडी फिल्म डायरेक्ट करने की तैयारी में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस अनटाइटल्ड फिल्म का अंदाज उनकी पुरानी फिल्मों 'हंगामा' और 'द शौकीन्स' जैसा होगा। खबरों के अनुसार, कहानी 3 बुजुर्ग आदमियों के इर्द-गिर्द घूमेगी, जो अजीब और मुश्किल हालातों का सामना करते हैं। इसमें प्रियदर्शन का वही खास सिचुएशनल ह्यूमर देखने को मिलेगा, जिसके लिए वह जाने जाते हैं। यह प्रोजेक्ट डायरेक्टर के लिए कई पुराने साथियों के साथ फिर से काम करने का मौका भी है।

### क्या होगी फिल्म की स्टारकास्ट

इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अन्नू कपूर और शुक्ला लीड रोल में नजर आएंगे। प्रियदर्शन करीब 16 साल बाद पंकज त्रिपाठी के साथ काम करेंगे, जिन्होंने पहले 'आक्रोश' में साथ काम किया था। वहीं, सौरभ शुक्ला ने उनके साथ आखिरी बार 'ये तेरा घर ये मेरा घर' (2001) में काम किया था। अन्नू कपूर भी तीन दशक बाद उनके साथ जुड़ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'मुस्कुराहट' (1992) और 'गर्दिश' (1993) में साथ काम किया था। इसके अलावा, राजपाल यादव भी इस फिल्म में अहम भूमिका निभा सकते हैं। वहीं, फिल्म की फीमेल लीड की कास्टिंग अभी चल रही है।

### प्रियदर्शन की 100वीं फिल्म से पहले बनेगी ये फिल्म

बताया जा रहा है कि यह फिल्म प्रियदर्शन के 100वें डायरेक्शन प्रोजेक्ट से पहले जल्दी में बनाई जाएगी। उनकी 100वीं फिल्म में मोहनलाल नजर आएंगे और इसकी शूटिंग नवंबर 2026 में शुरू हो सकती है।



# लाइफ पार्टनर ऐसी चाहिए जो मुझे झेल पाए, हमें झेलना थोड़ा मुश्किल है



**'लैला मजनू', 'ओ रोमियो' जैसी फिल्में हों या 'खाकीः द बिहार चैप्टर', 'काला', 'बंबई मेरी जान' जैसी वेब सीरीज, एक्टर अविनाश तिवारी ने पर्दे पर इंटेंस, ग्रे और गंभीर भूमिकाओं में अपनी अलग धाक जमाई है। लेकिन अब अपनी नई फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी 2' में वह पहली बार नाच-गाने, रोमांस वाली फुल मसाला एंटरटेनर में नजर आने वाले हैं। पेश है उनसे यह खास बातचीत।**

**आपकी फिल्म शादी के इर्द-गिर्द है, कभी आप पर यह दबाव नहीं आया कि अब शादी की उम्र हो गई है! बुआ-चाची ने फोटोज नहीं भेजीं?**

बिल्कुल भेजी हैं। यह पूरा जो चक्र होता है शादी कर लो वाला, वो दो-तीन बार पूरा हो चुका है। पहली बार जब मैं 28-30 साल के पास पहुंचा तब ये बात शुरू हुई कि अब शादी कर लेनी चाहिए। दो-चार साल यह सब चला, फिर वे शांत हो गए कि इसका कुछ होना नहीं है। पांच साल बाद फिर उन्होंने शुरू किया। वहीं, अब तीसरी बार वापस यह चालू हुआ है। मेरी भी चाहत है कि मैं उनकी ये ख्वाहिश पूरी कर दूं। लड़की मिले तो मैं ये काम करूं।

**ऐसा क्या ढूंढ़ रहे हैं लड़की में, जो नहीं मिल रही?**

मेरी जो जरूरतें या चाहतें हैं वो तो अपनी जगह है मगर सबसे जरूरी बात ये है कि वो मुझे झेल पाए। शादी के रिश्ते के सफल होने के लिए बहुत जरूरी है कि दोनों एक-दूसरे के लिए झेल पाएं। मेरा मानना है कि मुझे झेलना थोड़ा मुश्किल है। जैसे, फिल्म में सनी जैसे आदमी को लक्ष्मी, सरस्वती, दुर्गा का रूप सरीखी गिन्नी संभाल सकती है। मेरे जैसे आदमी को झेलने के लिए एक पार्वती भी चाहिए तो ऊपरवाला जब ऐसा कोई बनाएगा तो देखेंगे।

**आपको लगता है कि यह फिल्म सही समय पर थिएटर में आ रही है, क्योंकि हाल ही में 'धुरंधर' देखने के लिए दर्शक भर-भरकर कर सिनेमा हॉल पहुंचे?**

यह एक चक्र होता है, जिसमें कुछ फिल्में ऐसी आएंगी जो बहुत बिजनेस करेंगी। फिर कुछ ऐसी फिल्में होंगी जो बिल्कुल नहीं चलेंगी। मुझे लगता है कि यह किसी को नहीं पता कि कौन सी चीज दर्शकों को थिएटर में ला सकती है। जब फिल्म चल जाती है तो सब लोग जीनियस हो जाते हैं। सबको पता हो जाता है कि क्या करना है। वहीं, जब फिल्म नहीं चलती है तो हर कोई बोलता है कि इन्हें कुछ नहीं पता, कुछ नहीं आता कि कैसे आएगी ऑडियंस? पर हर किसी की कोशिश तो यही होती है कि उन्होंने जो बनाया है, वो ऑडियंस को पसंद आए। कोई इसलिए तो फिल्म बनाता नहीं है कि कोई उसे देखने ना आए। रही बात 'धुरंधर' की, तो वह बहुत अच्छे से बनाई गई फिल्म है। उसका क्राफ्ट लाजवाब है, स्टोरी टेलिंग जबरदस्त है। वह एक फिल्म है, उसमें कुछ लोग रिएलिटी ढूंढ़ने लगे तो उनकी दिक्कत है। लोगों के अपने-अपने नैरेटिव हैं, मैं उसमें नहीं जाना चाहता लेकिन जहां तक फिल्म मेकिंग के क्राफ्ट की बात है, वो टॉप नॉच है। अच्छी बात यह है कि ऑडियंस भी इवॉल्व हो रही है। इससे उम्मीद बंधती है कि अगर लोग क्वॉलिटी वर्क को सराहेंगे, तो जो लोग क्वॉलिटी काम करते हैं उनका कद बढ़ेगा और मैं उम्मीद करता हूं कि ऐसा हो।

**आपने पर्दे पर सीरियस, इंटेंस रोल ज्यादा किए हैं। इस फिल्म में पहली बार नाच-गाना, रोमांस-कॉमिडी सब करते दिख रहे हैं। यह अनुभव कितना अलग रहा?**

मुझे बहुत मजा आया क्योंकि पहली बार मुझे टिपिकल बॉलीवुड मसाला फिल्म करने का मौका मिला और हर एक्टर ऐसी फिल्म करना चाहता है तो मैं बहुत शुक्रगुजार हूं कि मुझे यह फिल्म मिली। खास बात यह है कि इसे शूट करने से दो दिन पहले तक मैं जो फिल्म शूट कर रहा था वो बहुत ही इंटेंस था तो मुझे इतना वक्त ही नहीं मिल पाया कि मैं उस जोन से निकलकर इसमें आ पाऊं। इसके बावजूद, सब कुछ बहुत मजेदार तरीके से हो पाया, उसका एक बड़ा श्रेय मेरी को-एक्टर मेधा शंकर को जाता है। जब मैं सेट पर आया तो उनका पहला सवाल था- आज रात को हम कहां घूमने जा रहे हैं? तो ऐसी फिल्म के लिए एक जो एनर्जी होनी चाहिए, वो शुरू में ही सेट हो गई। वह इतनी खुशदिल इंसान हैं, जैसे रेगिस्तान में कहीं-कहीं जो हरियाली होती है न, वैसा था।

# 39 गेंदो में आरसीबी ने दिल्ली के खिलाफ जीता मुकाबला

### विराट कोहली ने आईपीएल में पूरे किए नौ हजार रन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने दिल्ली कैपिटल्स को महज 39 गेंदों में नौ विकेट से हरा दिया। सोमवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए आईपीएल मुकाबले में दिल्ली की टीम 16.3 ओवरों में सिर्फ 75 रन ही बना सकी। जवाब में आरसीबी ने 6.3 ओवर में एक विकेट खोकर 77 रन बनाए और मुकाबला जीत लिया। इस दौरान विराट कोहली ने आईपीएल में नौ हजार रन भी पूरे कर लिए।



## 6.3 ओवर में जीती आरसीबी

आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी ने महज 6.3 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। जैकब बेथेल ने विराट कोहली के साथ 2.5 ओवरों में 26 रन की साझेदारी की। बेथेल 11 गेंदों में 2 छक्कों और 1 चौके के साथ 20 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद देवदत्त पड्डिकल ने कोहली के साथ 22 गेंदों में 51 रन की अटूट साझेदारी करते हुए आरसीबी की टीम को आसान जीत दिलाई। कोहली 15 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके के साथ 23 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि पड्डिकल ने 13 गेंदों में तीन छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 34 रन की नाबाद पारी खेली।

## विराट कोहली ने रचा इतिहास

इस मुकाबले में किंग कोहली ने इतिहास रच दिया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में नौ हजार रन पूरे कर लिए। विराट आईपीएल में नौ हजार रन बनाने वाले इकलौते बल्लेबाज बन गए। उनके नाम 275 मैचों में आठ शतक और 66 अर्धशतकों के साथ 9012 रन दर्ज हो गए। इसके अलावा कोहली आईपीएल में दिल्ली के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 1172 रन दर्ज हैं। किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी विराट के ही नाम है। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ 1174 रन बनाए। इस मामले में तीसरे स्थान पर रोहित शर्मा हैं, जिन्होंने केकेआर के खिलाफ 1161 रन बनाए।

## दिल्ली की आंधी में विकेटों का पतझड़

दिल्ली कैपिटल्स को मैच की दूसरी गेंद पर साहिल परख के रूप में पहला झटका लगा। साहिल अपने आईपीएल करियर के पहले मैच में खाता तक नहीं खोल सके। इसके बाद विकेटों का पतझड़ लग गया। आलम ये रहा कि मेजबान टीम ने महज आठ के स्कोर तक छह विकेट खो दिए थे। इसके बाद डेविड मिलर ने अभिषेक पोरेल के साथ सातवें विकेट के लिए 31 गेंदों में 35 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। इस बीच धूलभरी आंधी शुरू हो गई और कुछ मिनटों के लिए मैच रोकना पड़ा। हालांकि, सभी खिलाड़ी मैदान पर ही डटे रहे। कुछ देर बाद मुकाबला फिर से शुरू हुआ। नौवें ओवर की अंतिम गेंद पर मिलर आउट हो गए। उन्होंने 18 गेंदों में तीन चौकों के साथ 19 रन की पारी खेली, जिसके बाद अभिषेक ने मोर्चा संभालते हुए 33 गेंदों में 30 रन जुटाए। उनके अलावा, काइल जैमीसन ने 12 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। आरसीबी की तरफ से जोश हेजलवुड ने 12 रन देकर चार विकेट हासिल किए, जबकि भुवनेश्वर कुमार ने तीन विकेट निकाले। रासिख सलाम डार, सुयश शर्मा और क्रुणाल पांड्या ने एक-एक विकेट हासिल किया।

- **तीन टीमों के खिलाफ विराट ने बनाए हैं सर्वाधिक रन** – कोहली ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अब तक 1172 रन बनाए हैं जो इस टीम के खिलाफ किसी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक है। कोहली तीन टीम के खिलाफ आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बना चुके हैं। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ 1174 रन और पंजाब किंग्स के खिलाफ 1159 रन बनाए हैं।

# बचपन के कोच के लिए दिल्ली में रुके; अकादमी उद्घाटन में पहुंचे



आईपीएल की भागदौड़ में भी गुरु को नहीं भूले विराट कोहली, बचपन के कोच के लिए रुक गए दिल्ली में आईपीएल 2026 के व्यस्त कार्यक्रम, लगातार मैचों और यात्रा के बीच विराट कोहली ने एक बार फिर साबित कर दिया कि कुछ रिश्ते समय से बड़े होते हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार जीत के एक दिन बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अपनी अगली उड़ान टाल दी और राजधानी में रुककर अपने बचपन के कोच राजकुमार शर्मा के साथ खास पल साझा किया। सोमवार को कोहली ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, आरके पुरम में वेस्ट दिल्ली क्रिकेट अकादमी की नई शाखा का उद्घाटन किया। यह वही अकादमी है, जहां से उनके क्रिकेट करियर की नींव रखी गई थी।

### गुरु के सम्मान में पहुंचे विराट

आरसीबी का अगला मुकाबला गुरुवार को गुजरात टाइटंस से है, लेकिन इसके बावजूद कोहली ने अपने कार्यक्रम में बदलाव कर कोच राजकुमार शर्मा का सम्मान बढ़ाया। इस समारोह में डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विराट ने अकादमी के छात्रों को पुरस्कार दिए। कई बच्चे उन्हें देखकर उत्साहित नजर आए। एक भावुक पल तब आया जब एक छात्र ने कोहली के पैर छूने की कोशिश की, लेकिन विराट ने तुरंत उसे रोककर हाथ मिलाया और प्रोत्साहित किया।

### बच्चों को दिया बड़ा संदेश

छात्रों को संबोधित करते हुए विराट कोहली ने अपने जीवन के शुरुआती फैसलों को याद किया और युवाओं को सपनों के प्रति ईमानदार रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा, मैंने अपने जीवन में बहुत जल्दी खेल को चुना था, लेकिन वह फैसला पूरी ईमानदारी से लिया गया था। मुझे पूरा भरोसा था कि मुझे क्रिकेट में आगे बढ़ना है और इसके लिए मुझे खुद से, अपने परिवार से और अपने शिक्षकों से ईमानदारी से कहना था कि यही रास्ता मैं चुनना चाहता हूं। उन्होंने आगे कहा, अपने सपनों के प्रति ईमानदार रहिए, जो करना चाहते हैं उसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कीजिए। सिर्फ आप ही जानते हैं कि आप अपने लक्ष्य के प्रति 100 प्रतिशत ईमानदार हैं या नहीं।

### बचपन की यादों से जुड़ी अकादमी

विराट ने बताया कि यह अकादमी आज भी उनकी जिंदगी का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा, मैंने आठ साल की उम्र में यहां अभ्यास शुरू किया था और आज भी जब समय मिलता है तो अकादमी आता हूं। यह मेरे बचपन का बड़ा हिस्सा है। मेरी उम्मीद है कि यहां क्रिकेट सीखने आने वाले सभी बच्चे इसकी अहमियत समझेंगे।

## विराट कोहली के इंतजार में बैठा था बच्चा, न मिल पाने पर फूट-फूटकर रोया, क्रिकेट बैट भी फेंका




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बैटिंग स्टार विराट कोहली सोमवार को अपनी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आरसीबी) टीम के साथ देश की राजधानी में थे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मौजूदा चैंपियन टीम ने अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ मैच को एकतरफा बना था, जिसमें मेहमान टीम ने दिल्ली को 75 रन पर ढेर करने के बाद आसानी से 9 विकेट से जीत हासिल की। हालांकि मैच से भी ज्यादा चर्चित विराट कोहली का एक फैन बन गया जो भारतीय बल्लेबाज के इंतजार में होटल में बैठा था और जब उसे कोहली का आटोग्राफ नहीं मिला तो वह रोने लगा और बैट को जमीन पर पटक दिया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक बच्चा होटल के रिसेप्शन पर इंतजार कर रहा था, इस उम्मीद में कि आरसीबी के स्टार खिलाड़ी से वह अपने क्रिकेट बैट पर ऑटोग्राफ ले पाएगा। जब कोहली अपनी सिक्योरिटी और स्टाफ के साथ वहां पहुंचे, तो बच्चा उनके पीछे-पीछे गया और उनके करीब जाने की कोशिश की, लेकिन सिक्योरिटी गार्ड्स ने उसे रोक दिया। वहां मौजूद लोगों के सुरक्षाकर्मियों से बच्चे को अंदर जाने देने का आग्रह करने के बावजूद उसे क्रिकेटर से मिलने की अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद बच्चा फूट-फूटकर रोने लगता है और हताशा के एक पल में अपना क्रिकेट बैट जमीन पर पटक देता है। इस घटना का एक वीडियो, जो ऑनलाइन काफ़ी शेयर किया गया, उसके साथ यह कैप्शन था, लगता है यूनिवर्स ने सच में कह दिया, 'आज नहीं'। इस घटना ने ङ्ग पर एक बहस छेड़ दी है, जिसमें लोगों की राय पूरी तरह से बंटी हुई है। कुछ यूजर्स ने बच्चे के प्रति सहानुभूति जताई और इस स्थिति पर निराशा व्यक्त की।

## अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मैड्रिड ओपन में लगातार 9वीं जीत दर्ज की



**मैड्रिड (एजेंसी)।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव सोमवार रात मैड्रिड ओपन में दबाव के बावजूद डटे रहे, उन्होंने मैच के आखिरी पलों में आई थोड़ी सी मुश्किल का सामना करते हुए एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी शानदार बढ़त को जारी रखा। दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी दूसरे सेट में 5-3 के स्कोर पर मैच खत्म करने वाली सर्विस नहीं कर पाए, जब टेरेंस आत्मान ने मैच का पासा पलटने की कोशिश की, लेकिन ज़्वेरेव ने खुद को संभाला और 6-3, 7-6 (2) से जीत हासिल की। मनोलो सैन्टाना स्टेडियम में 1 घंटे 37 मिनट तक चले इस मैच में जीत के साथ, दो बार के मैड्रिड चैंपियन ज्वेरेव ने इस टूर्नामेंट में अपने नौवें प्रयास में नौवीं बार अंतिम 16 में जगह बनाई है। 2025 सीजन की शुरुआत थोड़ी उतार-चढ़ाव भरी रही थी- जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन के फ़ाइनल तक का सफर शामिल था, लेकिन इंडियन वेल्स और मोंटे-कार्लो में उन्हें जल्दी ही बाहर होना पड़ा था-लेकिन 2026 में ज्वेरेव ने पूरी बाजी ही पलट दी है। आत्मान पर मिली इस जीत के साथ एटीपी रैंकिंग में तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव, जानिक सिनर के साथ उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने इस सीजन के चारों मास्टर्स 1000 इवेंट्स में अंतिम 16 में जगह बनाई है। सिनर ने इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे-कार्लो में ज़्वेरेव के शानदार सफर को सेमीफ़ाइनल में ही रोक दिया था; लेकिन मैड्रिड में इन दोनों खिलाड़ियों का आमना-सामना तभी हो पाएगा, जब दोनों ही फाइनल में जगह बनाने में कामयाब होंगे। अगले मैच में ज्वेरेव का मुकाबला याकूब मेन्सिक से होगा, जिन्होंने अपने तीसरे मैच पॉइंट को भुनाते हुए कैरेन खाचानोव को हराया।

# मांसपेशियों की चोट से जूझ रहे किलियन एम्बाप्पे, पूरे सीजन से बाहर होने का खतरा



**मैड्रिड (एजेंसी)।** किलियन एम्बाप्पे को मांसपेशियों में चोट लगने के कारण ला लीगा सीज़न के बाकी मुकाबलों से बाहर होना पड़ सकता है। रियल मैड्रिड ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि स्टार फॉरवर्ड को हाल ही में खेले गए मैच के दौरान चोट लगी।

**रियल बेटिस के खिलाफ मैच में लगी चोट** – यह चोट रियल बेट्स के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ रहे मुकाबले में लगी। मैच खत्म होने से करीब 10 मिनट पहले एम्बाप्पे को मैदान छोड़ना पड़ा था। उस समय मैड्रिड 1-0 से आगे था, लेकिन आखिरी क्षणों में हेक्टर बेलेरिन के गोल ने मैच बराबरी पर ला दिया।

- **मेडिकल रिपोर्ट में मांसपेशी चोट की पुष्टि**- क्लब द्वारा जारी बयान के अनुसार, एम्बाप्पे के बाएं पैर की सेमीटेंडिनोसस मांसपेशी में चोट पाई गई है। हालांकि, उनकी वापसी को लेकर कोई निश्चित समयसीमा नहीं बताई गई है। रियल मैड्रिड ने कहा है कि खिलाड़ी की रिकवरी पर नजर रखी जा रही है और उसी के आधार पर फैसला लिया जाएगा।
- **बार्सिलोना के खिलाफ अहम मैच भी मिस कर सकते हैं** – इस चोट के चलते एम्बाप्पे 10 मई को एफसी बर्सीलोना के खिलाफ होने वाले बड़े मुकाबले समेत सीज़न के आखिरी पांच मैचों से बाहर रह सकते हैं। इससे टीम की खिताब की उम्मीदों को बड़ा झटका लग सकता है।
- **शानदार फॉर्म में थे एम्बाप्पे** – एम्बाप्पे इस सीज़न में बेहतरीन फॉर्म में थे और अब तक 24 गोल कर चुके हैं। ऐसे में उनका बाहर होना टीम के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है।
- **विश्व कप से पहले बढ़ी चिंता** – आगामी विश्व कप (11 जून से) को देखते हुए यह चोट फ्रांस टीम के लिए भी चिंता का विषय बन सकती है, क्योंकि एम्बाप्पे टीम के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक हैं।

# डीसी की हार के बाद घिरे हेमांग बदानी

### श्रीकांत ने मुख्य कोच पर साधा निशाना, फ्लेमिंग पर की गई टिप्पणी याद दिलाई




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल 2026 का सीजन अच्छा नहीं चल रहा है। दिल्ली को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ बड़ी हार का सामना करना पड़ा था जिसके बाद मुख्य कोच हेमांग बदानी निशाने पर आ गए हैं। पिछले साल एक पॉडकास्ट में हेमांग ने कुछ टिप्पणी की थी जिसे लेकर कृष्णमचारी श्रीकांत ने बदानी को घेरा है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीकांत ने बदानी की कड़ी आलोचना की है।

**बदानी की किस टिप्पणी पर खफा हुए श्रीकांत** – श्रीकांत का निशाना सिर्फ स्कोरबोर्ड पर ही नहीं था, बल्कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कोच स्टीफन फ्लेमिंग की कोचिंग योग्यता को लेकर बदानी के कथित अहंकार पर भी था। इस विवाद की जड़ बदानी द्वारा पूर्व क्रिकेटर यो महेश के साथ एक साक्षात्कार के दौरान की गई टिप्पणियों में निहित है। उस समय बदानी ने सवाल उठाया था कि क्या फ्लेमिंग वास्तव में एक महान कोच हैं? उनका कहना था कि उन्होंने सीएसके के कोच के तौर पर जो सफलता हासिल की वो उन्हें धोनी के कारण मिली।

बदानी ने सीएस20, द हंड्रेड और बिग बैश लीग में फ्लेमिंग के कार्यकाल पर टिप्पणी करते हुए कहा था, अगर फ्लेमिंग इतने बड़े कोच हैं तो उन्होंने आईपीएल के अलावा कहीं और जीत क्यों नहीं हासिल की? सीएसके धोनी की वजह से जीतती रही है। धोनी ही टीम के मुख्य खिलाड़ी हैं। अगर कोई कहे कि फ्लेमिंग अच्छे कोच हैं, तो मैं इससे सहमत नहीं हूं।

**दिल्ली की बल्लेबाजी रही बेदम** – आरसीबी ने सोमवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में दिल्ली को नौ विकेट से हराया। दिल्ली की बल्लेबाजी इस मैच में बेहद खराब रही और टीम महज 75 रन पर ही ऑलआउट हो गई। जवाब में आरसीबी ने 6.3 ओवर में एक विकेट खोकर 77 रन बनाए और मुकाबला जीत लिया। दिल्ली ने आरसीबी के खिलाफ आईपीएल मे तीसरा न्यूनतम स्कोर बनाया।

### श्रीकांत ने बदानी की जमकर की आलोचना

दिल्ली कैपिटल्स इस समय आठ मैचों में सिर्फ तीन जीत के साथ सातवें स्थान पर है। ऐसे में श्रीकांत ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बदानी को उनकी पुरानी टिप्पणियों की याद दिलाते हुए श्रीकांत ने सुझाव दिया कि दिल्ली के कोच को दूसरों की आलोचना करने से पहले अपनी डूबती हुई टीम पर ध्यान देना चाहिए। श्रीकांत ने कहा, हेमांग बदानी ने स्टीफन फ्लेमिंग पर भी निशाना साधा था। हेमांग, दूसरों के बारे में बोलने से पहले अपना ख्याल रखो। मैंने हमेशा यही कहा है कि जिंदगी में ज्यादा मत बोलो। वह बहुत ज्यादा बोलता था। अब उसे चुप रहकर सब कुछ देखना होगा। श्रीकांत ने बदानी की सामरिक कुशलता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, हर कोई इस मुद्दे को उठा रहा है और उसकी आलोचना कर रहा है। दूसरों के बारे में क्यों बात कर रहे हो? तुम्हें अपने काम पर ध्यान देना चाहिए था। तुम कौन होते हो यह कहने वाले कि स्टीफन फ्लेमिंग सिर्फ धोनी की वजह से जीते? तुमने क्या किया है? कुछ खास? कुछ नहीं।

# पाकिस्तानी बल्लेबाज हसन नवाज ने उगला जहर

### कहा- मुझे हर भारतीय गेंदबाज से नफरत; सोशल मीडिया यूजर्स ने ऐसे दिखाया आइना



**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के युवा बल्लेबाज हसन नवाज अपने एक विवादित और बेतुका बयान को लेकर चर्चा में आ गए हैं। भारतीय गेंदबाजों को लेकर दिए गए उनके बयान ने सोशल मीडिया पर नया विवाद खड़ा कर दिया है। 23 वर्षीय खिलाड़ी का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने कहा कि उन्हें सभी भारतीय गेंदबाजों से नफरत है। इस बयान के बाद क्रिकेट फैंस ने उनकी तीखी आलोचना की है और खेल भावना पर सवाल उठाए हैं।

**इंटरव्यू में दिया विवादित बयान** – एक स्थानीय न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में हसन नवाज से पूछा गया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वह किस गेंदबाज के खिलाफ रन बनाना चाहते हैं। इसके जवाब में उन्होंने किसी एक गेंदबाज का नाम नहीं लिया, बल्कि भारतीय गेंदबाजों पर तीखी टिप्पणी कर दी। हसन नवाज ने कहा, भारत के खिलाफ खेलते समय स्वाभाविक तौर पर अतिरिक्त मोटिवेशन होता है। आप महसूस करते हैं कि उनके गेंदबाजों पर हमला करना है। सच कहूं तो मुझे उनके सभी गेंदबाजों से नफरत है। इंशाअल्लाह, अगर मौका मिला तो आगे भी ऐसा करने की कोशिश करेंगे। उनका यह बयान सामने आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

**बाद में दी सफाई** – हसन नवाज ने आगे यह भी कहा कि मैच की स्थिति के हिसाब से बल्लेबाजी करनी पड़ती है और किसी एक गेंदबाज को निशाना बनाना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं होता। सब कुछ मैच की स्थिति पर निर्भर करता है। अगर रन रेट 10, 12 या 15 प्रति ओवर चाहिए हो, तो फिर गेंदबाज कोई भी हो, आप रन बनाने की कोशिश करते हैं। इस स्तर पर सभी खिलाड़ी विश्वस्तरीय होते हैं।

- **भारत के खिलाफ खराब आंकड़े** – फैंस ने उनके बयान के बाद भारत के खिलाफ उनके प्रदर्शन की भी याद दिलाई। हसन नवाज को भारत के खिलाफ अब तक सिर्फ एक मौका मिला है ।यह मौका उन्हें एशिया कप 2025 में मिला था, जिसमें वह सिर्फ पांच रन ही बना सके थे। वह नवंबर 2025 के बाद से पाकिस्तान टीम से बाहर चल रहे हैं और वापसी की कोशिश में लगे हैं ।हसन नवाज इस समय पाकिस्तान सुपर लीग 2026 में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने 10 पारियों में 291 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। वह टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोररों में जरूर रहे, लेकिन उनकी टीम लीग स्टेज से बाहर हो गई।

### सोशल मीडिया पर आलोचना

- हसन नवाज के बयान के बाद कई फैंस ने कहा कि खिलाड़ियों को मैदान पर बल्ले से जवाब देना चाहिए, न कि नफरत भरी भाषा से।
- कुछ यूजर्स ने इसे खेल भावना के खिलाफ बताया। हसन नवाज का बयान भारत-पाकिस्तान क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता को फिर चर्चा में ले आया है।
- हालांकि, इस तरह की टिप्पणियां खिलाड़ियों की छवि पर असर डाल सकती हैं। अब देखना होगा कि वह अपने बल्ले से जवाब देते हैं या विवादों में ही घिरे रहते हैं।
- बहरहाल पहले तो उन्हें टीम में वापसी करनी होगी, बाकी बात तो बाद में होगी। सोशल मीडिया यूजर्न ने हसन नवाज के बयान की तुलना आसिफ अली से की है।
- आसिफ अली पाकिस्तान के फिनिशर रह चुके हैं। एक यूजर ने लिखा- आसिफ अली भी प्रैक्टिस सेशन में 150 की स्पीड पर छक्का मारता था, पता नहीं कहां गायब हो गया।
- उसी यूजर ने लिखा- हसन नवाज को भी साहिबजादा फरहान की तरह डॉक्यूमेंट्री बनानी है, इसी वजह से ऐसा बयान दे रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पहाड़गंज आग्निकांडः चूना मंडी में मकान की तीसरी मंजिल पर लगी आग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य दिल्ली के पहाड़गंज इलाके के चूना मंडी में देर रात



एक मकान में भीषण आग लग गई। आग मकान की तीसरी मंजिल पर घरेलू सामान में लगी थी। हादसे में 60 वर्षीय दिव्यांग बुजुर्ग रमेश गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें पीसीआर की मदद से आरएमएल अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं उनके भाई नरेश के हाथ में मामूली जलने की चोट आई है। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। पुलिस और फायर विभाग मामले की जांच में जुटे हैं।

### दिल्ली के कल्याणपुरी में मकान में लगी भीषण आग

**पूर्वी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के कल्याणपुरी में सोमवार रात दो मंजिला मकान में आग लग



गई। आरोप है आग की सूचना देने के बाद भी दमकल करीब 30 मिनट की देरी से पहुंची। जब दमकल पहुंची तब तक आग ने पूरे मकान को अपने आगोश में ले लिया था। दमकल की पांच गाड़ियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शार्ट सर्किट को आग की वजह बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि कल्याणपुरी 13 ब्लॉक में एक इलेक्ट्रॉनिक आइटम की दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दुकान के ऊपर दो मंजिला मकान बना हुआ था। हादसे के वक्त दुकान व मकान में कोई था नहीं। वही स्थानीय लोगों ने बताया कि आग की शुरुआत दुकान से हुई। आग तेजी के साथ फैली। ऊपरी मंजिलों को भी आगोश में ले लिया।

### सात राज्यसभा सदस्यों की सदस्यता रद नहीं हुई तो आप करेगी अदालत का रुख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सोमवार को कहा कि अगर पार्टी के सात



पुराने राज्यसभा सदस्यों की दलबदल कानून के तहत सदस्यता रद नहीं की जाती है तो उनकी पार्टी अदालत का रुख करेगी। सिंह का यह बयान राज्यसभा के चेयरमैन द्वारा आप से गए सात राज्यसभा सदस्यों को भाजपा में शामिल कर लेने की मंजूरी के एक दिन बाद आया है। चेयरमैन के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए सिंह ने कहा कि मैंने आरोप लगाया है कि आप की आपत्तियों और संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत सात राज्यसभा सदस्यों की सदस्यता रद करने की उनकी मांग पर विचार नहीं किया गया। सिंह ने कहा कि चेयरमैन ने उन सात राज्यसभा सदस्यों की दी गई चिट्ठी पर ध्यान दिया है और उसके आधार पर उनके भाजपा में शामिल मान लिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी को उम्मीद है कि एक बार उनके पत्र की जांच हो जाने के बाद चेयरमैन सात सदस्यों की सदस्यता रद करके संविधान और डेमोक्रेसी के पक्ष में काम करेंगे।

# दावों और जमीनी हकीकत के बीच फंसा मानसून का इंतजाम

## दिल्ली में नाला सफाई की सुस्त रफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में मानसून में जलभराव न हो इसके जरुरी है कि समयबद्ध तरीके से नालों की सफाई का कार्य हो। इसके लिए इस वर्ष दिल्ली सरकार और नगर निगम ने समयपूर्व ही तैयारी शुरू की थी। साथ ही निर्देश दिए थे कि मानसून के आगमन से पहले नालों की सफाई पूरी हो भी जाए।

सरकार के इस आदेश कुछ विभाग पालन कर रहे हैं तो कुछ ठेंगा दिखा रहे हैं। क्योंकि दिल्ली में नालों की सफाई की जिम्मेदारी एमसीडी से लेकर लोक निर्माण विभाग, बाढ़ एवं नियंत्रण विभाग, डूसिब जैसी एजेंसियों की है लेकिन इसमें कुछ एजेंसिया दुरुस्त तरीके से काम कर रही है तो कुछ अभी भी ठेंगा दिखा रही है। यही वजह है कि कुछ विभागों की नालों की सफाई को लेकर स्थिति ठीक दिख रही है तो कुछ जगह पर लापरवाही भी उजागर हो रही है। अभी बात करें तो एमसीडी के चार फिट से अधिक गहरे नालों की सफाई 13.80 प्रतिशत ही हुई है जबकि चार फिट से कम गहरे 12116 नालों की सफाई 57 प्रतिशत हो गई है।

**कार्य की स्थिति बताने को तैयार नहीं**

वहीं, बाढ़ एवं नियंत्रण विभाग ने भी 76 अपने बड़े नालों की सफाई का कार्य 57 प्रतिशत कर लिया है। हालांकि पीडब्ल्यूडी समेत शेष दूसरी एजेंसियों के कार्य की स्थिति बताने को तैयार नहीं हैं लेकिन बड़े नालों की सफाई में विभाग द्वारा ढुलमुल रवेया अपनाया जा रहा है। बाढ़ एवं नियंत्रण विभाग के अनुसार प्रमुख 76 नालों से कुल



28.57 लाख घन मीटर गाद हटाने का लक्ष्य रखा गया था। 17 अप्रैल तक इसमें से 16.48 लाख घन मीटर से अधिक गाद हटाया जा चुका है। नजफगढ़ ड्रेन से भी गाद निकालने का लगभग 48 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। नालों की सफाई सही तरह से समय पर हो सके इसके लिए आधुनिक मशीनों का प्रयोग किया जा रहा है। 94 करोड़ की लागत से 38 आधुनिक मशीनें खरीदने का निर्णय लिया गया है। इनमें से 12 मशीनें खरीदी जा चुकी हैं। अन्य की खरीद प्रक्रिया चल रही है।

मानसून में नालों की सफाई की स्थिति को लेकर दैनिक की टीम ने दिल्ली के विभिन्न विभागों की नालों की सफाई के कार्यों की पड़ताल की। जहां पर कुछ जगह पर काम होता हुआ दिखाई दिया तो कई जगह पर कूड़े से पटे हुए नाले दिखाई दिए। वहीं, गाद सूख जाने के बाद भी लगे ढेर की सुध न लेने वाले अधिकारियों की भी पोल खुल गई। नालों की सफाई को लेकर साफ दिशा निर्देश हैं कि जो गाद निकाली जाए उसे सूखने के बाद तुरंत साफ कर दिया जाए। ताकि जब वर्षा हो तो वह फिर से नाले में न जाए और सूखकर यह धूल उड़ने का कारण न बने। लेकिन एजेंसियों की लापरवाही इस कद है जहां सफाई हुई है वहां पर कई जगह पर गाद सूखने के बाद भी सड़क पर साफ पड़ी हुई नजर आ रही है। जमीनी हकीकत की बात करें मध्य दिल्ली में आइटीओ कब्रिस्तान रोड के पास सड़क पर गाद निकली पड़ी है लेकिन कोई उठाने वाला नहीं है। इसी प्रकार पूर्वी दिल्ली में कांति नगर में बाढ़ एवं सिंचाई नियंत्रण का नाला है।

## पत्नी का व्यवहार अस्वाभाविक

# दिल्ली दंगे में हत्या के मामले में 12 आरोपी बरी, कड़कड़डूमा कोर्ट ने सबूतों को माना कमजोर

**पूर्वी दिल्ली, एजेंसी।** फरवरी 2022 में दंगे के दौरान हुई एक व्यक्ति की हत्या के




मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने 12 आरोपितों को बरी कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने में असफल रहा और गवाहों के बयानों में गंभीर विरोधाभास है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह के कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ संदेह से परे अपराध साबित नहीं कर सका। आरोपितों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। कोर्ट ने लोकेश सोलंकी, पंकज शर्मा, सुमीत चौधरी, अंकित चौधरी, प्रिंस, रिषभ, जतिन शर्मा, विवेक, हिमांशु ठाकुर, साहिल, टिंकू अरोड़ा व संदीप को बरी कर दिया। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया था कि इन आरोपितों ने दंगे के दौरान मुशर्रफ नाम के व्यक्ति के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की। उसकी हत्या कर शव को नाले में फेंक दिया। 27 फरवरी 2020 को उसका शव नाले से बरामद हुआ था। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन का मामला मुख्य रूप से मृतक की पत्नी और बेटी के बयानों पर आधारित था, लेकिन उनके बयानों में कई गंभीर विरोधाभास पाए गए। अदालत ने यह भी कहा कि पत्नी का व्यवहार अस्वाभाविक प्रतीत होता है, क्योंकि उसने कथित घटना देखने के बावजूद करीब दो दिन तक न तो पीसीआर को काल की और न ही किसी रिश्तेदार को सूचना दी।

# सोमवार को देर शाम चली आंधी में बाहादुरशाह जफर मार्ग पर धीमी गति में गुजरे वाहन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौसमी उतार चढ़ाव के बीच सोमवार को भी दिल्ली में भीषण गर्मी का दौर बना रहा। तेज धूप और गर्म हवा के थपेड़ों से दिल्ली वासियों का हाल बेहाल रहा। तकनीकी तौर पर लू भले नहीं चली, लेकिन तापमान ऊंचा ही दर्ज हुआ। दोपहर बाद और देर शाम मौसम ने करवट ली और 60 किमी प्रति घंटे से भी अधिक तेज रफ्तार से आंधी चलने पर थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग ने मंगलवार से अगले तीन दिन तक यह बदलाव बने रहने का पूर्वानुमान जारी



किया है। इससे तापमान में भी कुछ गिरावट आएगी, हालांकि रहेगा यह 40 डिग्री से ऊपर ही। साफ आसमान और तीखी धूप के बीच सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक 42.3 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक 25.0 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा में नमी का स्तर 60 से 20 प्रतिशत तक रिकार्ड हुआ। रिज क्षेत्र में अधिकतम तापमान सर्वाधिक 43.8 डिग्री दर्ज किया गया। आयानगर में यह 43.3 डिग्री रहा। यह प्रगति मैदान में 61 किमी प्रति घंटा, पूसा में 54 किमी प्रति घंटा, नारायणा में 48 किमी प्रति घंटा, लोधी रोड पर 46 किमी प्रति घंटा और पीतमपुरा में 41 किमी प्रति घंटा तक रिकार्ड हुई। देर शाम भी राष्ट्रीय राजधानी में धूल भरी आंधी और तेज हवाएं चलीं। लंबे समय से चल रही लू जैसी स्थिति के बाद, मौसम विशेषज्ञों ने मध्य पाकिस्तान, उत्तर-पश्चिम राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के ऊपर बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन को इस बदलाव का कारण बताया है।

# दक्षिणी दिल्ली की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में घर में आ रहा में सीवर ओवरफ्लो का गंदा पानी

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स में पिछले एक सप्ताह से सीवर का गंदा पानी घरों में घुसने की समस्या बनी हुई है। इलाके के बी ब्लाक की बैक लेन में लगातार सीवर उफनकर सड़कों पर बह रहा है। कई घरों में सीवर ओवरफ्लो होकर घरों तक पहुंच रहा है, इससे इलाके के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसे लेकर लोगों ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), स्थानीय प्रतिनिधियों को पत्र भेजकर शिकायत की है। साथ ही इंटरनेट मीडिया पर भी वीडियो व फोटो साझा कर परेशानी से निजात दिलाने की मांग की है।



लोगों का कहना है कि सीवर ओवरफ्लो के चलते एक तरफ जहां लोग बदबू का सामना कर रहे रहें, वहीं सड़कों से गुजरने में भी खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा चारों ओर फैली गंदगी के चलते स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभागों को शिकायत दी, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। निवासियों ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। न्यू फ्रेंड्स कालोनी अशोका पार्क ने एक्स पर शिकायत करते हुए लिखा है कि बी ब्लाक में सीवर ओवरफ्लो के चलके चलते नारकीय हालात बने हुए हैं। बी ब्लाक में सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर लोगों के घरों में घुस रहा है। हम लोग बुरी स्थिति के बीच रहने को मजबूर हैं। यह समस्या पूरी तरह विभाग की अनदेखी के चलते बनी है। विभाग को इसके लिए जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल समस्या का समाधान करना चाहिए। सीवर की गंभीर समस्या से लोगों को राहत दिलाने के लिए आरडब्ल्यूए, अशोका पार्क की ओर से फिलहाल सबमर्सिबल लगाकर प्रभावित इलाकों से सीवर का पानी निकालने का कार्य किया जा रहा है। इससे स्थानीय निवासियों को अस्थायी राहत मिल रही है, लेकिन आरडब्ल्यूए की मांग है कि मुख्य ट्रंक सीवर लाइन के ब्लाकेज के चलते पूरे इलाके में परेशानी है। इसके लिए महारानी बाग ट्रंक लाइन, जो सीवेज को किलोकरी स्थित एसटीपी तक ले जाती है उसकी सफाई कर स्थायी समाधान किया जाना चाहिए।

# आरोपी एलन ने परिवार से माफी मांग खरीदे हथियार, अमेरिकी सुरक्षा घेरा तोड़ने की थी साजिश

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** वाशिंगटन में व्हाइट हाउस संवाददाता रात्रिभोज के दौरान हुई फायरिंग की घटना ने अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, आरोपी कोल टॉमस एलन को लेकर चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी ने हमले से कुछ समय पहले अपने परिवार और एक पूर्व नियोक्ता को ईमेल भेजा था। इसमें उसने माफी और स्पष्टीकरण शीर्षक वाला दस्तावेज भी संलग्न किया था। ईईमेल में एलन ने लिखा, 'मैंने जो भी परेशानी पैदा की है, उसके लिए मैं तहे दिल से माफी मांगता हूं और साथ ही यह भी कहा कि वह जो करने वाला है उसके लिए उसे माफी की उम्मीद नहीं है। मेरे प्रतिनिधियों के कार्यों का मुझ पर प्रभाव पड़ता है और मैं अब अपराधों को बर्दाश्त करने को तैयार नहीं हूं।' जांच एजेंसियों का कहना है कि यह संदेश हमले की पूर्व-योजना का स्पष्ट संकेत देता है। 12-गेज शॉटगन और .38 कैलिबर पिस्तौल शामिल हैं। ये हथियार उसने कैलिफोर्निया में खरीदे और बाद में उन्हें वाशिंगटन



डीसी तक ले गया। रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी ने 6 अप्रैल को वाशिंगटन हिल्टन में 24 से 26 अप्रैल तक तीन रातों के लिए बुकिंग कर ली थी और कार्यक्रम स्थल की रेकी भी की थी। वह उसी होटल में ठहरा था जहां हाई-प्रोफाइल डिनर आयोजित होना था, जिसमें राष्ट्रपति और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। एलन ने 21 अप्रैल को लॉस एंजिल्स के पास स्थित अपने घर से ट्रेन से यात्रा शुरू की और 23 अप्रैल को शिकागो पहुंचा। इसके बाद वह वाशिंगटन डीसी के लिए रवाना हुए, जहां वे 24 अप्रैल को दोपहर लगभग 1 बजे पहुंचा।

## ● अमेरिका ने रखा था बड़ा का इनाम

# मैक्सिको में ड्रग कार्टेल को बड़ा झटका: गिरफ्तार हुआ गिरोह का सबसे बड़ा नेता

**मैक्सिको, एजेंसी।** मैक्सिको में सबसे ताकतवर माने जाने वाले ड्रग कार्टेल जलिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल (सीजेएनजी) को एक और बड़ा झटका लगा है। सोमवार को मैक्सिको की सेना ने इस गिरोह के बड़े नेता ऑडियास फ्लोरेस सिल्वा को गिरफ्तार कर लिया। उसे एल जार्डिनेरो यानी माली के नाम से भी जाना जाता है। मैक्सिको सरकार के मुताबिक, फ्लोरेस सिल्वा को नयारिट राज्य के एल मिराडोर इलाके के पास सड़क किनारे एक गड्ढे में छिपे हुए पकड़ा गया। उसकी गिरफ्तारी के दौरान कोई मुठभेड़ नहीं हुई और न ही कोई घायल हुआ। फ्लोरेस सिल्वा को कार्टेल के मारे गए सरगना नेमेसियो ओसेगुएरा सर्वांतेस उर्फ एल मेंचो का संभावित उत्तराधिकारी माना जा रहा था। एल मेंचो फरवरी में मैक्सिकन सेना के एक बड़े ऑपरेशन में मारा गया था। उसकी मौत के बाद पूरे देश में हिंसा भड़क गई थी, जिसमें 70 से ज्यादा लोग मारे गए थे, जिनमें 25 नेशनल गार्ड के जवान भी शामिल थे।

**सिल्वा की गिरफ्तारी पर अमेरिका ने रखा था इनाम:** बता दें कि अमेरिका ने फ्लोरेस सिल्वा की गिरफ्तारी पर 5 मिलियन डॉलर (करीब 40 करोड़ रुपये) का इनाम रखा था। वह कार्टेल में सुरक्षा प्रमुख था और नशे के कारोबार को जलिस्को, मैक्सिको स्टेट, जाकाटेकास और नयारिट जैसे इलाकों में चलाने में अहम भूमिका निभाता था। उसकी गिरफ्तारी के बाद कुछ इलाकों में हिंसा की खबरें भी आईं, जहां कार्टेल के लोगों ने गाड़ियों और दुकानों में आग लगा दी।

इस कार्रवाई की तारीफ रोनाल्ड जॉनसन (अमेरिकी राजदूत) ने भी की। उन्होंने कहा कि यह गिरफ्तारी फेंटेनाइल जैसे खतरनाक ड्रग्स के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कारण है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले ही ष्ट्छ्व्हल्ल समेत कई मैक्सिकन कार्टेल्स को विदेशी आतंकी संगठन घोषित कर चुके हैं।

# पेंटागन का बड़ा कबूलनामा: चीन-रूस की मिसाइलों के सामने अमेरिकी रक्षा सिस्टम बेदम, गोल्डन डोम बनेगा गेम चेंजर?

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक अहम खुलासा सामने आया है। शीर्ष पेंटागन अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि मौजूदा अमेरिकी रक्षा प्रणाली केवल छोटे स्तर के हमलों को ही रोक सकती है और हाइपरसोनिक या क्रूज मिसाइल जैसे आधुनिक खतरों के खिलाफ लगभग बेअसर है। अमेरिकी रक्षा और सैन्य अधिकारियों ने वित्त वर्ष 2027 के बजट पर चर्चा के दौरान सीनेट में यह बात रखी। उन्होंने चेतावनी दी कि चीन, रूस, ईरान और उत्तर कोरिया जैसे देश तेजी से ऐसे हथियार विकसित कर रहे हैं,




जो पारंपरिक रक्षा प्रणाली को आसानी से चकमा दे सकते हैं। अमेरिकी रक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मार्क जे बर्कविट्ज ने साफ कहा कि मौजूदा सिस्टम को इस तरह के आधुनिक खतरों के लिए डिजाइन ही नहीं किया गया था।

# अमेरिका में हिंदू मंदिरों को खतरों से बचाने की तैयारी

## कांग्रेस ने पेश किया बड़ा बिल; कैसे होगी सुरक्षा?

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों पर हो रहे लगातार हमलों के बीच अमेरिकी कांग्रेस में एक नया प्रस्ताव रखा गया है। इसका उद्देश्य हिंदू मंदिरों और अन्य पूजा स्थलों को उत्पीड़न से बचाना है। लॉमेकर्स का कहना है कि अलग-अलग धर्मों के लोगों के लिए खतरे बढ़ रहे हैं। इस प्रस्ताव का नाम 'सेफगार्डिंग एक्सेस टू कांग्रेगेशन्स एंड रिलीजियस एस्टैब्लिशमेंट्स फ्रॉम डिसरप्शन' (सेक्रेड एक्ट) है। इसके तहत किसी भी पूजा स्थल के 100 फीट के दायरे में लोगों को डराना, रास्ता रोकना या परेशान करना संघीय अपराध माना जाएगा।

इस प्रस्ताव को टॉम सुओजी ने पेश किया था और मैक्स मिलर ने इसमें उनका साथ दिया। सुओजी ने कहा कि किसी को भी परेशान होने या डराए-धमकाए जाने का हकदार नहीं होना चाहिए, खासकर तब जब वे अपने पूजा स्थल की ओर जा रहे हों। वहीं, मिलर ने कहा कि हर अमेरिकी को बिना किसी डर, धमकी या उत्पीड़न के अपने धर्म का पालन करने का हक है। बता दें अमेरिकी कांग्रेस का यह प्रस्ताव ऐसे समय में आया है जब धार्मिक स्थलों के आसपास हमलों और डराने-धमकाने की घटनाओं को लेकर चिंता बढ़ रही है। समर्थकों का कहना है कि हिंदू मंदिर, यहूदी



प्रार्थना स्थल, मस्जिद और चर्च- सभी इस तरह की घटनाओं का सामना कर रहे हैं। 'हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन' ने कहा कि पूरे अमेरिका में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाने और उन्हें अपवित्र करने की घटनाओं में चिंताजनक बढ़ोतरी हुई है, जिससे श्रद्धालुओं में असुरक्षा की भावना पैदा हुई है।

ऐसे में इस कानून के तहत अगर कोई पहली बार दोषी पाया जाता है, तो उसे जुर्माना या एक साल तक की जेल हो सकती है। अगर वही व्यक्ति दोबारा ऐसा करता है, तो सजा और सख्त हो सकती है, जिसमें तीन साल तक की जेल भी शामिल है। यह बिल पीड़ितों को दीवानी (सिविल) मामले दर्ज करने का अधिकार भी देता है। इसके अलावा अमेरिका के अटॉर्नी जनरल समेत अधिकारी ऐसे मामलों में रोक लगाने और मुआवजा दिलाने के लिए कदम उठा सकते हैं। गौरतलब है कि इस बिल को कई संगठनों का समर्थन मिला है, जिनमें 'एंटी-डेफेमेशन लीग', 'अमेरिकन ज्यूइश कमेटी' और 'इस्लामिक सोसाइटी ऑफ नॉर्थ अमेरिका' शामिल हैं। एंटी-डिफेमेशन लीग के अनुसार, यहूदियों के खिलाफ नफरत की घटनाएं बढ़ रही हैं। साल 2024 में ऐसी 9,354 घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 1,702 घटनाएं यहूदी संस्थानों में हुईं।

## संक्षिप्त समाचार

### गोमिया में उपायुक्त का जनता दरबार आज

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए उपायुक्त अजय नाथ झा की पहल के तहत बुधवार को गोमिया प्रखंड के सियारी पंचायत अंतर्गत गोसे टोला-घुटकी गोयाटॉड में जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम पूर्वाह्न 10:30 बजे से शुरू होगा। जनता दरबार में उपायुक्त स्वयं ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे। कार्यक्रम में जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे, जिससे विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं, शिकायतों और सुझावों के साथ जनता दरबार में शामिल होकर इस पहल का लाभ उठाएं।

### सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार में नुक्कड़ नाटकों की भूमिका अहम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को सूचना भवन में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार ने नुक्कड़ नाटक दलों के नायकों के साथ बैठक की। बैठक में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार, योजनाओं की जानकारी आमजनों तक पहुंचाने तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक को



संबोधित करते हुए डीपीआरओ ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में सभी दल नायक विस्तार से जानकारी रखें, ताकि योजनाओं की सही और प्रभावी जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि नुक्कड़ नाटक दल समाज में जागरूकता फैलाने का सशक्त माध्यम हैं और योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका है। उन्होंने दल नायकों से कहा कि वे विभिन्न योजनाओं से संबंधित संदेशों को रचनात्मक और प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करें, ताकि आमजन योजनाओं से जुड़ें और उसका लाभ उठा सकें। बैठक में प्रचार-प्रसार गतिविधियों को और सशक्त बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक में विभिन्न नुक्कड़ नाटक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### संपत्ति विवाद में बेटे ने पिता पर किया जानलेवा हमला

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-12 थाना क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक बेटे ने ही अपने पिता पर जानलेवा हमला कर दिया। संपत्ति विवाद में रिश्तों की मयार्दा पूरी तरह टूटती नजर आई। जानकारी के मुताबिक, आरोपी बेटे सोनू कुमार सिंह ने बैसाखी को हथियार बनाकर अपने पिता मुकेश्वर सिंह के सिर



पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब पिता अपने गांव आरा से लौटकर घर पहुंचे थे। इससे पहले, आरोपी ने अपनी पत्नी और साले के साथ मिलकर अपनी ही मां के साथ भी बेरहमी से मारपीट की थी, जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा है कि विवाद फोरलेन किनारे की 3 डिसमिल जमीन को लेकर था, जिसमें से कुछ हिस्सा पिता ने अपनी बेटी के नाम कर दिया था। इसी बात से नाराज होकर बेटा लगातार अपने माता-पिता के साथ हिंसा कर रहा था। घटना के बाद खून से लथपथ पिता को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके सिर पर कई टांके लगे हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बेटे और उसके साले को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### तीन साल से लापता खालिक बाबू का नरकंकाल बरामद, डीएनए टेस्ट हेतु मां बाप का लिया गया ब्लड सैंपल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में एक और नरकंकाल बरामद हुआ है। इससे पूर्व पुष्पा कुमारी का नरकंकाल बरामद हुआ था। जिसकी आग अभी बुझी नहीं तब तक दूसरा नरकंकाल भर्रा क्रबिस्तान से पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने दावा किया है कि बरामद नरकंकाल तीन साल पूर्व से लापता खालिक बाबू अंसारी का है। जो बरमसिया थाना क्षेत्र के आरता गांव का रहने वाला था। दो नरकंकालों के बरामदगी के मामले में एक बात की समानता है। दोनों ही मामले में बोकारो पुलिस पर लापरवाही बरतने और पक्षपात करने का गंभीर आरोप लगा। मामला हाई कोर्ट गया। उच्च न्यायालय के फटकार के बाद पुलिस सक्रिय हुई और नरकंकाल बरामद कर लिया। आज पुलिस खालिक बाबू अंसारी के माता पिता को सदर अस्पताल ले गई और डीएनए टेस्ट के लिए बल्ड सैंपल लिया गया। इस बीच खलीक बाबू अंसारी के माता पिता ने आरोप लगाया कि पुलिस ने आरोपी का पक्ष लेकर उन्हें बहुत प्रताड़ित किया है। हाई कोर्ट के फटकार के बाद नरकंकाल बरामद कर लिया। आखिर पुलिस को कैसे पता चला कि बरामद नरकंकाल खालिक का ही है। ऐसे कई प्रश्न है जिनका जवाब पुलिस नहीं दे रही है।



# बोकारो से हवाई उड़ान सेवा को लेकर राजनीति ठीक नहीं : ढुलू महतो

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो हवाई अड्डे से उड़ान सेवा शुरू नहीं होने पर राजनीति तेज हो गई है। धनबाद के भाजपा सांसद के द्वारा धनबाद में एयरपोर्ट की शुरूआत की मांग करने को लेकर धरना दिया गया था। जिसके बाद बोकारो में भी सांसद के प्रति उबाल देखा जा रहा है। आरोप लगाया जाने लगा कि सांसद बोकारो के बजाय धनबाद से हवाई उड़ान के पक्ष में हैं। खासकर सोशल मीडिया पर सांसद के खिलाफ पोस्ट डाले जाने लगे। आज बोकारो सर्किट हाउस में सांसद ढुल्लू महतो ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ऐसे नेता और लोगों को जवाब दिया। उन्होंने कहा, कुछ नेता दोहरे चरित्र के हैं। यह स्पष्ट करना होगा कि उन्हें एयरपोर्ट चाहिए या दूंदीबाद हटिया, क्योंकि दोनों एक साथ नहीं हो सकता है । जनता को बरगलाने के लिए बयान बाजी करना कहीं से ठीक नहीं है। उन्होंने कहा, बोकारो से हवाई सेवा शुरू हो उसके समर्थक हम भी हैं। हम चाहते हैं कि मैं भी बोकारो से हवाई जहाज में बैठकर सफर करूं, लेकिन जो बाधा है




उसको दूर करने के लिए सभी को बैठना होगा। जहां भी अड़चन है उसे दूर करना होगा । सेल से जो क्लीयरेंस नहीं मिल पा रहा है उसके लिए बैठक होगी तो मैं इसके लिए प्रयास करूंगा। विकास में बाधक किसी को नहीं बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि सच्चे राजनीति करने वाले लोग अगर हुए हैं तो बैठक कीजिए मैं आने को तैयार हूं लेकिन गंदी राजनीति नहीं होनी चाहिए।

## चास-बोकारो के लाभार्थी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र के लिए अंचल कार्यालय का चक्कर काटने को विवश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास और बोकारो क्षेत्र के लाभार्थियों का ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) प्रमाण पत्र को लेकर आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नए अंचलाधिकारी द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद से बिना खतियान के ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है, जबकि पूर्व में डीड और लगान रसीद के आधार पर भी प्रमाण पत्र बनता रहा है। इस नई व्यवस्था के कारण कई पात्र लाभार्थी सरकारी योजनाओं, शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण तथा अन्य सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। सबसे अधिक असर छात्रों पर पड़ रहा है, जिनका समय पर एडमिशन नहीं हो पा रहा है। अभिभावकों का कहना है कि पहले जिन दस्तावेजों पर प्रमाण पत्र निर्गत होता था, अब उन्हीं दस्तावेजों को अस्वीकार किया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि प्रशासन की इस सख्ती से आम जनता अनावश्यक परेशान हो रही है। जिन परिवारों के पास जमीन है, लेकिन खतियान उपलब्ध नहीं है, वे अब कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की चिंता बढ़ गई है। लोगों का यह भी कहना है कि इस गंभीर मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों की चुप्पी समझ से परे है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को आगे आकर जनता की समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करना चाहिए। जरूरत इस बात की है कि प्रशासन स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करे, ताकि पात्र लोगों को समय पर ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र मिल सके और छात्रों का भविष्य प्रभावित न हो। जनता को राहत देने के लिए पूर्व की व्यवहारिक व्यवस्था पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।

## पुष्पा कुमारी हत्याकांड को लेकर झारखंड सरकार का सुप्रीम कोर्ट जाना सही नहीं : बबिता देवी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो का पुष्पा कुमारी चर्चित हत्याकांड अभी तक पूरी तरह नहीं सुलझ पाया है। मामला हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया। सुप्रीम कोर्ट ने भी उच्च न्यायालय, रांची द्वारा बोकारो पुलिस को दिए गए आदेश को पूरी तरह से नहीं नकारा है। पुलिसिया कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने भी संदेह जाहिर किया है। जिला परिषद की उपाध्यक्ष बबीता देवी ने कहा, पुलिस पुष्पा कुमारी हत्याकांड को सुलझाने के बजाय खुद को बचाने में जुटी है बोकारो पुलिस तो न्याय मिलेगा भी कैसे। यही कारण है कि मामला हाई कोर्ट में चल ही रहा था तो झारखंड सरकार को सुप्रीम कोर्ट जाने की क्या जरूरत पड़ गई। कारण सिर्फ इतना ही है कि मृतक पुष्पा कुमारी की मां रेखा देवी दिहाड़ी मजदूर है। वह गरीब सुप्रीम कोर्ट तक केस कैसे लड़ पाएगी। उन्होंने बताया, सुप्रीम कोर्ट ने



भी बोकारो पुलिस को कोई राहत नहीं दी है। हाई कोर्ट ने बोकारो पुलिस को 48 घंटे के अंदर डीएनए सैंपल कोलकाता से जांच कराने का आदेश दिया था। उसे बदल कर सुप्रीम कोर्ट ने सैंपल जांच कराने का समय एक सप्ताह कर दिया है। हाई कोर्ट के अन्य आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने सही ठहराया है। बबीता देवी ने कहा, सुप्रीम कोर्ट जाना ही बोकारो पुलिस की मंशा पर सवाल उठता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि हम सभी रेखा देवी के साथ हैं। उन्हें न्याय दिलाकर ही रहेंगे।

### जनता दरबार में सुनी गई आमजनों की समस्याएं

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निदेर्शानुसार मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें निदेशक डीआरडीबी राजीव रंजन ने जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना तथा उसके त्वरित निष्पादन का आश्वासन दिया गया। जनता दरबार में धनबाद, बरवाअड्डा, बैंकमोड, गांधीनगर, बलियापुर, चिरकुण्डा, झरिया, महुदा, कालूबथान, गोमो, टुंडी, गोविंदपुर सहित अन्य क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनी गईं। जनता दरबार में भूमि संबंधित विवाद, अवैध तरीके से जमीन पर कब्जा, रंगदारी मांगने, राशन कार्ड से नाम विलोपन, सरकारी आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने, आधार कार्ड बनाने, उज्ज्वला योजना, स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण, भू-धंसान सहित अन्य विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। निदेशक डीआरडीबी ने आमजनों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## जनता दरबार में 33 से अधिक मामलों की डीडीसी ने की सुनवाई, त्वरित निष्पादन की निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं (जनता दरबार) कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने आम जनता की समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 33 से अधिक आवेदकों की समस्याओं/शिकायतों पर गंभीरता से विचार किया गया। डीडीसी ने प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए शीघ्र जांच कर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



**विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों पर हुई सुनवाई**

जनता दरबार में सहकारिता विभाग,चास - चंदनकियारी अंचल, शिक्षा विभाग, राजस्व विवाद, सामाजिक सुरक्षा समेत विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। सभी मामलों पर क्रमवार सुनवाई करते हुए त्वरित समाधान की दिशा में पहल की गई।

**सभी प्रखंडों में भी आयोजित हुआ जनता दरबार**

निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में भी जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा स्थानीय स्तर पर प्राप्त आवेदनों की सुनवाई की गई। जिन मामलों का समाधान मौके पर संभव था, उनका तत्काल निष्पादन किया गया। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## रक्तदान शिविर व निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, 25 यूनिट रक्त संग्रह

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अजय सहयोग फाउंडेशन की ओर से आईएसएम गेट के समीप डीजीएमएस मैदान के हॉल में मंगलवार को आयोजित एक दिवसीय महा रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में मिनी सिद्धार्थ गौतम, समाजसेवी कुम्भनाथ सिंह, सर्वधर्म सामूहिक विवाह के अध्यक्ष प्रदीप सिंह उनकी धर्मपत्नी जया सिंह,श्वेता किन्नर शामिल हुए। रक्तदान शिविर का शुरूआत संयुक्त रूप से अतिथियों व अजय सहयोग फाउंडेशन के सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह एवं रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। एसजेएएस के ब्लड यूनिट टीम के सहयोग से रक्तदाताओं एवं संस्था के सदस्यों के रक्तदान से 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया । शिविर में डीजीएमएस के डिप्टी डायरेक्टर दीपक एवं उनकी धर्मपत्नी ने रक्तदान किया। डिप्टी डायरेक्टर दीपक ने कहा रक्तदान महादान है जरूरतमंदों के लिए लोगों को रक्तदान करने के संदर्भ में प्रेरित करने के लिए अजय सहयोग फाऊंडेशन की सराहना की। इस मौके पर प्रदीप सिंह ने कहा अजय सहयोग फाउंडेशन का रक्तदान जागरूकता के प्रति पहल एवं सामुदायिक सेवा की भावना उल्लेखनीय एवं प्रशंसनीय है। संस्था की अध्यक्ष नीतू तिवारी ने बताया कि अजय सहयोग फाऊंडेशन का उद्देश्य जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है यह फाउंडेशन न केवल रक्तदान, बल्कि अन्य सामाजिक कार्यो में सालों भर सक्रिय रहता है। रक्तदान वास्तव में एक महादान है, क्योंकि यह न केवल किसी मरणासन्न व्यक्ति को जीवनदान देता है, बल्कि यह एक निस्वार्थ मानवीय कार्य है। प्रयोगशाला में रक्त नहीं बन सकता, इसलिए मानव रक्त ही एकमात्र विकल्प है। रक्तदान से जरूरतमंद को जीवन मिलता है और दाता को हृदय रोग का कम जोखिम और मुफ्त स्वास्थ्य जांच जैसे फायदे भी मिलते हैं।




## लू एवं गर्म हवाओं से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग की अपील, सावधानी ही सुरक्षा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भीषण गर्मी एवं लू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आमजनों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। विभाग ने कहा है कि तेज धूप और गर्म हवाओं का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए सावधानियां अपनाकर हीट स्ट्रोक और लू से बचा जा सकता है। जारी अपील में कहा गया है कि गर्मी के मौसम में अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए तथा घर से बाहर निकलते समय शरीर को पूरी तरह ढ़ककर निकलना चाहिए। हल्के रंग के ढीले-ढाले सूती वस्त्र पहनने, धूप का चश्मा उपयोग करने, तौलिया या गमछा रखने तथा जूते-चप्पल पहनने की सलाह दी गई है।



**ओआरएस घोल के उपयोग पर विशेष जोर**

लू एवं गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी, उल्टी, तेज बुखार, कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना तथा हृदय एवं मस्तिष्क संबंधी जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे में ओआरएस घोल के उपयोग को अत्यंत प्रभावी बताया गया है। विभाग ने बताया कि एक लीटर स्वच्छ पानी में ओआरएस का पूरा पैकेट घोलकर थोड़े-थोड़े अंतराल पर प्रभावित व्यक्ति को देना चाहिए। तैयार घोल 24 घंटे के बाद उपयोग नहीं करना चाहिए। ओआरएस पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल, स्वास्थ्य उपकेन्द्र एवं सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है।

**घरेलू पेय एवं मौसमी फलों के सेवन की सलाह**

स्वास्थ्य विभाग ने नमक-चीनी का घोल, छाछ, नींबू पानी, लस्सी, आम का शर्बत जैसे पेय पदार्थों के साथ तरबूज, खरबूजा, खीरा एवं ककड़ी जैसे मौसमी फलों के नियमित सेवन की सलाह दी है, जिससे शरीर में पानी की कमी नहीं हो।

**लू लगने पर प्राथमिक उपचार जरूरी**

यदि किसी व्यक्ति को लू लग जाए तो उसे तुरंत छांव में लिटाएं, तंग कपड़े ढीले करें अथवा हटा दें, ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं। यदि एक घंटे तक स्थिति में सुधार नहीं हो तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाने को कहा गया है।

**104 हेल्पलाइन पर लें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी**

स्वास्थ्य विभाग ने आमजनों से किसी भी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी या शिकायत के लिए 24x7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाइन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर संपर्क करने की अपील की है। विभाग ने कहा है कि सावधानी और जागरूकता ही लू से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

# जांच पड़ताल करके योग्य बालिकाओं का आवासीय विद्यालयों में करें नामांकन : उपायुक्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आज निरसा, बलियापुर, टुंडी, गोविंदपुर, तोपचांची एवं झरिया में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तथा धनबाद, बाघमारा व पूर्वी टुंडी में स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में एडमिशन के लिए नामांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी विद्यालयों में अच्छे से जांच पड़ताल करके बालिकाओं का नामांकन सुनिश्चित करें। हर आवासीय विद्यालय में सभी कोटि के छात्र होने चाहिए। वहीं कुछ विद्यालयों में रिक्त स्थान को भरने के लिए उन्होंने पुनः प्रयास करके एक सप्ताह में रिक्त स्थान भरने का समय दिया। कहा कि नामांकन में आर्थिक रूप से कमजोर माता पिता के बच्चे छुटने नहीं चाहिए। उन्होंने माननीय जनप्रतिनिधियों से भी इसमें सहयोग करने का अनुरोध किया। छह कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की 453 रिक्ति के सामने 1138 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें 446 बालिकाओं को नामांकन के लिए चिह्नित किया गया है। जबकि तीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों की 162 रिक्ति के लिए 158 छात्रों की अनुशंसा प्रखंड स्तरीय कमेटी द्वारा की गई है। उपायुक्त ने कहा कि नामांकन के लिए अनुशंसा पर आए आवेदनों में पारदर्शिता रखने के लिए आवासीय विद्यालयों के वार्डन वैसे आवेदन में बालिका के मता-पिता का पेशा, पूरा पता व मोबाइल नंबर प्रशासन को उपलब्ध कराएंगे। जिसकी जांच जिला स्तर से कराई जाएगी। तत्पश्चात उनका नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने वार्डन को आवासीय विद्यालय का अच्छे से संचालन करने एवं कोई कमी नहीं रखने का भी निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, माननीय विधायक निरसा अरूप चटर्जी, विधायक सिंदरी चंद्रदेव महतो, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, डॉ मीतू सिन्हा, सांसद धनबाद के प्रतिनिधि अजय सिन्हा, विधायक झरिया के प्रतिनिधि उमेश यादव, विधायक बाघमारा के प्रतिनिधि निरंजन पांडेय, विधायक धनबाद के प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिन्हा, विधायक टुंडी के प्रतिनिधि श्री जगदीश कुमार चौधरी, माननीय सांसद गिरिडीह के प्रतिनिधि सुभाष रवानी तथा सभी आवासीय विद्यालय के वार्डन मौजूद थे।



### सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल कोल केमिकल्स विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता प्रसारित करने के उद्देश्य से एक विशाल 'मानव श्रृंखला' का आयोजन किया गया. इस व्यापक अभियान का सफल संचालन मुख्य महाप्रबंधक (कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स) भास्कर प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ. कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने और एक सुरक्षित कार्य-संस्कृति विकसित करने का संकल्प लिया. इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक धनंजय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक बिपिन कृष्ण सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक नागराजन श्रीकांत, महाप्रबंधक विकास गुप्ता तथा महाप्रबंधक (आरएम एवं एमएचपी) बलराम कटारिया विशेष रूप से उपस्थित थे.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com